रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 77,341.08 +131.18

डॉलर 83.467 -0.096

रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,090
01 किलो 96,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | रांची मंगलवार, 25 जून 2024, वर्ष-25, अंक- 143, पृष्ठ-12 | ₹ 3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-12 अपनी मां की तरह बांसुरी स्वराज...






## राज्यसभा में सदन के नेता बनाए गए भाजपा अध्यक्ष नड्डा



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाया गया है। इससे पहले यह पद पीयूष गोयल के पास था, लेकिन लोकसभा का सदस्य बनने के बाद उन्हें राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना पड़ा है। अब इस पद की जिम्मेदारी जेपी नड्डा को सौंपी गई है। जेपी नड्डा नरेंद्र मोदी 3.0 केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल हो चुके हैं। नड्डा को केंद्रीय मंत्री के साथ राज्यसभा में सदन का नेता बनाए जाने से सभी खुश हैं।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## देश चलाने के लिए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे : प्रधानमंत्री मोदी

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे, पीएम ने कहा- यह भारतीय लोकतंत्र पर सबसे काला धब्बा

# सरकार बहुमत से चलती है, देश सर्वसम्मति से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश के लोगों की सेवा के लिए संविधान के दायरे में रहते हुए आम सहमति से आगे बढ़ने के सभी प्रयास किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने सोमवार से शुरू हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत से पहले संसद के बाहर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन संसदीय लोकतंत्र के लिए गौरवपूर्ण और गौरवशाली है, क्योंकि आजादी के बाद पहली बार शपथ ग्रहण समारोह नई संसद में होगा। प्रधानमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार सरकार चुनने के लिए नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सरकार की नीयत, नीतियों और लोगों के प्रति समर्पण पर मुहर लगाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने एक परंपरा स्थापित करने का प्रयास किया है क्योंकि हमारा मानना है कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है, लेकिन देश चलाने के लिए सर्वसम्मति बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि 140 करोड़ नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सर्वसम्मति और सभी को साथ लेकर मां भारती की सेवा की जाए।

प्रधानमंत्री ने इस संसद के गठन को भारत के सामान्य मानवी के संकल्पों को पूरा करने का माध्यम बताते हुए कहा कि यह नए उत्साह के साथ नई गति और ऊंचाई हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार करने के लिए आज से 18वीं लोकसभा शुरू हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद यह केवल दूसरी बार है जब देश ने किसी सरकार को तीसरी बार सेवा करने के लिए अपना जनादेश दिया है। उन्होंने कहा, यह अवसर 60 वर्षों के बाद आया है जो इसे अपने आप में गौरवपूर्ण है।



### संविधान को पूरी तरह से नकार पूरे देश को जेल बना दिया गया था

*प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए देश को आपातकाल की याद दिलाते हुए कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर एक काला धब्बा है। उन्होंने कहा कि भारत की नई पीढ़ी उस दिन को कभी नहीं भूलेगी, जब लोकतंत्र को कुचलकर भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था और देश को जेल खाने में बदल दिया गया था। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया ताकि ऐसी स्थिति फिर कभी न आए। प्रधानमंत्री ने कहा, हम एक जीवंत लोकतंत्र का संकल्प लेंगे और भारत के संविधान के अनुसार आम लोगों के सपनों को पूरा करेंगे।*

### जीएसटी के 7 साल

## घरेलू सामान हुए सस्ते : पीएम



**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को देशभर में लागू हुए 7 साल हो गए हैं। 1 जुलाई 2017 को मोदी 1.0 सरकार द्वारा इसे लागू किया गया था। इस जीएसटी में 17 स्थानीय कर और शुल्क समाहित किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन सात सालों में आम लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उत्पादों और सेवाओं पर टैक्स में आई कमी के बारे में एक्स पर लिखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम आदमी को जीएसटी से हुए लाभ के बारे में जानकारी दी है।

पीएम मोदी ने लिखा कि जीएसटी के जरिए सुधार हमारे लिए 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को बेहतर बनाने का एक साधन है। जीएसटी लागू होने के बाद घरेलू उपयोग का सामान काफी सस्ता हुआ। इससे गरीबों और आम आदमी को काफी बचत हुई। हम लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए आगे भी इन सुधारों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने इसके साथ जो डाटा लगाया है, उसके अनुसार केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के आंकड़ों की मानें तो जीएसटी लागू होने के बाद आटा, सौंदर्य प्रसाधन, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर आदि सहित अधिकांश घरेलू सामान सस्ते हो गए हैं।

शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री मोदी सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ

18वीं लोकसभा के पहले सत्र की पहली बैठक में सोमवार को प्रधानमंत्री सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता में सदन ने शुरूआत में राष्ट्रगान के बाद मौन रखा। शेष पेज 11 पर

## लातेहार में टीएसपीसी संगठन के सात उग्रवादी हुए गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुत कमेटी (टीएसपीसी) के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में दीपक उरांव, इस्लाम अंसारी, रूपेश कुमार, सुजीत कुमार, रितेश कुमार रवि, संजय भुइयां (सभी लातेहार) और पलामू के पांकी थाना क्षेत्र निवासी अजय सिंह शामिल हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से दो देसी बंदूक और पर्चा के अलावे अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि शेष पेज 11 पर

### अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान पर कार्यशाला में बोले सीएम

# वनपट्टा आवेदन रद्द करने वालों पर होगी कार्रवाई

ब्यूरो रिपोर्ट

**रांची ।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम वर्ष 2006 में लागू हुआ है। इस अधिनियम के लागू हुए 18 साल हो चुके हैं फिर भी हमसभी लोग वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को वन भूमि का अधिकार उन्हें अभी तक देने में काफी पीछे हैं। झारखंड के विभिन्न कार्यालयों में वनपट्टा के हजारों आवेदन रद्द कर दिए गए हैं। यह आवेदन क्यों रद्द हुए हैं, इसका जवाब जनता को देना पड़ेगा। जो अधिकारी वनपट्टा हेतु प्राप्त आवेदनों को जानबूझकर रद्द करने का प्रयास करेंगे उन पर राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वन भूमि पर जिनका जितना अधिकार है उन्हें सम्मान पूर्वक उपलब्ध कराएंगे। हमसभी लोग इस कार्यशाला में 2 डिसमिल और 3 डिसमिल भूमि का वनपट्टा आवेदकों को देने हेतु चर्चा करने के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं, बल्कि वनवासियों को उन्हें उनका पूरा अधिकार देने के संकल्प के लिए एकत्रित हुए हैं।



मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के सभागार में अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड के वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी-मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय के लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें उनका हक-अधिकार प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

शेष पेज 11 पर

### पांच सितंबर तक हर हाल में 26 हजार सहायक आचार्य के पदों पर करें बहाली

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अध्ययन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी 15 अगस्त तक इंटरमीडिएट स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 11 हजार पदों पर नियुक्ति तथा स्नातक स्तरीय प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 15 हजार पदों की बहाली आगामी 5 सितम्बर तक हर हाल में हो यह सुनिश्चित करें। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

## भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए झारखंड में पायलट परियोजना शुरू

**रांची/नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने झारखंड में भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए भारत की पहली पायलट परियोजना का शुभारंभ कर दिया। सोमवार (24 जून) को कोयला मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। कोयला मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य कोयला गैसीकरण के उपयोग के माध्यम से इसे औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए मीथेन, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी मूल्यवान गैसों में परिवर्तित करना है। कोयला मंत्रालय के रणनीतिक निर्देशन के अतर्गत ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने झारखंड के जामताड़ा जिले के शेष पेज 11 पर

### आज कल




### इंडिया



सुनिल बादल

*1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना। इसके बावजूद खालिस्तान अलग देश की मांग बढ़ती गई।*

# वीर भूमि को फिर अलगाववाद से लाल करने की तैयारी

अमृतसर का पवित्र स्वर्ण मंदिर हो या दुर्गायना मंदिर मुख्य दरवाजे के अंदर देश से अलग दीवारों पर चंदा देने वालों के बजाय शहीदों की नाम पट्टिकाएं लगी हैं जिन्हें देखकर पंजाब के बलिदान और देशभक्ति पर गौरव की अनुभूति होती है पर इसी धरती और मंदिर से भारत विरोधी स्वर उठते हैं या योगाभ्यास तक विरोध होता है तो नब्बे के दशक की वे घटनाएं याद आ जाती हैं जब सिगरेट पीने के विरोध से शुरू हुआ आंदोलन निर्दोष बस यात्रियों की नृशंस हत्या की श्रृंखला में बदल गया था जिसे तत्कालीन दृढ़ निश्चयी पीएम इंदिरा गांधी ने सख्ती से दबा दिया था ।


खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश। इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही 'पंजाबी सूबा आंदोलन' शुरू हुआ। 1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना। इसके बावजूद खालिस्तान अलग देश की मांग बढ़ती गई । इसके नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' में मार गिराया गया और 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या, 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट में ब्लास्ट, 1995 में तत्कालीन सीएम बेअंत सिंह की हत्या के बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे । भारत एक लंबे समय तक खालिस्तानी आतंक से मुक्त रहा, लेकिन हाल के वर्षों में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है।विदेशी शक्तियों के सहयोग से बब्बर खालसा, सिख फॉर जस्टिस, वारिस पंजाब दे जैसे संगठन फिर से सिर उठाते दिख रहे हैं।विदेश से सिख फॉर जस्टिस का स्वघोषित सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू बैठकर पंजाब और हरियाणा में आतंकी साजिश रचता रहता है । पटियाला में खालिस्तान विरोधी मार्च पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा हमले के केंद्र में भी पन्नू ही रहा है। एक बार उसने भारतीय युवाओं को खालिस्तान का समर्थन करने और झंडा उठाने के एवज में आईफोन देने का वादा किया था ।तीन कृषि कानूनों के विरोध में हुए किसान आंदोलन को भी सपोर्ट करने के आरोप लगे थे।सिंघु बॉर्डर पर आंदोलनकारी कथित तौर पर खालिस्तानी कट्टरपंथी जनरैल सिंह भिंडरावाले के फोटो लहराते दिखे थे और खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी भी हुई थी। एक बुक स्टॉल से ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाला और उनके साथियों का महिमामंडन करने वाली किताब शहीद-ए-खालिस्तान भी बांटी गई थीं । बाद में लाल किले पर खालिस्तानी झंडा फहराए जाने के भी आरोप लगे, हालांकि वो झंडा सिखों का एक धार्मिक झंडा था।हिमाचल विधानसभा के बाहर खालिस्तानी झंडे बंधे नजर आए थे। धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन के बाउंड्री वॉल पर खालिस्तान समर्थक नारे भी लिखे गए थे ।मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि घटनास्थल से ही वीडियो बनाकर पन्नू को शेयर किए गए थे। एसआईटी ने 247 लोगों के एक मॉड्यूल का पता लगाया था, जिसमें 15 तो विदेशी थे, जबकि 188 देश के भीतर के ही थे।पंजाब के पटियाला में खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने खालिस्तान स्थापना दिवस मनाने का ऐलान किया था, जिसके बाद स्थानीय हिंदू संगठन ने खालिस्तानी मुर्दाबाद मार्च निकालने का ऐलान किया था। मार्च निकालने के बाद खालिस्तान समर्थकों ने विरोध किया और दोनों समुदायों के बीच तनाव ऐसा बढ़ा कि पत्थरबाजी और बवाल में तब्दील हो गया था।पंजाब के अजनाला में 23 फरवरी को खालिस्तानी समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे ने खूब बवाल मचाया।खालिस्तान समर्थक संगठनों और आतंकियों की मौजूदगी कनाडा से लेकर दुबई, पाकिस्तान, यूके और ऑस्ट्रेलिया तक रही है। विदेशों में कई हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं, जिनके तार खालिस्तान समर्थकों से जुड़े थे। स्वामीनारायण मंदिर पर हमला, विक्टोरिया के श्रीशिवा विष्णु मंदिर में तोड़फोड़, मेलबर्न के इस्कॉन टेंपल में तोड़फोड़, महाशिवरात्रि पर क्वीन्सलैंड के गायत्री मंदिर में कॉल पर धमकी देकर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने को कहा गया था। ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।सभी में सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया गया है जिससे भारत में नफरत फैले और ब्रांड भारत बदनाम हो ।



## प्रथम तल पर जुलाई अंत में बन जाएगा राम दरबार

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का काम जोरों से चल रहा है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के प्रथम तल के बाद दूसरे तल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को मंदिर निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल का निर्माण 90 फीसदी पूरा हो चुका है। जुलाई के आखिर तक प्रथम तल पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद राम दरबार की स्थापना की जाएगी। मालूम हो कि प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जानी है। राम दरबार में लगने वाली मूर्तियां संगमरमर की होंगी। इसके लिए राजस्थान के चार मूर्तिकारों से इसके लिए बात हुई है। ट्रस्ट की ओर से टेंडर भी जारी हो



चुका है। इस प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाएगा। बता दें कि 2.7 एकड़ में फैले राम मंदिर का निर्माण गुलाबी बलुआ पत्थर से किया गया है। मंदिर एक बड़े प्रांगण से घिरा हुआ है और इसमें अन्य हिंदू देवताओं को समर्पित कई छोटे मंदिर हैं। मंदिर की सबसे खास विशेषता विशाल शालिग्राम पत्थर है, माना जाता है कि यह काला पत्थर भगवान राम का प्रतिनिधित्व करता है और इसे नेपाल में गंडक नदी से लाया गया था। अयोध्या में 161 फीट ऊंचे राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### सहायक अध्यापक दिवंगत महावीर राम को छात्र-छात्राओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**लापुंग।** राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया के सहायक अध्यापक दिवंगत महावीर राम को छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं ने अपने प्रिय शिक्षक महावीर राम को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं के आंखें भर आईं। उत्तम कुमार मंडल ने छात्र-छात्राओं को महावीर राम की उपलब्धियों की जानकारी दी। बाद में महावीर राम के घर जाकर आश्रित धर्मपत्नी सीमा देवी, पुत्र तन्मय बेटी नायरा सहित पूरे परिवार को बीपीओ लीलावती तिर्की के नेतृत्व में शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर ढांढस बंधाया और प्राथमिक रूप से आर्थिक मदद किया।

### दहेज हत्या मामले में पति और सास गिरफ्तार

**रांची।** सिल्ली थाना पुलिस ने दहेज हत्या मामले में आरोपी पति भानू प्रताप सिंह मुंडा और सास पार्वती मुंडा को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि 22 जून को थाने में पूजा रानी देवी की हत्या को लेकर सिल्ली थाने में उसकी मां लक्ष्मी देवी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि उनके सास और रिश्तेदार द्वारा उनकी बेटी मारपीट कर हत्या कर दी गई है। मामले में अनुसंधान के क्रम में पति और सास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सिल्ली थाने की पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर के साथ एक आरोपी सुनील लोहरा को गिरफ्तार किया है। वह तमाड़ थाना क्षेत्र के नुरुडीह गांव का रहने वाला है। इसके पास से लाल रंग का चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया गया है। डीएसपी रणवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली की सिल्ली थाना क्षेत्र के पतराहातू गांव से एक ट्रैक्टर की चोरी हो गई है। सूचना के बाद थाना प्रभारी सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनाहातू थाने के सहयोग से आरोपी को ट्रैक्टर के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपने मित्र लाल सिंह मुंडा और बुरू मुंडा के साथ मिलकर ट्रैक्टर की चोरी करने की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

### दहेज हत्या मामले में पति और सास गिरफ्तार

**रांची।** सिल्ली थाना पुलिस ने दहेज हत्या मामले में आरोपी पति भानू प्रताप सिंह मुंडा और सास पार्वती मुंडा को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। डीएसपी रणवीर सिंह ने बताया कि 22 जून को थाने में पूजा रानी देवी की हत्या को लेकर सिल्ली थाने में उसकी मां लक्ष्मी देवी ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

### पुनरीक्षण के लिए 25 से 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे का काम चलेगा : मोनी कुमारी


**बेड़ो।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी की अध्यक्षता में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समय सीमा पर पूर्ण किए जाने को लेकर बैठक की गई। बैठक में निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रपत्र 6, 7 और 8 को सभी बीएलओ को अपने बूथ क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रपत्र को भरना है, ताकि कोई योग्य मतदाता नहीं छूटे। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए 25 जून से 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे का काम चलेगा। इस दौरान सभी बीएलओ हर घर में जाएंगे और मतदाताओं का पूरा ब्योरा लेंगे। साथ ही पर्यवेक्षक द्वारा स्टिकर चिपकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इस दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मिले निर्देश के आलोक में एसएसआर 2024 के तहत मतदाता सूची का शत प्रतिशत सत्यापन करने का निर्देश दिया।

## हाल चटवल मोड़ से मसमानो तक बन रही सड़क का

# सड़क निर्माण में बिना डोजरिंग किए मिट्टी के ऊपर सीमेंट ढाल दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/चान्हो**

चटवल मोड़ से मसमानो तक बन रही सड़क पर मिट्टी डाल कर सीमेंट से ढाल दिया गया है। इधर, मिट्टी पर बिना डोजरिंग किए ही सीमेंट ढाले जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। वहीं, एक किलोमीटर की इस सड़क पर कुल तीन पुलों में दो पुल का नर्माण हो चुका है। तीसरे पुल को लेकर आपत्ति जताई गई है। वहीं, ठेकेदार ने तीसरे पुल में 12 एमएम के सरिया की जगह पर 10 एमएम का सरिया लगा दिया है। आरयू विभाग द्वारा लाखों की लागत से बन रही इस सड़क का शिलान्यास स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कुछ माह पूर्व ही की थी। वहां पर शिलान्यास का बोर्ड भी लगाया गया है। जियो टैग के माध्यम से लिये गए फोटो में साफ देखा जा सकता है कि पुल निर्माण



पर 10 एमएम का सरिया उपयोग में लाया जा रहा है। वहीं, बारिश के बाद गिली मिट्टी पर ही बालू डाल दिया गया है। ऐसे में तेज बारिश होते ही पूरी सड़क टूट कर बिखर जाएगी। इसे लेकर विभाग के अधिकारी से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने अपने को एसडीओ बताया। उन्होंने अपना नाम नहीं बताया और फोन काट दिया। बता दें कि वहां पर पहली बार सड़क और पुल का निर्माण हो रहा है, लेकिन घटिया निर्माण कार्य होता देख ग्रामीण काफी नाखुश हैं।

### विभाग का कहना है कि निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है

मेरी जानकारी में अभी तक वहां पर सड़क को लेकर कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। क्योंकि, निर्माण कार्य से पहले निरीक्षण के लिए मैं जाता हूं। इसके बाद निर्माण कार्य के दौरान भी मैं जाता हूं और निर्माण कार्य पूरा हो जाता है, तब भी मैं जांच के लिए जाता हूं। हालांकि, वहां पर सड़क का निर्माण होना है, इस वजह से दस दिनों पहले निरीक्षण करने गया था। संभवतः एक से दो दिनों में सड़क निर्माण के लिए पत्थर बिछाने का काम शुरू होगा और इसके एक सप्ताह के बाद पीसीसी का कार्य शुरू किया जाएगा।

**सनोथ सोरेन, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, रांची।**

### सिल्ली पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला समेत एक पुरुष को किया गिरफ्तार

**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने हजाम गांव निवासी लक्ष्मी देवी उम्र 55 वर्ष पति गौरी प्रसाद सिंह मुंडा के लिखित आवेदन के आधार पर भानु प्रताप सिंह मुंडा, उम्र 25 वर्ष, पिता स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा और पार्वती देवी, उम्र 58 वर्ष, पति स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण सिंह मुंडा, बसंतपुर ठाकुर टोला निवासी को सोमवार के दिन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। लक्ष्मी देवी ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि उसकी बेटी पूजा रानी देवी, उम्र 23 वर्ष को शनिवार के दिन उसकी सास एवं रिश्तेदार के द्वारा मारपीट कर हत्या कर दिया गया है। इसके आलोक में सिल्ली पुलिस ने कांड संख्या 50/ 2024 धारा 304 (बी)/ 34 भादवि के तहत दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी मोहित कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार मोदी, आरक्षी दीपक टोप्पो एवं मुकेश रजवाड़ शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### पिस्टल दिखाकर सोने की तीन अंगूठी ले भागे बदमाश

**गिरिडीह।** पिस्टल का भय दिखाकर जेवर कारोबारी सुरेंद्र भदानी से अपराधियों ने सोमवार को हाथ में पहने करीब एक लाख की तीन अंगूठी छीन कर फरार हो गए। इसकी कीमत डेढ़ लाख बतायी जा रही है। इस घटना की जानकारी जबतक नगर थाना पुलिस को मिलती तब-तक तीनों अपराधी वहां से फरार हो गए थे। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। बताया जाता है कि न्यू मोती ज्वेलर्स के मालिक सुरेंद्र ( 75 ) भदानी बैंक से पैसे जमाकर भाबनटोली घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्टेशन रोड दो अपराधी एक ही बाइक से जेवर कारोबारी को ओवरटेक कर रोका। इसी दौरान स्टेशन रोड से बाभनटोली जाने के क्रम में दो अपराधियों एक ही बाइक से उन्हें ओवरटेक कर रोका और उनसे हेलमेट नहीं पहनने का कारण पूछा और ये भी कहा कि वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है। इसके बाद दोनों अपराधियों ने जेवर कारोबारी को अंटा बंगला मैदान के समीप ले गए और पिस्टल सटाकर हाथ से उनते तीनों अंगूठी खोलवा लिए।

### ओरा लेजर एंड कॉस्मेटिक की नई शाखा का हुआ उद्घाटन




**रांची।** ओरा लेजर एंड कॉस्मेटिक की नई शाखा का भव्य उद्घाटन सोमवार को अशोक नगर रांची में किया गया। अपनी अत्याधुनिक तकनीक और असाधारण रोगी देखभाल के लिए प्रसिद्ध, ओरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक अशोक नगर रांची के केंद्र में अपनी प्रसिद्ध सेवाएं लाने के लिए तैयार है, जो रांची एवं झारखंड निवासियों को अद्वितीय त्वचा देखभाल का समाधान प्रदान करेगा।

एक दशक से अधिक के अनुभव वाले प्रतिष्ठित त्वचा विशेषज्ञ डॉ आदित्य शाह के विशेष नेतृत्व में क्लिनिक उत्कृष्टता का वही स्तर लाने का वादा करता है। डॉ आदित्य शाह ने कहा, हम रांची में ओरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक लाने और निवासियों को अपनी अत्याधुनिक सेवाए प्रदान करने के लिए अति उत्साहित है। डॉ अकिता आनंद के कुशल नेतृत्व में रांची ओरा लेजर एवं कॉस्मेटिक विलनिक में रोगियों का उपचार किया जाएगा। डॉ धीरज जायसवाल, जो ओरा लेजर एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक रांची शाखा के प्रबंध निदेशक हैं, ने जानकारी दी कि क्लिनिक में उपयोग होने वाले सभी उपकरण बीगल लेजर ने उपलब्ध कराए हैं। डॉ जायसवाल, जो खुद बीगल कंपनी के कं ट्री हेड हैं, ने बताया कि अब रांची एवं झारखंड के चिकित्सक 'बीगल लेजर के उपकरण को आसानी से रांची से ही खरीद सकते हैं, हमारी कंपनी मेडिकल डर्मा एस्थेटिक, जो कि बीगल लेजर का ऑथराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर है, अब झारखंड में सभी स्किन चिकित्सक को आसान किस्तों पर उपकरण उपलब्ध कराएगी।

### कोर्ट की सुरक्षा खामियों को तुरंत दूर करें : डीजीपी

**रांची।** डीजीपी ने सोमवार को समीक्षा बैठक करते हुए कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होने वाली खामियों को दूर करने का आदेश दिया है। झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। मॉनीटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया। समीक्षा के क्रम में डीजीपी झारखंड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पाए गए त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया।

### झारखंड पुलिस में शामिल किए गए सात नए श्वान

**रांची।** झारखंड पुलिस में श्वान दस्ते को मजबूत करने के लिए एक साथ सात नए प्रशिक्षित श्वान को भर्ती किया गया है। सभी सात श्वान उच्च कोटि के लैब्राडोर नस्ल के हैं। इसे (रिमाउंट वेटेरिने कोर्प्स) सेंटर एंड कॉलेज मेरठ कैंट के माध्यम से खरीद कर अंतिम रूप दिया गया है। बता दें कि श्वानों को उनकी सूंघने की शक्ति के कारण नशीले पदार्थ, विस्फोटक आदि को खोजने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें नाक के म्यूकोसा में 225 मिलियन रिसेप्टर कोशिकाएं होती हैं, जो श्वानों की सूंघने की क्षमता को इंसानों से 40-45 गुना बेहतर बनाती हैं। श्वानों में सूंघने की क्षमता के अलावा, सुनने की क्षमता (इंसानों से 4 गुना बेहतर), दृष्टि (चलती वस्तुओं को हमसे बेहतर तरीके से पहचान सकती है) और छठी इंद्री (कम आवृत्ति चेतावनी कंपन का पता लगा सकती है) जो श्वानों को प्रशिक्षण के लिए महत्वपूर्ण बनाती है।

### सभी एजेंसियां प्रत्येक माह बिल जमा करें, तभी दस दिनों में होगा क्लीयर : रिम्स निदेशक

**रांची।** रिम्स की अव्यवस्था को दूर करने के लिए रिम्स के निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने रिम्स अंतर्गत विभिन्न सेवा प्रदान कर रहीं एजेंसी, कांट्रैक्टर व आपूर्तिकर्ताओं के विपत्रों के भुगतान के लिए आदेश पारित किया है। इसमें सभी सेवा प्रदाताओं को मासिक आधार पर बिल जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि कई सेवा प्रदाता/आपूर्तिकर्ता तीन-चार महीने/तीन-चार आपूर्ति का बिल एक साथ सम्मिलित कर भुगतान के लिए जमा करते हैं। इस वजह से कई बार इन बिलों में भारी अनियमितताएं पाई जाती हैं, जिसकी जांच में समय लगता है और इसका खामयाजा कहीं न कहीं रिम्स के मरीजों पर पड़ता है। इसलिए इन अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए निदेशक ने सभी एजेंसी, कांट्रैक्टर व आपूर्तिकर्ताओं को अगले महीने एक सप्ताह के अंतराल में बिल जमा करने के निर्देश दिए हैं। प्रबंधन ने साफ किया है कि लंबी अवधि का बिल या विलंब से जमा बिल के भुगतान में देर होने की स्थिति में जवादेही संबंधित एजेंसी की होगी। इसके साथ ही रिम्स के संबंधित कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि बिल प्राप्त होने के एक सप्ताह से 10 दिन के अंदर बिल की जांच एवं सत्यापन करते हुए भुगतान के लिए संचिका प्रस्तुत करेंगे।

### ट्रैक्टर चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत शनिवार के दिन रात्रि में पतराहातू गांव से एक ट्रैक्टर की चोरी हो गई थी। चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार एवं मुरी ओपी थाना प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनाहातू थाना के मदद से ट्रैक्टर चोर सुनील लोहरा, उम्र 24 वर्ष पिता स्वर्गीय गुरुवा लोहरा ग्राम नूरुडीह थाना तमाड़ जिला रांची को चोरी का ट्रैक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 सीसी 8314 लेकर भागने के दौरान ही पकड़ लिया गया। पूछताछ के क्रम में उसने बताया कि अपने मित्र लाल सिंह मुंडा एवं बुरु मुंडा के सहयोग से पतराहातू गांव के अश्विनी कुमार साहू के घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर को धकेल कर हम लोग रोड पर लाए और स्टार्ट कर लेकर चले गए। बताते चलें कि पूछताछ के क्रम में यह भी स्वीकार किया कि पूर्व में भी 13 जून को धीरेंद्र नाथ महतो पिता प्रेम जी महतो मारदू निवासी का भी ट्रैक्टर सुलुमजुड़ी गांव से इन्हीं लोगों के द्वारा चोरी किया गया था जिस पर मुरी ओपी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। छापामारी टीम में सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार, आरक्षी दीपक टोप्पो, मुकेश रजवाड़ शामिल रहे।

# एफजेसीसीआई के सदस्यों ने की रिलायंस जियो के अधिकारियों संग वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफजेसीसीआई) की टेलीकम्युनिकेशन उप समिति की पहल पर चैंबर भवन में सोमवार को रिलायंस जियो के अधिकारियों संग बैठक हुई। उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सर्विस मुहैया हो, इसके लिए उप समिति चेयरमैन अनिश सिंह ने उपभोक्ताओं की ओर से प्राप्त सुझावों को रखा। कई क्षेत्रों में पोल पर लटके हुए तार को सुव्यवस्थित करने की बात भी कही गई, जिसपर त्वरित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया गया।

6 जुलाई को चैंबर द्वारा आहूत स्टार्टअप कॉन्कलेव में जियो की सहभागिता के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के आग्रह पर अधिकारियों ने विचार के लिए आश्वस्त किया। अधिकारियों ने जियो सर्विसेस की जानकारी देते हुए जियो एयरफाइबर सर्विस से अवगत



कराया। यह जानकारी दी कि यह उनलोगों के लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है, जिनके क्षेत्र में जियो की फाइबर सर्विस मौजूद नहीं है। यह भी कहा कि झारखंड में 19 जियो सेंटर्स कार्यरत हैं, जिनके अंडर में 215 जियो प्वाइंट कस्टमर सर्विस मुहैया करा रहे हैं। उपभोक्ता 18008969999 वर्चुअल टोलफ्री नंबर पर अपनी किसी भी शिकायत को दर्ज करा सकते हैं। चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने चैंबर के साथ जियो की सहभागिता पर बल दिया, जिसपर कहा गया कि अफोर्डेबल प्राइस पर कैसे रूरल क्षेत्रों में जियो की सर्विसेज पहुंचे, इसपर मिलकर कार्य किया जाएगा। चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने हाल के दिनों में कॉल ड्रॉप की बढ़ती समस्या के साथ ही स्लो इंटरनेट की समस्या से अवगत कराया। यह भी कहा कि कई बार दो से तीन बार फोन लगाने पर उपभोक्ता से बात हो पाती है। बैठक में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, आनंद जालान, रमेश साहू, किशन अग्रवाल, सुनिल अग्रवाल, विजय महतो, परमजीत सिंह चाना, भानु कुमार उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि कांके में मम्मा डे के रूप में मनाया मातेश्वरी जगदम्बा का 55 वां स्मृति दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कांके पिठोरिया में सोमवार को मातेश्वरी जगदम्बा जी की पुण्य स्मृति दिवस 'मम्मा डे' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मम्मा जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर संस्था कि संचालिका ब्रह्माकुमारी राजमती बहन ने कहा कि मम्मा ज्ञान, स्नेह और शांति की मूर्ति थीं। उनके सामने कितना भी क्रोधी मनुष्य जाता था, वह शांत और शीतल हो जाता था। यही कारण है कि उन्हें मातेश्वरी जगदम्बा कहा जाता है। उनका व्यवहार अपने आप में एक उच्च आदर्श बना। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके आदर्श को अपना कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर रेखा वर्मा, बीके ज्योति, बीके प्रकाश, बीके पूनम, मुन्नी देवी, पुनीता देवी, किरण शर्मा, रीता देवी, बसंती देवी, प्रमिला देवी, लीला देवी, उर्मिला देवी, इंद्रजग भाई, दुबे भाई, अरजू भाई, सोमी बहन, रोहित भाई, अनस कुमार, सोनी कुमारी, कोमल कुमारी, मिरो कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### श्रमदान से की गयी सड़क की मरम्मती

**चान्हो।** प्रखंड के तरंगा पंचायत अन्तर्गत नेवारटोली और नावाटोली को जोड़ने वाली दो किलोमीटर सड़क को ग्रामीणों ने सोमवार को श्रमदान कर चलने लायक बनाया। सड़क इतनी जर्जर है कि लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। सड़क मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों से लगातार गुहार लगाई लेकिन किसी ने नहीं सुनी। अंततः ग्रामीणों ने सोमवार को समाजसेवी रामब्रित महतो नेतृत्व में सड़क को मरम्मत करने का बीड़ा उठाया और ग्रामीमों ने श्रमदान कर सड़क पर चलने लायक बनाया। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का पैमाना सड़क को माना जाता है। राज्य से लेकर केंद्र सरकार आधारभूत संरचना सड़क निर्माण के लिए प्रति वर्ष अरबों रुपए खर्च कर रही है। वहीं कई विभागों में विकास की राशि खर्च नहीं होने के कारण सरेंडर हो जाती है। परंतु आज भी कई ऐसे गांव है, जिसमें छोटी-छोटी सड़कें लोगों की परेशानी का सबब बनी है।

### धमधमिया में डेढ़ सौ आम के पौधों का हुआ निःशुल्क वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

डा. अंबेडकर विचार मंच एवं बाबू देवेन्द्र सिंह सेवा संस्थान के तत्वाधान में ह्यपौधा लगाओ, जीवन बचाओ अभियान के तहत सोमवार को बिरसानगर धमधमिया में फलदार पेड़ के पौधों का वितरण किया गया। इस दौरान राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में डेढ़ सौ आम के पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बाबू देवेन्द्र सिंह सेवा संस्थान के राजनसिंह राजा ने कहा कि ह्यपौधा लगाओ, जीवन बचाओह्ण अभियान कोयलांचल के लोगों के जीवन के लिए शुभ कार्य का आरंभ है। इस अभियान को चलाना एक पुण्य एवं रचानात्मक कार्य है। इस अवसर पर अजयकुमार सिंह, रवीन्द्रनाथ चौधरी, विजय सिंह, इंदिरा देवी तुरी, अमृत साहु, पंसस सहदेव महली, उपमुखिया कोलेश्वर मुंडा, गोपाल सिंह, शंकर सिंह, श्यामजी महतो, अजय सिंह, सुमन देवी, गिरजा विश्वकर्मा, सुरेश साव, शंभुनाथ गंझू, सुधीर उरांव, दिगम्बर साव, रामस्वरूप राम, आशीश यादव, रौशन लाल, अरूण राम, खेमलाल तुरी, कयूम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, कृष्णा राम, भुनेश्वर मिस्त्री, रमेश गंझू, संजय राम, विनोद उरांव, राजेश कुमार, शमीम अंसारी, रवि गंझू आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण कॉलेज में ही संभव : प्रदीप

**बेड़ो।** विद्यार्थियों का व्यक्तित्व, चरित्र और उच्चतम आदर्श का निर्माण कॉलेज में ही संभव है। कॉलेज का अस्तित्व विद्यार्थियों से ही टिका है। उक्त बातें प्राचार्य प्रदीप अधिकारी ने सोमवार को करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में एम ए इतिहास विभाग के तत्वावधान में आयोजित विदाई समारोह में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने डॉ आशा रानी, इतिहास विभाग के वरिष्ठ शिक्षक नवल किशोर शाही, इंद्र मोहन राय, मथुरा राम उस्ताद व डॉक्टर अल्पना मेहता के साथ मिलकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। समारोह में शिक्षकों में प्रो नवल किशोर शाही, प्रो इन्द्र मोहन राय, डॉ मथुरा राम उस्ताद ने अपने विचार रखे। समारोह में शिक्षिका डॉ अल्पना ने गीत प्रस्तुत कर शिक्षकों व विद्यार्थियों को अभिभूत कर दिया। वहीं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद विदाई समारोह में एम.ए. के पास आउट हुए छात्र व छात्राओं के विदाई में कार्यक्रम प्रस्तुत कर पास आउट हुए छात्रों के उपहार भेंट कर सम्मानित किया और भावभीनी विदाई दी।

### प्रखंड स्तरीय निपुण समागम टीएलएम प्रदर्शनी सह मेला का हुआ आयोजन

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल एवं लापुंग बीआरसी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय निपुण समागम सह टीएलएम प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया। बीपीओ लीलावती तिर्की एवं सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा आकर्षक टीएलएम बनाकर प्रदर्शित की गई। ककरिया संकुल एवं बीआरसी में प्रदर्शित की गई टीएलएम में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झिरगी टोली की नूतन कुमारी के टीएलएम को प्रथम, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चम्पाडीह की सागेन होरो एवं अगुस्टीन लकड़ा के टीएलएम को द्वितीय तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय तपकरा के मो कुदुस अंसारी के टीएलएम को तृतीय स्थान दिया गया। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय झिकी, सहित कई अन्य विद्यालयों के द्वारा प्रदर्शित टीएलएम को भी उपयोगी एवं क्रियात्मक बताया गया।

## नियुक्ति

### जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में लाएं तेजी

# जनजातीय भाषा के 3538 व क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सोमवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्राथमिक विद्यालयों में जनजातीय एवं क्षेत्रीय विषयों की पढ़ाई प्रारंभ हो सके इस के लिए जनजातीय भाषा के 3538 एवं क्षेत्रीय भाषाओं के 8418 पदों पर जो नियुक्ति की जानी है, इसकी सभी प्रक्रियाओं को जल्द पूरा करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहृश्य वादों में



पारित न्यायादेश के आलोक में अंतिम काउंसलिंग के आधार पर चयनित 1511 प्रारंभिक शिक्षकों को जल्द नियुक्ति पत्र दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर वैसे स्कूल जिसे कठिन भौगोलिक समस्याओं के कारणों से बंद किया गया था, उन विद्यालयों को फिर से प्रारंभ करने हेतु विभाग द्वारा आवश्यक कार्य योजना बनायी जाए।

### पाठ्य पुस्तक, पोशाक, छात्रवृत्ति राशि, साइकिल वितरण कार्यों को ससमय पूरा करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना एवं साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को ससमय पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने जानकारी दी कि वर्ष 2024-25 में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक आपूर्ति एवं वितरण का कार्य जारी है। निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पोशाक वितरण कार्य में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करें। मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 की छात्रवृत्ति राशि अनिवार्य रूप से उनके बैंक खातों में डीबीटी कर दिए जाएं।

### मातेश्वरी जगदंबा त्याग, तपस्या और भगवान में अटूट निश्चय की प्रतिमूर्ति थीं



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती का 59वां पुण्य स्मृति दिवस बेती पंचायत के ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला में मनाया गया। इस अवसर पर डकरा सुभाष नगर बीके गीता पाठशाला की नियमित ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने कहा कि मां जगदंबा ने अल्पायु में ही तीव्र पुरुषार्थ दो बातों को सामने रख किया। हुक्मी हुक्म चला रहा है, जीवन की हर घड़ी अंतिम घड़ी है। इसी से वह 24 जून 1965 को मानव जीवन की संपूर्णता को प्राप्त कर इस देह से न्यारी हुई। जिनकी शिक्षाओं को विश्व भर के ब्रह्मा वत्स जीवन में उतारने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने मातेश्वरी जगदंबा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मम्मा त्याग, तपस्या और भगवान में अटूट निश्चय की प्रतिमूर्ति थी। मम्मा ने तन, मन और संपूर्ण समर्पण से जग परिवर्तन का बीड़ा उठाया। वह दिन दूर नहीं जब इस संसार में हर बाला राधा और हर बालक कृष्ण होगा और पुनः भारत भूमि देवभूमि बनेगी।

## रिम्स ओपीडी

मंगलवार

**ईएनटी और एचएनएस**
प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार और डॉ. बी के. सिन्हा

**नेत्र विभाग**
डॉ. एम. दिपक लकड़ा

**मनोचिकित्सक**
डॉ अजय कुमार बाखला

**पेडियाट्रिक**
डॉ.(प्रो.) आर मिश्रा

**चर्म रोग विभाग**
डॉ.(प्रो.) डीके मिश्रा

**न्यूरो विभाग**
डॉ. अनादं प्रकाश

**गायनी विभाग**
डॉ.(प्रो.) अर्चना कुमारी

**मेडिसिन विभाग**
प्रो.(डॉ.) बिंदे कुमार

## एक नजर

### रांची में शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

**रांची।** राजधानी के गोंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर का ताला तोड़कर बदमाश मंदिर में रखे सामान और दान के पैसे चोरी कर लिए। मंदिर के पुजारी ने इसकी सूचना गोंदा थाना पुलिस को दी है। जानकारी मिलने के बाद गोंदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास के लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

### मादक पदार्थ के खिलाफ चला जागरूकता अभियान



**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद, युवाकार्य विभाग (पर्यटन शाखा) एवं रांची जिला प्रशासन ने सोमवार को मादक पदार्थ के दुरुपयोग को समाप्त करने के लिए हुंडरु फॉल एवं अन्य पर्यटन स्थलो पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नशा से होने वाले नुकसान को वीडियो के माध्यम से एनईडी स्क्रीन पर दिखाया गया।

### जेपीएससी मुख्य परीक्षा का समापन

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सर्विस के मुख्य परीक्षा का समापन सोमवार (24 जून) को हो गया। मुख्य परीक्षा का आयोजन 22 से 24 जून तक चला। मुख्य परीक्षा के लिए रांची में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा दो पालियों में ली गई थी। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के 200 मीटर तक धारा 144 लागू रहा। जेपीएससी सिविल सर्विस की पीटी 17 मार्च को आयोजित हुई था। परीक्षा के लिए झारखंड के 24 जिलों में 137 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पीटी परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा में हिस्सा लिया। मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल होंगे। इसके बाद फाइनल रिजल्ट निकलेगा।

---

रांची पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान में मिली बड़ी सफलता

# एक करोड़ रुपये का डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

- *ढाई लाख नकद और दो मोबाइल फोन भी मिले*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडा बरामद किया है। साथ ही, मामले में नामकुम थाना के नचलदाग निवासी रामविलास पासवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 25 बोरा डोडा (700 किलो) बरामद किया है, जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये से अधिक बताया जाता है। इसके साथ ही दो लाख 50 हजार नकदी, एक पिकअप वैन और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि डोडा लदी एक पिकअप वैन (जेएच10एडी 0287) हेसापीड़ी लुगुडीह मोड़ के समीप आने वाली है। मामले को लेकर डीएसपी अमर कुमार पांडेय के नेतृत्व में नामकुम थाने के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लुगुडीह मोड़ के पास चेकनाका लगाया। एक सफेद रंग की पिकअप वैन तुपुदाना ओपी की ओर जाने के प्रयास में थी। इस बीच पुलिस टीम ने लुगुडीह की तरफ से पिकअप वैन को पकड़ लिया। तलाशी में डोडा बरामद किया गया।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह गाड़ी का चालक है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए डोडा का बाजार मूल्य एक करोड़ रुपये से अधिक है। एसएसपी ने बताया कि मुख्य सरगना के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। वह रांची का ही रहने वाला है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### ब्राउन शुगर की पुड़िया बरामद, 8 गिफ्तार



**रांची।** अरगोड़ा थाने की पुलिस ने सोमवार को छापामारी करते हुए सैकड़ों की संख्या में ब्राउन शुगर की पुड़िया के साथ मुख्य आरोपी भेले एवं सात युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, दो लाख से अधिक कैश भी बरामद किए हैं। उन सभी को अरगोड़ा बगीचा कडरू से पकड़ा गया है। भेले की तलाश रांची पुलिस को पिछले कई महीनों से थी। पुलिस के अनुसार, उस पर पार्किंग को लेकर हत्या के प्रयास सहित नशे का कारोबार चलाने संबंधी कई मामले अरगोड़ा थाने में दर्ज हैं। भेले अरगोड़ा थाना क्षेत्र में बड़े स्तर पर नशे का कारोबार करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भेले को ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले अपराधी का तार जमशेदपुर से जुड़ा है। इस मामले में अरगोड़ा पुलिस और अधिक जानकारी जुटा रही है।

### रांची में गैरकानूनी ढंग से संचालित ड्रामा बार के मालिक व मैनेजर को भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र में बिना लाइसेंस के बार चलाने के आरोप में पुलिस ने संचालक गौरव सिंह और मैनेजर अभिमन्यु सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने सोमवार को बताया कि बिना लाइसेंस के ड्रामा बार चलाने और दस बजे के बाद भी तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर यह कार्रवाई की गई है। दोनों का मेडिकल कराकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों रांची के मेन रोड में स्थित एक्सट्रीम बार में ग्राहकों के साथ बाउंसरों ने मारपीट की थी। मारपीट के बाद डीजे संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने बार-रेस्टोरेंट के संचालन में नियम-कानूनी की अनदेखी पर कड़ी टिप्पणी की थी।

## एमटीआई में सेल ज्ञान उत्सव का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) ने अपने 62वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को शिक्षण और विकास पर डेढ़ दिवसीय सम्मेलन 'सेल ज्ञान उत्सव 2024' का शुभारंभ किया। इसका समापन मंगलवार (25 जून) को होगा। संजय धर, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-एलएंडडी) और एमटीआई के प्रमुख ने सभी गण्यमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जो मुख्य रूप से सेल के संयंत्रों एवं इकाइयों से हैं। सम्मेलन का उद्घाटन सेल के निदेशक (कार्मिक) केके सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से किया और मुख्य व्यक्तव्य आईआईएम, रांची के निदेशक डॉ डीके श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर एमटीआई के पूर्व कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास) आशीष चक्रवर्ती ने भी अपने अनुभव साझा किए। शिक्षण एवं विकास



(एलएंडडी) सेल के संयंत्रों एवं इकाइयों के एलएंडडी टीमों ने प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में भाग लिया। संगठन में एक समृद्ध शिक्षण संस्कृति का निर्माण करने के लिए एलएंडडी समुदाय के साथ लाइन प्रबंधकों के तालमेल पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई थी। एमटीआई ने पिछले वर्ष के दौरान संगठन द्वारा की गई विभिन्न शिक्षण पहल जैसे लिंक्डइन लर्निंग, फ्यूचरस्किल्स प्राइम, हार्वर्ड मैनेज मेंटर, रिवर्स मेंटरिंग और तरंग, आन्या और लीडर एज कोच जैसे उत्कृष्ट हस्तक्षेपों के शीर्ष शिक्षार्थियों को उनकी प्रेरणा के लिए प्रशंसा के प्रतीक के रूप में सम्मानित किया।

**नीट पेपर लीक मामला**

## सीरियल कोड हजारीबाग के निजी स्कूल का

**रांची।** नीट पेपर लीक मामले में पटना के रामकृष्णा नगर स्थित एक निजी स्कूल से बरामद हुआ नीट यूजी 2024 का अधजला जब्त प्रश्न पत्र का सीरियल कोड हजारीबाग के मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल परीक्षा केंद्र का मिला जिससे पता चला कि यहीं से प्रश्न पत्र लीक हुआ था। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई के सत्यापन में इस परीक्षा केंद्र से प्रश्न पत्र की पैकिंग के संदिग्ध पॉलीबैग, संबंधित अभ्यर्थी से बरामद मूल प्रश्न पत्र की पैकिंग और पैकिंग ट्रंक में इन सभी के साथ छेड़छाड़ होना पाया गया है। प्रश्न पत्र की सॉल्वड पीडीएफ कॉपी संजीव कुमार उर्फ लूटन मुखिया के माध्यम से गिरफ्तार अभियुक्त बालदेव कुमार उर्फ चिंटू के मोबाइल पर परीक्षा तिथि यानि पांच मई 2024 की सुबह पहुंची थी।

---

**रांची विवि में मादक पदार्थों के विरुद्ध भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

# प्रतियोगी दुनिया में बढ़ते दवाब के कारण लग रही मादक पदार्थों की लत : सुनील कुमार

- *विवि के कुलपति ने कहा, नशे के कारोबारियों के मुख्य टारगेट हैं युवा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को युवा संवाद, शपथ, भाषण, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आर्यभट्ट सभागार में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार ने कहा कि प्रतियोगी दुनिया में बढ़ते दवाब के कारण युवाओं में मादक पदार्थों का लत लग जाता है, जो देश के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि कोटा एक बहुत बड़ा उदाहरण है एवं ऐसी स्थिति में युवाओं को स्वयं दृढ़ संकल्पित होकर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक होना चाहिए। उन्होंने 'नो ड्रग्स' मुहिम में युवाओं से सक्रिय जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया।



अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबारियों का मुख्य टारगेट युवा है, क्योंकि भारत युवाओं का देश है, इसे वे अच्छी तरह से समझते हैं। उन्होंने कहा कि युवा इस देश के तकदीर एवं तस्वीर हैं एवं इनसे देश को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे सघन जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक युवाओं को शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि पूरे झारखंड में नशे की चपेट से बचाया जा सके।

युवा संवाद को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव राजेश कुमार साह, कुलसचिव डॉ बिनोद नारायण, सीसीडीसी डॉ पीके झा, सीवीएस की उप निदेशक डॉ स्मृति सिंह, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने भी संबोधित किया।

युवा संवाद के पश्चात युवाओं के बीच भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ किशोर सुरीन, डॉ सुजाता टेटे, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ आनंद कुमार भगत, डॉ संदीप कुमार, अनुभव चक्रवर्ती मौजूद थे। प्रतियोगिता में शामिल सफल प्रतिभागियों को 26 जून के कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस के टीम लीडर्स सुरभि, अंकित, रिकेष, दीक्षा, निवेदिता, नवीन, हर्षिका, स्वरा, संकल्प, रवि, पीयूष, उज्ज्वल, लवली, मुस्कान, ऋषि, खुशी, उदय आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि मंगलवार (25 जून) को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

**भाषण प्रतियोगिता में ये हुए शामिल**

कुमार सत्यम, आकाश कुमार, आयुष राज राय, आलम कुजूर, दीपक मांझी, अनमोल टोप्पो, प्रणव राम तिवारी, सलोनी कुमारी, गुलाफरिन रिजवान, विशाखा कुमारी।

**स्लोगन प्रतियोगिता में ये हुए शामिल**

विधि शर्मा, पीयूष कुमार, लवली वर्णवाल, खुशी भारती, संकल्प कुमार, नवीन किशोर, अतुल कुमार, अंजली कुमारी, पुरुषोत्तम कुमार, धीरज कुमार, पम्मी कुमारी, अनिष्का कुमारी, स्वर्णिमा सिंह देव, रश्मि सिंह, नीरज कुमार।

---

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों व आदर्श विद्यालयों में होगी अनुभवी व दक्ष शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति

- *25 से 30 जून तक ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने का मिलेगा अवसर*
- *न्यूनतम तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं पांच आदर्श विद्यालयों के लिए आवेदन कर सकेंगे*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में संचालित 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अनुभवी और दक्ष शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, पदस्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शिक्षक 25 से 30 जून तक ई-विद्यावाहिनी वेब पोर्टल के माध्यम से प्रतिनियुक्ति-पदस्थापन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इन विद्यालयों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमों के आधार पर पठन-पाठन कराया जाता है। सभी विद्यालय सीबीएससी से मान्यता प्राप्त है। ऐसे में इन विद्यालयों में सीबीएससी की तर्ज पर उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने वर्तमान में कार्यरत ऐसे शिक्षकों को आवेदन करने का अवसर दिया है, जिन्हें सीबीएससी, आईसीएससी विद्यालयों में पठन-पाठन का अनुभव हो या अपनी शिक्षा सीबीएससी, आईसीएसई या अन्य बोर्ड के स्कूलों से पूर्ण की हो तथा अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने का उत्कृष्ट शैक्षणिक अनुभव हो।

**आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया**

आवेदन करने के लिए संबंधित शिक्षक को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर स्वयं के टीचर आईडी से लॉगिन करना होगा। इसके पश्चात टीचर एक्टिविटी सेक्शन अंतर्गत एसओई, बीएलएवी के लिए आवेदन करें पर जाकर फॉर्म भरकर जमा करना होगा। शिक्षक स्वयं के नियुक्ति श्रेणी (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, पीजीटी, टीजीटी) और नियुक्ति विषय के आधार पर संबंधित विद्यालयों में स्वीकृत बल के विरुद्ध ही आवेदन कर सकते हैं। एक शिक्षक अपने प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों तथा पांच प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों के लिए आवेदन करेंगे।

### सीसीएल में राजभाषा पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रांची।** राजभाषा विभाग, सीसीएल मुख्यालय ने सोमवार को दिन में 10:00 बजे से मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित प्रकाश सभागार में एकदिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने किया। संजय कुमार ठाकुर ने अपने उद्बोधन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की राजभाषा के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से सभी को अवगत कराया तथा प्रत्येक तिमाही में एक क्षेत्रीय स्तर पर कार्यशाला, प्रतियोगिता करने की सलाह दी।

आवासों की भी लगातार मॉनिटरिंग पर जोर

## डीजीपी ने की कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था की कमियों को तुरंत दूर करने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है। सोमवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की और सुरक्षा-व्यवस्था की कमियों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में डीजीपी झारखंड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पाए गए त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया।

### किशोरगंज के वृद्ध का शव बड़ा तालाब से बरामद

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब से सोमवार को बुजुर्ग व्यक्ति किशोरगंज रोड नंबर 3 निवासी राजेश तिवारी का शव बरामद हुआ है। सुबह लोगों ने शव को बड़ा तालाब में उपलता देख कोतवाली थाना को जानकारी दी। पुलिस मौके ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। बुजुर्ग व्यक्ति ने आत्महत्या की है या किसी तरह पानी में गिरने से मौत हुई है, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने बाद ही पता चल पायेगा। मृतक के भाई राजेश तिवारी ने कोतवाली थाना में मामला दर्ज कराया है जिसमें किसी पर भी संदेह व्यक्त नहीं किया गया है।

---

# अवैध पार्किंग का अड्डा बना बिरसा मुंडा खादगढ़ा बस स्टैंड

**प्रतिदिन गाड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। खादगढ़ा बस स्टैंड में पार्किंग की समस्या का समाधान होना चाहिए । इसके लिए खराब और जली बसों को बस स्टैंड से हटाना आवश्यक है। खादगढ़ा बस स्टैंड में नगर निगम के आदेश के ऊपर किसका आदेश चलता है।**




अवैध पार्किंग की **परेशानी**

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** खादगढ़ा बस स्टैंड राजधानी रांची का सबसे बड़ा, प्रतिष्ठित और व्यस्ततम बस स्टैंड है। यहां सैकड़ो गाड़ियों और हजारों यात्रियों का प्रतिदिन राज्य के विभिन्न जिलों के अलावे दूसरे प्रदेशों में जाना-आना होता रहता है। इसके बारे में कहा जाता है कि इस बस स्टैंड के जैसा कोई बस स्टैंड कहीं नहीं है। बस स्टैंड में खाने-पीने, ठहरने, शौचालय की व्यवस्था में सुधार तो हुआ है। वहीं पूरे शहर की तरह साफ-सफाई और अतिक्रमण की समस्या यहां भी मौजूद है। बस स्टैंड में एक-दो नहीं 22 खराब बसें खड़ी हैं। इससे स्टैंड का अतिक्रमण तो हो ही रहा है साथ ही आम वाहनों के लिए इससे समस्या उत्पन्न हो रही है। इन बसों में अधिकतर खराब और जली बसें हैं। जो एक-दो साल से यहां खड़ी हैं। इन खराब बसों का इस्तेमाल लोग डस्टबीन की तरह करने लगे हैं। बस स्टैंड में वाहनों के लिए अक्सर जगह की कमी देखी जाती है ऐसे में इन बसों को यहां किसने और क्यों रख छोड़ा है इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। इस संबंध में जब नगर निगम के बस स्टैंड इंचार्ज से बात की गई तो उन्होंने कहा कि निगम द्वारा उन 22 बसों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था परंतु उस नोटिस की अवहेलना की गई है और किसी ने भी अपनी गाड़ी को नहीं हटाया है।

**उठते सवाल**

- जब खराब बसें स्टैंड में खड़ी हैं और इन्हें हटाने के नोटिस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है तो निगम इनके मालिकों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही?
- किसी भी वाहन को स्टैंड में कितने समय तक कोई भी यूं ही खड़ा रख सकता है। इसका समय सीमा तय किया गया है या नहीं?
- बस स्टैंड के ठेकेदार की इसमें क्या भूमिका है, स्टैंड में बस अवैध रूप से खड़ी है तो जिम्मेदारी किसकी बनती है?

**नगर निगम का नोटिस बेअसर**

*नगर निगम के बस स्टैंड इंचार्ज ने बताया कि खराब और जली बसों को हटाने के लिए दो बार नोटिस चिपकाया गया था, परंतु नोटिस का कोई असर नहीं हुआ।*
















राजधानी रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में वर्षों से खराब पड़ी बसें रखीं गईं हैं जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं।






बस पड़ाव नंबर 16 में 1 वर्ष से कब्जा कर रखी गई है खराब बस

### प्रदेश भाजपा के आगामी 60 दिनों के कार्यक्रमों की घोषणा

# राहुल की दादी इंदिरा ने आपातकाल में उड़ाई थी संविधान की धज्जियां : बाबूलाल मरांडी



ब्यूरो रिपोर्ट

रांची। झारखंड विधानसभा के चुनाव का लगभग सौ दिन का समय बचा है, स सौ दिन में करीब 60 दिनों का भाजपा प्रदेश कमेटि ने अपने कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की घोषणा की। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक एवं प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज उपस्थित थी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी बूथ से लेकर राज्य स्तर पर कई प्रकार की कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने बताया कि 25 जून को पार्टी के द्वारा देश भर में आपातकाल के विरोध में काला दिवस के रूप में मनाई जाएगी। पार्टी पूरे प्रदेश भर में काला दिवस मनायेगी। इसको लेकर कार्यक्रम प्रभारियों बनाए गए है। इसमें प्रदीप वर्मा, गुरविंदर सिंह सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल, डॉ राजश्री जयंती शामिल है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी संविधान की कॉपी लेकर देश भर में घूमघूम कर भ्रम फैला रहे थे कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो संविधान और आरक्षण समाप्त कर देंगे। लेकिन देशवासी को स्मरण है कि जो संविधान और आरक्षण बचाने की गारंटी दे रहे थे उनके ही दादी इंदिरा गांधी ने देश भर में आपातकाल लगा कर संविधान को कुचल दी थी। आपातकाल के समय मीडिया पर प्रतिबंध लगाया था, किसी भी नागरिक की स्वतंत्रता नहीं थी। जो भी नेता विरोध में आवाज उठाते थे उनको जेल में डाल देते है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पीएम मोदी के बारे में बोलने से पहले उन्हें अपने दादी इंदिरा गांधी के फैसलों पर भी बोलना चाहिए।

### 30 जून को मन की बात

मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की कार्यक्रम की तीसरी कार्यकाल की यह पहली मन की बात कार्यक्रम 30 जून को निर्धारित है। पार्टी द्वारा सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम किया जाएगा। इसके लिए कमिटी बनाई गई है जिसमे प्रदीप वर्मा, सरोज सिंह, कुमार अमित, सुमन कुमार को शामिल किया गया है। साथ ही 30 जून को हूल दिवस कार्यक्रम को भी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मनायेगी। कार्यकर्ता द्वारा सिद्धो-कान्हो, चाँद-भैरव, फूलों- झानो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें उन्हें याद करेगी।

### 6 से 15 जुलाई तक विजय संकल्प दिवस

बाबूलाल ने बताया कि 6 से 15 जुलाई के बीच अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगभग 81 लाख वोट प्राप्त हुए। राज्य की जनता ने 9 लोकसभा सीट पर भाजपा को जीत दिलाया। राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी ने पार्टी का साथ दिया। इसलिए पार्टी ने विधानसभा स्तर पर बड़े-बड़े कार्यकम आयोजित कर उस क्षेत्र की जनता एवं कार्यकताओं का अभिनंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी के नेता, सांसद, विधायक सभी उपस्थित रहेंगे।

### 20 जुलाई को विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति बैठक

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 20 जुलाई को विस्तृत प्रदेश कार्यसमिति बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें मंडल स्तर के कार्यसमिति, जिला कार्यसमिति एवं प्रदेश कार्यसमिति तक के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। यह कार्यक्रम संभवतः मोरहाबादी मैदान में आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में 3 महीना का समय बचा है, इसके लिए पार्टी ने राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र बनाने के लिए 'आरोप पत्र समिति' का गठन किया गया है। इसके लिए बाबूलाल मराण्डी, अर्जुन मुंडा, अमर कुमार बाउरी, अन्नपूर्णा देवी, नवीन जयसवाल, अन्नत ओझा, भानु प्रताप शाही, गीता कोड़ा, बीडी राम, संजय सेठ को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण समिति के बैठक 29 जून को सुनिश्चित की गई है। इसमे राकेश प्रसाद, नंदी प्रसाद, चंद्र प्रकाश, कर्नल संजय सिंह, कर्नल बीके सिंह, बलराम दुबे, बबलू मंडल को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई प्रमुख नेताओं का कार्यक्रम होता है इसके लिए उनके भाषण के बिंदु तैयार करने के लिए टॉयरो बैठक 29 जून को रखी गई है। इसमें योगेंद्र प्रताप सिंह, समीर उराँव, रविनाथ किशोर जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा 28 जून को और महिला मोर्चा बैठक 29 जून को होगी। इसमें विकास महतो, मनीष दुबे, रूपेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, रामाशीष तिवारी,आरती सिंह, आरती कुजूर, सुनीता सिंह, पिंकी मंडल, गीता बुलमुचु, बारी मुर्मु, रितिका मुखी, डॉ सुनीता देवदूत सोरेन को जिम्मेवारी दी गई है।

### भाजपा संविधान को बदल रही और आरोप कांग्रेस पर लगा रही : कांग्रेस

रांची। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा कांग्रेस और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों के जवाब में कहा कि देश में शैक्षणिक आपातकाल लगा हुआ है, भाजपा संविधान की धज्जियां उड़ाने में लगी है और बाबूलाल मरांडी कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि देश की जनता ने संविधान की रक्षा के नाम पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को वोट दिया है और इसमें कांग्रेस कभी पीछे नहीं रहेगी। देश के संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का दायित्व भरोसा करके जनता ने हम पर पर सौंपा है, उनके भरोसे को कायम रखने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में संघर्ष सदन के अंदर से सदन के बाहर तक जारी है। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर पद पर वरीय सांसद की नियुक्ति न कर पीएम मोदी ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बाबूलाल मरांडी को इस मामले में थोड़ा ज्ञान प्रधानमंत्री को भी देना चाहिए। लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई राज्य सरकारों को खरीद- फरोख्त के माध्यम से बदलने वाली भाजपा गिरेबान बचाने के लिए कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं।

### सरकार बनाने का सपना देख रहे भाजपाई

## दहाई अंक भी नहीं करेंगे पार : सुप्रियो भट्टाचार्य

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रदेश प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी और असम के सीएम हेमंत विस्वा शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि प्रभारी पर व्यापम घोटाला और हेमंत विस्वा शर्मा पर शारदा घोटाला का आरोप है, जबकि बाबूलाल मरांडी झारखंड के भ्रष्टाचारियों के संरक्षक बनकर उभरे हैं। झामुमो प्रवक्ता सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रविवार को भाजपा के दोनों प्रभारियों ने प्रदेश के नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव में जीत की रणनीति बनाई और सरकार बनाने का सपना दिखाया, लेकिन इस बार भाजपा दहाई अंक भी पार नहीं कर पाएगी। झारखंड में साम्प्रदायिकता के सहारे नहीं बल्कि भाईचारे के साथ चुनाव लड़ा जाएगा। झामुमो नेता ने भाजपा पर तंज कसते कहा कि जिन दो आदिवासी नेताओं के कंधे पर सवार होकर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं, उनका हश्र लोकसभा में दिख चुका है। झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण कुछ दिनों पहले झारखंड आयी थीं। उनसे दो लोगों ने मुलाकात की, जिसमें एक सेना की भूमि के घोटाले के आरोपित विष्णु अग्रवाल हैं, दूसरे व्यक्ति कमलेश कुमार है, जिसके यहां से एक करोड़ और कारतूस मिले।

## विस चुनाव से पूर्व कैप सर्वे की तैयारी सर्वेक्षणकर्मी 27 से करेंगें आंकड़ा संग्रह

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन में कैप सर्वे टीम के सदस्यों के लिए आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता की वास्तविक स्थिति की जानकारी एकत्रित करने के लिए राज्य में कैप सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे टीम के सदस्य, सर्वेक्षण के दौरान मतदाताओं से सूचनाएं एकत्रित करते समय सभी प्रश्नों को उचित फॉर्मेट में इंट्री करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि कैप सर्वे की टीम ससमय अपने प्रतिवेदन उपलब्ध कराए ताकि मतदाताओं के बीच समय रहते आवश्यक जागरूकता फैलाई जा सके। निर्वाचन सदन में आयोजित 2 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में सर्वे टीम के सदस्यों को इससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सर्वे कर्मी 27 जून से फील्ड वर्क करेंगें। सर्वे टीम सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये मतदाताओं की निर्वाचन सहभागिता प्रवृत्तियों, जानकारी के स्तर आदि से संबंधित सूचनाएं एकत्रित करेंगें। जुलाई के अंत तक सर्वे टीम निर्वाचन विभाग को सर्वे से संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तृत रूप से विश्लेषणात्मक रिपोर्ट समर्पित करेगी। कैप सर्वे में सिस्टम रैंडम मैथड के जरिये राज्य की 20 विधानसभा क्षेत्रों के 60 मतदान केंद्रों के 30-30 घरों में लगभग 1800 से अधिक परिवारों के बीच जाकर मतदाताओं के ज्ञान, दृष्टिकोण, विश्वास, व्यवहार व अभ्यास का अध्ययन कर सर्वे रिपोर्ट ससमय उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर डा. हरीश्वर दयाल, डॉ. सीमा अखोरी, डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. अमित कुमार ने सर्वे से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर सर्वे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते हैं आवेदन : के. रवि कुमार



रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य में होने वाले मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने राज्य के नागरिकों से अनुरोध किया है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान नए पात्र मतदाता स्वयं को पंजीकृत करवाने या जिन मतदाताओं के पास पुराने लेमिनेटेड कार्ड है उसे अद्यतन कराने हेतु अपने बीएलओ के माध्यम से अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार राज्य में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिविजन एक्टिविटीज किया जा रहा है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगी साथ ही उच्च अधिकारियों द्वारा भी इसका भौतिक सत्यपन किया जाएगा।

## चार हजार साइबर मामलों में से 200 का ही निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में साइबर ठगी की घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है । सूत्रों के अनुसार झारखंड के अलग-अलग जिलों में साइबर अपराध के कुल 3782 मामले दर्ज हुए जबकि झारखंड पुलिस सिर्फ 211 मामलों का ही निष्पादन कर पायी है और 3571 मामले साइबर थानों में लंबित हैं। कभी कुछ जिलों में लोग ठगी के शिकार होते थे लगभग सभी जिलों में प्रति दिन लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं और साइबर ठग हर दिन नये-नये तरीके से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

**जिलावर आंकड़े इस प्रकार हैं**

रांची : 1180, देवघर : 220, जमशेदपुर : 321, धनबाद : 314, हजारीबाग : 207, जामताड़ा : 179, सरायकेला : 148, बोकारो : 113, दुमका : 105, लातेहार : 101, चतरा : 85, पलामू : 82, साहेबगंज : 78, गिरिडीह : 74, गढ़वा : 70, पाकुड़ : 57, कोडरमा : 54, गोड्डा : 47, गुमला : 38, सिमडेगा : 30, लोहरदगा : 29, चाईबासा : 25, रामगढ़ : 08, रेल जमशेदपुर : 05, खूंटी : 03, कुल : 3571

### मारवाड़ी युवा मंच शाखा ने रक्तदान पखवाड़ा के 11वें दिन लगाया 15वां रक्तदान शिविर



रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा 14 जून से 30 जून तक रक्तदान पखवाड़ा मना रहा है जिसके अंतर्गत निरंतर रक्तदान शिविर लगाने का तथा लोगो को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। मंच ने पखवाड़ा के 11वे दिन भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह पखवाड़ा के अंतर्गत मंच का 15वां रक्तदान शिविर है। सोमवार को अपर बाजार स्थित गोयल एंटरप्राइजस मे रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर मे 17 लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया। यह शिविर सेवा सदन ब्लड बैंक एवं उनकी टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर के संयोजक मंच के रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने बताया के कार्यक्रम मे मुख्य रूप से मंच के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, विकाश गोयल एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मनरेगा आयुक्त ने जिलों के परियोजना पदाधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कहा

## योजना के कार्यों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता



रांची। राज्य की मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सोमवार को सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारियों के साथ मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की । आयुक्त ने कहा कि मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों के परियोजना पदाधिकारी कार्य में तेजी लाते हुए ससमय कार्यों को पूरा करें। सरकार ग्रामीणों को स्वालंबन बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

मनरेगा आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी जतायी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गड्ढा खोदने का कार्य 30 जून तक पूर्ण करें। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिरसा हरित ग्राम के तहत जो भी लक्ष्य मिले है वे ससमय पूर्ण हो, इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 की लंबित योजनाओं को पर फोकस करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने की बात कही।

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाले श्रमिकों के रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण होने वाले परेशानी को समझने एवं उनके प्रति संवेदनशील होते हुए अविलंब सुधार करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर रिजेक्टड ट्रांजैक्शन में सुधार लाने एवं मजदूरों को राहत देने की बात कही।

बैठक के दौरान मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में आवश्यक प्रगति का भी निदेश दिया। उन्होंने सभी परियोजना पदाधिकारियों को मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने को कहा। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के पीएस राकेश दुबे का निधन

रांची। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के सरकारी पीएस (निजी सचिव) राकेश दुबे का सोमवार को निधन हो गया। राकेश दुबे झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थे और पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित सेल सिटी में रहते थे। वे अगले साल आईएएस रैंक में प्रोन्नत होने वाले थे। बताया जा रहा है कि राकेश दुबे रविवार रात खाना खाने के बाद सोने चले गए। वे हर दिन मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। आज सुबह जब वह नहीं उठे तो उनकी पत्नी ने पहले सोचा कि वह थक गये हैं इसलिए नहीं उठ पाए लेकिन 2-3 घंटे के बाद जब जाकर देखा तो उनका शरीर ठंडा पड़ चुका था। किसी प्रकार की कोई हलचल भी नहीं थी। आनन-फानन में परिजन दुबे को पारस अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### निलंबित नेता सीमा पात्रा के मामले में मेंटेनेबिलिटी पर सुनवाई पूरी

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने नौकरानी के साथ क्रूरता मामले में निचली अदालत द्वारा डिस्चार्ज पेटिशन खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली भाजपा की निलंबित नेता सीमा पात्रा की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई सोमवार को की। मामले में मेंटेनेबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर सुनवाई पूरी हो गई। इस पर कोर्ट कल यानी मंगलवार को फैसला सुनाएगा। सुनवाई के दौरान इस पर बहस की गई कि यह मामला क्रिमिनल रिविजन का है या अपील का। सूचक विवेक बास्की की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन एवं अधिवक्ता शोभा लकड़ा ने पैरवी की। मामले को लेकर सीमा पात्रा के खिलाफ अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### मदरसा परीक्षा को ले निषेधाज्ञा लागू

रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक मदरसा परीक्षा (वर्ग वस्तानिया से मौलवी तक) 2024 एवं (आलिम से फाजिल) परीक्षा-2023 आगामी 25 जून से प्रारंभ होकर 04 जुलाई तक प्रथम पाली 09.45 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक एवं द्वितीय पाली 02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगा। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने के लिए रांची उपायुक्त एवं एसएसपी ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

### नशे के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

रांची। जिला प्रशासन की पहल पर मादक पदार्थों की रोकथाम एवं जागरूकता के लिए जगन्नाथपुर न्यू कॉलोनी बस्ती धुर्वा और मौसीबाड़ी बस्ती में कला दल के कलाकार ने कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिला प्रशासन द्वारा हर माध्यम से पूरे रांची जिला में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करा कर युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

### बरवाडीह के जिप सदस्य भाजपा में शामिल

रांची। लातेहार बरवाडीह के जिला परिषद सदस्य एवं संयुक्त ग्राम सभा मंच के संयोजक कन्हाई सिंह अपने समर्थकों के साथ सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में किये गए ऐतिहासिक कार्यों एवं विचार से प्रभावित होकर लोग अन्य दलों को छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के अध्यक्ष



रांची। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से सोमवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### गोपीनाथपुर गांव की घटना मामले को लेकर भाजपा ने राज्यपाल सौंपा ज्ञापन



रांची। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा के एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को राजभवन में मुलाकात की। भाजपा शिष्टमंडल ने राज्यपाल से पाकुड़ जिला के गोपीनाथपुर गांव में गत 17 जून को बकरीद के दिन उपद्रव की घटना का उल्लेख करते हुए विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से गोपीनाथपुर गांव में तत्काल एक स्थायी पुलिस पिकेट की स्थापना करने और केंद्रीय पुलिस बल तैनात करने, गोपीनाथपुर की घटना की एक उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई करने, वहां के ग्रामीणों को हुई क्षति को देने की मांग की। साथ ही राज्य में इस प्रकार की घटना की पुनार्वृति न हो, इस दिशा में कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने वहां के शिक्षा के लिए एक स्कूल की स्थापना करने और पूरे राज्य में प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने वाले व्यक्तियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल में विधानसभा सदस्य नवीन जयसवाल, भानु प्रताप शाही, रणधीर कुमार सिंह और अमित मण्डल मौजूद थे।

### संजय सेठ ने संसद में शपथ ग्रहण किया



रांची। 18वीं लोकसभा के संसद के रूप में रांची के सांसद संजय सेठ ने शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर संसद सेठ में बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत सशक्त भारत बनाने के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। शपथ ग्रहण के उपरांत सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया। सांसद सत्र शुरू होने के पहले दिन लोकसभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगवाई की।

### स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है : संजय कुमार

रांची। कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय, कथारा से स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य, अधिकारी, कार्यालय के कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे। स्वच्छता जागरूकता रथ कथारा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं, इकाइयों, कॉलोनियों और आसपास के गांवों का भ्रमण करेगा और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन चंदन कुमार, उप प्रबंधक (सीएसआर) द्वारा कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार 14 जून से 30 जून 2024 तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान विभागाध्यक्ष (कार्मिक एवं प्रशासन) जयंत कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

रांची। एक्स्ट्रामार्क्स एजुकेशन इंडिया प्रा लिमिटेड ने जेईपीसी (झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद), मुख्यालय रांची द्वारा शासित आईसीटी झारखंड परियोजना चरण 2 और 3 में कंप्यूटर प्रशिक्षक (शिक्षक) के पद के लिए एक व्यापक भर्ती अभियान चलाया है। यह संगठन 11 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों की तलाश कर रहा है। इसमें मासिक सीटीसी 10,500 की राशि निर्धारित है, और इस राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी प्रत्येक वर्ष किए जाने का प्रावधान है। चयनित उम्मीदवार पूरे झारखंड के विभिन्न प्रखंडों में विद्यार्थियों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने का कार्य करेंगे। आवेदकों के पात्रता मानदंड इस प्रकार निर्धारित थे। इस दो दिवसीय कैंपस ड्राइव में 250 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

### 9 साल से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की आस में हैं अभ्यर्थी

रांची। जेएसएससी द्वारा ली जाने वाली परीक्षा जेएसएससी सीजीएल (संयुक्त स्नातकोत्तरीय परीक्षा) 9 वर्षों से नहीं हुई है। वहीं, इस परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों की आस टूट रही है। वर्ष 2015 से परीक्षा के लिए आवेदन तो मांगे जाते हैं, लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं हो पाती है। आवेदन मांगने के बाद किसी ना किसी कारण से परीक्षा को स्थगित या रद्द कर दिया जाता है। वर्ष 2024 में दो फेज में परीक्षा होनी थी। पहले फेज की परीक्षा जनवरी में हुई और दूसरे फेज की परीक्षा फरवरी में होनी थी। लेकिन, पहले फेज की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया। इसे लेकर अभ्यर्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया और इसके बाद परीक्षा को रद्द तक दिया गया।

### नई शिक्षा नीति के अनुसार किताबें उपलब्ध कराई जाएं : विशाल यादव

रांची। युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विशाल यादव के नेतृत्व में मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर उन्हें 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के विशाल यादव ने मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य से कहा कि पूरे कैंपस में छात्र-छात्राओं के लिए वाईफाई की व्यवस्था की जाए। विशाल यादव ने कहा कि मारवाड़ी महिला महाविद्यालय में लिफ्ट की मरम्मत कर उसे चालू किया जाए। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के पढ़ने के लिए नई शिक्षा नीति के अनुसार किताबें उपलब्ध नहीं हैं, नई शिक्षा नीति सिलेबस के अनुसार किताबें उपलब्ध कराई जाएं।

### नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में आजसू ने निकाला आक्रोश कैंडल मार्च

रांची। आजसू पार्टी रांची महानगर ने ओरमांझी में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और सरकार की नाकामी, प्रशासन की विफलता के विरोध में आजसू पार्टी द्वारा रांची यूनिवर्सिटी गेट से फिरायालाल चौक तक आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। कैंडल मार्च का नेतृत्व आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सभी को पीड़ित बच्ची एवं उनके परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति है एवं आजसू पार्टी के द्वारा उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी।

## एक नजर

### कटिया बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**पतरातू।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड पतरातू यूनिट की ओर से सोमवार को कटिया बस्ती में निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने लोगों का किया स्वास्थ्य जांच किया। साथ ही आवश्यकता के अनुसार लोगों को मुफ्त दवा का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया किशोर कुमार महतो ने की। बताया गया कि आयोजित हेल्थ कैंप में 75 से 80 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अनीता जैन, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, नूनी देवी, रीता देवी, किरण देवी, दिनेश्वर महतो, सुखन महतो, दिनेश महतो, रणधीर कपूर, कन्हैया कुमार, रविंद्र कुमार शामिल थे। जबकि अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से एचआर मैनेजर मुकेश कुमार, मोहित कुमार, डॉक्टर डी लाहा, फार्मासिस्ट रणधीर विद्यार्थी, एएनएम कल्पना कुमारी ने लोगों का स्वास्थ्य जांच किया।

### तालाटांड़ में आम उत्सव सह बागवानी मेला आयोजित, जुटे किसान

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के तालाटांड़ गांव में सोमवार को मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि, किसान और ग्रामीण शामिल हुए। आयोजित आम उत्सव सह बागवानी मेला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। जबकि इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को आम बागवानी के लिए प्रेरित किया गया। ताकि वे अधिक से अधिक आम बागवानी कर अपनी जीविका का साधन अपना सकें। मेला में किसानों ने अपनी बागवानी के उपज का स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी किया। जहां पर लोगों ने आम खरीदा। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, मुखिया रीझन देवी, पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी, पूर्व मुखिया पंचम मुंडा, मनरेगा बीपीओ विजय कुमार, जेई प्रवीण कुमार, जेएसएलपीएस के पुरुषोत्तम कुमार, पंचायत सचिव कालू पहाड़िया, किसान रघु महतो, नागेश्वर महतो, बीएफटी सूरज कुमार आदि शामिल थे।

### मंडा पूजा में दहकते अंगारों पर चलकर भक्तों ने दी शिव भक्ति की कठिन परीक्षा

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के उचरिंगा गांव में आयोजित मंडा पूजा में रविवार की रात भक्तों ने दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर शिव भक्ति की कठिन परीक्षा दी। इसके पूर्व शिव भक्तों ने विधि विधान से लोटन सेवा और लपरभंगी पूजन किया। जबकि सोमवार की सुबह शिव भक्तों ने विधि विधान से बनस झूला किया। साथ ही शिवालय मंदिर में शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना कर तीन दिनों से चले आ रहे निर्जला उपवास व्रत को तोड़ा। मंडा पूजा समिति के तत्वावधान में शिव-पार्वती पूजा के बाद छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। बंगाल से आए कलाकारों की ओर से छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसमें कलाकारों ने विभिन्न देवी-देवताओं के मुखौटा पहन नृत्य कर दर्शकों का मनोरंजन किया। मंडा पूजा में विधायक अंबा प्रसाद पहुंची।



### रजरप्पा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

# यात्री वाहनों को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने झंडी दिखाकर किया रवान

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ रजरप्पा मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ आलोक कुमार दुबे द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर रामगढ़ से दो यात्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वर्तमान में रजरप्पा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क मार्ग से मंदिर तक पहुंचने के लिए रामगढ़ शहर अंतर्गत ट्रेकर स्टैंड से रजरप्पा मंदिर तक नियमित वाहनों का संचालन किया जाता है। वहीं, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामगढ़ द्वारा सांकेतिक रूप से दो यात्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के उपरांत एक वाहन का संचालन रामगढ़ शहर अंतर्गत बस स्टैंड रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक एवं एक वाहन का संचालन बरकाकाना रेलवे स्टेशन रामगढ़ से रजरप्पा मंदिर तक निर्धारित दर पर प्रातः 5:00 से शाम 6:00 के बीच किया जाएगा। मौके पर प्रधान कुटुंब न्यायाधीश लोलार्क दुबे, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, एडीजे 2 कुसुम कुमारी, सीजेएम मनोज कुमार, एसीजेएम संदीप कुमार, डालसा सेक्रेटरी अनिल कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड अंतगत दुलमी बाजार टांड में सोमवार को सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पाण्डेय,मुखिया रंजू देवी ने खिलाड़ियों से परिचय कर व बोल को किक मारकर मैच की शुरूआत की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि फुटबॉल विश्व का लोकप्रिय खेल है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये बच्चे प्रखंड में विजेता होने के बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस तरह के आयोजन से सरकारी विद्यालय के बच्चों के बीच खेल के प्रति उत्साह बढ़ता है। मौके पर शिक्षा विभाग से मिथलेश कुमार, विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### राधा गोविंद विवि क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा निर्देशित 19 जून से 25 जून तक मादक पदार्थों को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके उपलक्ष्य में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में पांच टीम ए (दामोदर), टीम बी (भैरवी), टीम सी (नालकारी) टीम डी (स्वर्णरेखा) एवं टीम ई (शंख) बनाए गए थे जिसमें टीम बी (भैरवी) और टीम सी (नलकरी) ने संयुक्त रूप से विजेता का खिताब जीता। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी और कहा की व्यसन न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को आर्थिक और शारीरिक रूप से पतन की ओर ले जाता है। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी कुलपति प्रो. (डॉ).समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सभी सफल विधार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रेम प्रकाश की देख- रेख में सम्पन्न हुआ। मौके पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मुखिया प्रियंका कुमारी की उपस्थिति में बच्चों के बीच किया गया पुस्तक वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुरझुरी में मुखिया प्रियंका कुमारी एवं पंसस मंजू देवी के द्वारा वर्ग एक से दस तक के 766 छात्र-छात्राओं को शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि सरकार सभी तरह की सुविधा आप छात्रों को दे रही है। आप लोग मन लगाकर पढ़ें और अपने माता-पिता व शिक्षक का नाम रौशन करें। वहीं मंजू देवी ने कहा कि सरकार बच्चों के लिए नई-नई योजनाएं ला रही है ताकि बच्चों को पढ़ाई में दिक्कत ना हो। आप सभी बच्चों को इसका लाभ लेते हुए अपने बेहतर भविष्य का निर्माण करना चाहिए। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुन्दर यादव, राजकुमार चौधरी, छोटेलाल प्रसाद वार्ड सदस्य प्रतिनिधि, प्रबंधन समिति अध्यक्ष लोकनाथ प्रसाद, शिक्षक परमेश्वर प्रसाद, छोटी लाल प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, लक्ष्मी कुमारी व अन्य शिक्षक समेत छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### आजसू जिलाध्यक्ष ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग।** आजसू पार्टी की जिला कमिटी के द्वारा सोमवार को जिलाध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने सहायकं नगर आयुक्त के माध्यम से नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कूद रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे भारी जल जमाव और शहरी क्षेत्र में जगह जगह जल जमाव एवं नालियों की सफाई जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया ताकि आम लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।जिलाध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने कहा कि हजारीबाग में जल जमाव जगह जगह हो रही है नालियों को पैक कर दिया गया है बहुत सारी नाली जाम होने के कारण रास्ते में नालियों का पानी बह रहा है।नगर निगम इसका जल्द से जल्द समाधान करे नहीं तो आजसू पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन करेगी।वहीं नगर अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि हल्की बारिश ने हजारीबाग नगर निगम की पोल खोल दी है।कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव ने कहा कि कूद रेलवे ओवर ब्रिज के निचे जल जमाव से वहां रोज दुर्घटना हो रही है।नालियों का पानी सड़क पर आ गया है इस कारण राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन सौंपने वालों में केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह,प्रमोद कुमार वर्मा, तुलेश्वर साव,मनोज कुमार, सुभाष रजक एवं गौतम कुमार से शामिल थे।

### विव्यांगों के लिए लगाया गया विशेष शिविर

**हजारीबाग।** सोमवार को कन्या विद्यालय नवाबगंज रोड हजारीबाग में दिव्य ज्योति और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तत्वावधान में दिव्यांगजनों के सहायक उपकरण के लिए जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 130 दिव्यांगजनो का जांच किया गया और जांच के दौरान सभी लाभुकों को आवश्यकता अनुसार उनका उपकरण प्रक्रिया दिया गया साथ ही साथ शिविर में दिव्यांगजनों का नेत्र जांच भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित डा. एचके साहू, दीपक शर्मा, मुकेश कुमार राणा रमन, पम्मी कुमारी, तमन्ना, शशिकांत भारती, ललिता कुमारी, कांति कुमारी स्वेता कुमारी इत्यादि लोग ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### आनंद साईं दरबार का 14वां स्थापना दिवस पर निकली भव्य पालकी यात्रा

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 14वां तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा के साथ 24 जून को आरंभ हुआ। पालकी यात्रा से पूर्व पुजारी राजेश पांडे ने यजमान रोहित कुमार गुप्ता एवं बसंत कुमार के हाथों पर साईं बाबा की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके उपरांत मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ साईं बाबा की पालकी यात्रा आरंभ हुई। पालकी यात्रा झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई।

#### साईं बाबा के भजनों से वातावरण हुआ भक्तिमय

पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु साईं बाबा के मुधर भजनों का गायन करते बढ़ते चल रहे थे। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया था।

#### साईं बाबा का वेष धारण कर विमल शर्मा लोगों को कर रहे थे आकर्षित

पालकी यात्रा में साईं बाबा की वेष में शामिल पूर्व विधायक यमुना शर्मा के पुत्र विमल शर्मा लोगों के लिए आकर्षकण का केंद्र बने हुए थे।

**आज होगा पूजन एवं हवन :** आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को पूजन एवं हवन का अनुष्ठान संपन्न होगा।

### सेवा सहयोग समिति ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

# मानव सेवा सबसे बड़ा उपकार है : हर्ष अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सेवा सहयोग समिति के द्वारा जनता जनार्दन के हर समस्याओं का तत्काल हल करने का प्रयास किया जा रहा है समिति के द्वारा डेढ़ सौ से भी अधिक चापाकल मरम्मत एवं नए चापाकल को लगाया गया है, इतना ही नहीं समिति के द्वारा बेटियों के विवाह में शादी का जोड़ा भी उपहार स्वरूप भेंट किया जा रहा है, इसी सेवा के बीच सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के पंचायत भवन कुसुभा में आयोजित किया गया, इस शिविर का उद्घाटन मुखिया कल्लू राम, वार्ड सदस्य धुपलाल यादव वार्ड सदस्य संतोष यादव,वार्ड सदस्य सीमा कुमारी, वार्ड सदस्य जितनी देवी वार्ड सदस्य मोहन तूरी, इंदु कुमारी, साबिया देवी, सुनिल कुमार यादव, गीता बाडो, सलोनी इक्का, अनिल कुमार भोक्ता, विकाश कुशवाहा, विकाश



यादव, सुनिल कुमार पाण्डेय, सुनीता कुमारी, कंचन देवी ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर करीब दो बजे तक निरंतर रूप से चलते रहा। सिविल में महिलाएं एवं बुजुर्गों ने पर चढ़कर शिविर का हिस्सा बने, सेवा सहयोग समिति के द्वारा अब तक आठ पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। इस शिविर में जिले के सुप्रसिद्ध जनरल फिजिशियन के द्वारा लोगों की जांच की गई वही नेत्र रोग के रूप में सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ ने बेहतर सलाह के साथ मरीजों की जांच की, जिसमें कई मरीजों को निःशुल्क दवाइयां दी गई, साथ में बीपी, शुगर, पल्स एवं वजन का जांच किया गया। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर बेहतर सुविधा उपलब्ध थी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा मानव सेवा करना सबसे बड़ा उपकार है। सेवा सहयोग समिति के द्वारा निस्वार्थ भाव से लगातार सेवा की जा रही है। 30 तारीख तक कटकमदाग प्रखंड के विभिन्न पंचायत में आयोजित किया जाएगा।

### डाड़ी प्रखंड में विधान सभा चुनाव को लेकर बीएलओ ने की बैठक

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड सभागार में सोमवार को विधान सभा चुनाव को लेकर बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक हुई। जिसमें विधान सभा चुनाव के निमित बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को 1 जुलाई को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया। द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 25 जून से 20 अगस्त तक चलेगा। संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य दो चरण में होगा। जिसमें प्री रिवीजन की गतिविधियां 25 जून से लेकर 24 जुलाई तक की अवधि में निर्धारित की गई है। वहीं द्वितीय चरण का रिवीजन की गतिविधियां 25 जुलाई से लेकर 20 अगस्त होगा। इस दौरान 27 जुलाई, 28 जुलाई 3 अगस्त और 4 अगस्त को विशेष अभियान दिवस निर्धारित है। बैठक में बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को 1 जुलाई को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इस पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान छूटे हुए मतदाताओं का नाम पंजीकृत करने, नाम विलोपन करने, नाम शुद्धिकरण करने, आदि के कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और हेमंत विश्व शर्मा से मिले टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता टोनी जैन ने झारखंड प्रदेश के चुनाव प्रभारी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा से भगवान बिरसा मुंडा की धरती रांची प्रदेश कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत किया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आगामी चुनाव में झारखंड की इस भ्रष्टाचारी सरकार को हम उखाड़ फेंकेंगे और भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी।वहीं सह प्रभारी हेमंत विश्वशर्मा ने कहा झारखंड 14 लोकसभा सीट से हम लोगों ने 52 विधानसभा क्षेत्र में बढ़त हासिल की है आगामी विधानसभा में हम लोग 70 सीट जीतने का प्रयास करेंगे और जनता के लिए काम करने वाली भ्रष्टाचार से मुक्त सरकार देंगे।

### रेलीगढ़ा में ऑपरेटर समिति का किया गया गठन

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा में सोमवार को ऑपरेटर समिति की गठन को लेकर बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रेलीगढ़ा ऑपरेटर समिति का गठन किया गया। जिसमें महादेव मांझी अध्यक्ष, चारो मांझी उपाध्यक्ष, सुलेंद्र घांसी सचिव, गुरविंद दास सहसचिव, दिलू मुंडा कोषाध्यक्ष, रासो सिंह सह कोषाध्यक्ष चुने गए। बैठक की अध्यक्षता महादेव मांझी ने की। जबकि बैठक में एसपी कालिंदी, भुपेंद्र महली, गुरुप्रित सिंह, राजेश कुमार, राजेंद्र मुंडा, उमाशंकर साव आदि उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवार से मिलने कटियौन पहुंचे पूर्व विधायक



**बरही ।** बीते दिन करियौन निवासी श्यामदेव सिंह (24 वर्ष) पिता इंद्रदेव सिंह की गोवा में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी. मृतक गोवा में ड्राइविंग कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे. मृतक अपने पीछे पत्नी सहित एक बेटा और एक बेटी छोड़ गए हैं. उनके निधन के बाद पूरा परिवार बेसहारा हो गया है. सोमवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने समर्थको संग पीड़ित परिवार से मिलने कटियौन गांव पहुंचे. परिजनों को ढाढस बंधाते हुए सांत्वना दिया. अपनी अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए भविष्य में हर संभव सहयोग करने की बात कही. पीड़ित परिवार से मिलने वालो में पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मनोज सिंह, सतीश सिंह, बसन्त सिंह, सुजीत सिंह, रणधीर सिंह, अमित सिंह, अभिषेक सिंह, सचिन यादव आदि कई लोग मौजूद थे.

### राहुल-पूजा हत्या का मेहता विकास मंच ने की निंदा

**इचाक।** इचाक प्रखंड के ग्राम कुरहा निवासी राहुल कुमार और उनकी पत्नी पूजा यादव को राहुल के पिता ईश्वर मेहता और भाई दोनों लोगों ने साथ मिलकर हत्या की थी और शव को पारसी श्मशान घाट में जला दिया। इस जघन्य अपराध को मेहता कुशवाहा विकास मंच निंदा करता है। क्योंकि मीडिया और प्रशासन भी इस हत्या की पुष्टि किया। सूचना के बाद मेहता कुशवाहा विकास मंच ने एक बैठक बुलाई। जिसमें उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य गण प्रशासन से आग्रह किया गया कि ऐसे निर्मम अपराध के द्वारा किया गया लोगों का कड़ी से कड़ी सजा दिया जाय। ताकि समाज में ऐसी घटना का पुनरावृति ना हो यह भी निर्णय लिया गया कि ईश्वर मेहता के परिवार को सम्पूर्ण जाति समाज से किया जा जाता है।

### नीट घोटाला | मीडिया में चलाए जा रहे नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में ओएसिस स्कूल का पक्ष

# हमारी छवि धूमिल करने का प्रयास : एहसानुल हक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** नीट परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में जांच एजेंसी को ओएसिस स्कूल को आवंटित सीरियल नम्बर का प्रश्नपत्र पटना में अधजली अवस्था में मिला था। जांच एजेंसी की मानें तो यह प्रश्नपत्र परीक्षा तिथि यानि 5 जून के एक दिन पहले 4 जून को हीं लीक होकर हजारीबाग के रास्ते पटना पहुंच चुका था। इस संदर्भ में सोमवार को कल्लू चौक मंडई रोड स्थित ओएसिस स्कूल में एक प्रेस वार्ता में ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एवं एनटीए के सिटी कोर्डिनेटर डॉ एहसान उल हक ने पत्रकारों को बताया कि हजारीबाग के पांच केंद्रों पर 05 मई 2024 को एनटीए के मापदंडों के अनुरूप नीट की परीक्षा संपन्न कराई गई थी, जिसमें उन्होंने कुल 9 बक्सों में सील प्रश्न पत्र एसबीआई बैंक में 5 मई 2024 को सुबह 7:30 के पश्चात रिसीव कर हजारीबाग के सभी पांच परीक्षा केंद्रों के सेंटर सुपरिंटेंडेंट और पदस्थापित ऑब्जर्वर को बैंक मैनेजर की उपस्थिति में सील बंद बक्से सुपुर्द किया था। तत्पश्चात सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुआ था। विगत 21 जून 2024 को पेपर लीक मामले की जांच टीम ईओयू हजारीबाग पहुंची एवं बताया कि 5 मई 2024 को आयोजित नीट प्रश्न पत्र का एक बुकलेट की कॉपी बिहार के पटना शहर में अधजली अवस्था में मिली। इसकी टीम हजारीबाग आई है।



#### पटना में प्रश्न पत्र की कॉपी 4 मई को ही उपलब्ध था

जांच टीम ने इतने संवेदनशील प्रश्न पत्रों के ट्रांसपोर्टेशन की आलोचना करते हुए ब्लू डार्ट को गैर जिम्मेवार बताया।एनटीए के अनुसार प्रश्न पत्रों के बक्से 5 मई 2024 को रिसीव हुआ जबकि कथित तौर पर प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में प्रश्न पत्र की कॉपी 4 मई को ही उपलब्ध था। ऐसी परिस्थिति में मैं किस प्रकार जिम्मेवार हूं। 5 मई 2024 को सुबह 7:30 बजे के पश्चात प्रश्नों के बक्से रिसीव होने के बाद मैंने पूरी जिम्मेवारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया।जांच टीम को भी जांच में मैं और मेरे टीम ने पूरा साथ दिया। वर्तमान में इस मामले में जांच प्रक्रिया जारी है परंतु बीच में ही कुछ समाचार एजेंसियों ने हमारी प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले समाचार प्रचारित किया जो कि निंदनीय है।

### वन विभाग के रिकॉर्ड में प्रखंड में संचालित है सिर्फ दो वैध आरा मिल

बरही। वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार प्रखंड में मात्र दो वैध आरा मील संचालित है. जो बरही के पटना रोड और गया रोड में चलाया जा रहा है. उक्त जानकारी फॉरेस्टर अमर कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि इसके अलावा उनके क्षेत्र में यदि कही भीआरा मिल संचालित होने की सूचना मिलती है तो 24 घंटे के अंदर कारवाई की जायेगी. आरा मिल जब्त करते सुसंगत धाराओं के साथ प्रथिमिकी दर्ज की जायेगी. उन्होंने बताया कि दो दिन पूर्व करियातपुर पंचायत के सलोन के जंगल में अवैध आरा मिल चलाए जाने की सूचना मिली थी. जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर चक्के वाला आरा मिल और एक गाड़ी अवैध लकड़ी जब्त कर रेंज ऑफिस लाया गया.

समादेष्टा का कार्यालय सैप–1 वाहिनी, कैम्प–झा0स0पु0–2, टाटीसिलवे, राँची

Email id - commandantprsap1254@gmail.com

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना– 01,02 एवं 03/2024–25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सैप–1 वाहिनी झा0स0पु0–2 टाटीसिलवे, राँची के लिए सभी प्रकार के वाहनों 52 सीटर बस/टाटा ट्रक 12X12, टाटा ट्रक 407, जीप महेन्द्रा कमान्डर, बोलेरो, मोटर साईकिल टी0भी0एस0 हेतु टायर–ट्यूब एवं बैट्री तथा 10 के0बी0ए0 जेनरेटर हेतु बैट्री का क्रय एवं टाटा ट्रक 12X12, टाटा–407, जीप हेतु हुड कन्वास का सिलाई हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए निविदा आमंत्रण की जाती है। इस संबंध में इच्छुक फर्म/मेसर्स, दिनांक–25 /06 /2024 से 30/ 06 /2024 तक निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक– 08/ 07 /2024 तक निविदा मुहर बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। दिनांक– 10 /07 /2024 को कार्यालय कक्ष में समय 12:00 अप0 में समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि को निविदा दाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नियम व शर्ते :–

1. आपूर्तिकर्ता का निबंधन झारखण्ड राज्य अन्तर्गत होनी चाहिए।
2. निविदा दाता का GST/PAN एवं अन्य सभी प्रकार के कागजात अद्यतन होना चाहिए।
3. निविदा दाता में GST/PAN एवं मोबाईल नम्बर अंकित होनी चाहिए। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा जो अधिकतम छः माह का मान्य होगा।
4. आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गये सभी सामग्रियों की अच्छी गुणवता एवं बाजार दर के अनुरूप होनी चाहिए।
5. सामग्रियों के आवश्यकता के पश्चात् दिये गये सूचना के आधार पर अविलम्ब आपूर्ति करना सूनिश्चित करेंगे।
6. कार्यालय में अंकित नाम/पता निविदा दाता का ही निविदा शामिल किया जायेगा।
7. निविदा दाता द्वारा इस कार्यालय से निविदा का हार्ड कॉपी प्राप्त करने हेतु नाम/पता दर्ज करायेगें। क्रमांक–1, 2 एवं 3 का सभी प्रमाण–पत्र जमा करने एवं सही पाये जाने के पश्चात् सामानों का विवरणी के साथ निविदा का हार्ड कॉपी इस कार्यालय से प्राप्त करेंगे।
8. आपूर्ति कर्ता द्वारा किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाये जाने पर आपूर्तिकर्ता के निविदा को बिना सूचना दिये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक, यातायात, राँची
–सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी
सैप–1 वाहिनी कैम्प, झा0स0पु0–2 टाटीसिलवे,राँची।

PR 327536 Police(24-25)D

## एक नजर

### मानदेय की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**कोडरमा।** सदर हॉस्पिटल में निजी एजेंसी कमांडो सिक्योरिटी फोर्स अंतर्गत आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत कर्मियों ने लंबित मानदेय की मांगों को लेकर सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने नारेबाजी की। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से अपने विभिन्न मांगों को लेकर मुलाकात की। आउटसोर्सिंग कर्मियों ने बताया कि कंपनी द्वारा पिछले तीन महीने से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी द्वारा यदि शीघ्र वेतन नहीं दिया गया, तो सभी कर्मी हड़ताल पर चले जाएंगे। इस पर बातचीत में सिविल सर्जन ने शनिवार तक उनकी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया है। मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी, आउटसोर्सिंग कमी अमन कुमार वर्मा, सोनी कुमारी, चंदन कुमार ,रंजीत कुमार, रेणु समेत आदि उपस्थित थे।

### महिलाएं सशक्त होंगी तभी सभ्य समाज का होगा निमार्ण: वीरेंद्र

**सतगावां।** प्रखंड अंतर्गत कोठियार पंचायत के ग्राम पचाने में सोमवार को महिला सुरक्षा समिति कोडरमा के तत्वावधान में महिला हिंसा के खिलाफ जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सुरक्षा समिति के सदस्यों ने अतिथियों का फूल माला, टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि आज महिला किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। महिलाएं सशक्त होगी, तभी सभ्य समाज का निर्माण होगा और हमारा देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं देश के बड़े पदों पर आसीन है। देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति महिला हैं। विशिष्ट अतिथि बैजनाथ मेहता और अशोक सिंह ने कहा कि महिला शिक्षित और हुनर बंद होकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है।

### झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**जयनगर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मैदान में रविवार को झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य जानकी यादव मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड सचिव विनय राणा व इस्लाम अंसारी ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडेय ने प्रखंड़ कमेटी का विस्तार पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वहीं पंचायत समिति का गठन और पूरे प्रखंड में सघन सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को झामुमो का सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित की गई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर भी विशेष चर्चा की गई। पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि झामुमो आने वाला विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतों से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज करेगी।

## शिक्षक की मौत पर आक्रोशित ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे को किया जाम

# सिमडेगा में सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा में रफ्तार का कर रुकने का नाम नहीं ले रहा है लगातार रफ्तार की कर की वजह से सड़क हादसे के मामले सामने आ रहे हैं और लोगों की मौत हो रही है। सोमवार को रफ्तार की कर की वजह से अलग-अलग जगह में सड़क हादसे की वजह से तीन लोगों की मौत हो गई। पहला मामला सिमडेगा एसडीओ आवास के पास की है जहां पर रविवार देर रात जलडेगा पतिअम्बा पूजार टोली गांव के नवीन बड़ाईक नामक युवक तीव्र गति से बाइक चलाते हुए बिजली पोल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार रही की मौके पर नवीन और उसका दोस्त बिंझियाबांध निवासी आजाद बड़ाईक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों ही घायलों को तत्काल इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में नवीन की मौके पर मौत हो गई ,जबकि आजाद की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से राजधानी रांची रेफर कर दिया गया। मौत के बाद पुलिस मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया बताया गया कि मृतक अपने घर का इकलौता बेटा था ।वही दूसरा मामला सिमडेगा थोलकोबेड़ा के पास की है जहां पर रविवार देर रात एक ही मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग गिरकर घायल हो गए ।घायल में धनेश्वर दास नामक विधाईनटोली निवासी शख्स गम्भीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य साथी को भी हल्की चोट लगी। तत्काल धनेश्वर को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया, जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए सिमडेगा से रांची रेफर कर दिया। इधर एंबुलेंस द्वारा रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को सिमडेगा लाया गया और पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

### शिक्षक की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



इधर तीसरा मामला सिमडेगा कछुपानी के पास की है जहां पर सिहरजोर स्कूल के शिक्षक बिल्चुस तिर्की की एक कार से टक्कर होने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई ।मामले की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीण एवं परिजनों के द्वारा शव को रोड पर रखते हुए मुआवजे की मांग करने लगे और सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। इधर जाम की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझने का प्रयास किया ,लेकिन बात नहीं बनी ।इसके बाद पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी पहुंचे और इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया जिसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों को काफी देर तक समझाया इसके बाद जाम को खोल दिया गया ।बताया गया सिहरजोर स्कूल का शिक्षक बिलचुस तिर्की स्कूल से घर की ओर लौट रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार से जा रही कार के द्वारा उसे धक्का मार दिया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग हुई बैठक

**सिमडेगा।** अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के जिलाअध्यक्ष, प्रतिनिधि एवम ईआरओ एवम बीडीओ के साथ बैठक आयोजित की गई एवम द्वितीय मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया 01जुलाई से अर्हता तिथि के आधार पर दिनांक 25जुलाई को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक जुलाई से 09 अगस्त तक दावा आपत्ति प्राप्त किया जाएगा एवं दिनांक 20अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। दावा/ आपत्ति प्राप्त करने की अवधि में जिन युवा, युवतियां की आयु 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएंगे एवं मृत, स्थानांतरित, दोबारा प्रविष्टि वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटवाने में आवश्यक सहयोग करेंगे।बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, प्रतिनिधि एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड स्तर के निर्वाचन प्रभारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सिकोरदा गढ़ाटोली में मनाया गया संत यूहन्ना चर्च का स्थापना दिवस



**बानो।** प्रखण्ड के सिकोरदा गढ़ाटोली में संत यूहन्ना चर्च का स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया।सन्त यूहन्ना चर्च के वार्षिक स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पवित्र प्रभु भोज का अनुष्ठान पादरी जैकलिन बोदरा ने विधि पूर्वक सम्पन्न कराया ।उन्होंने अपने उपदेश में कहा कि ईश्वर से प्रेम करें।आज अत्यंत खुशी का दिन है कि हम लोग ईश्वर की स्तुति के लिए एक जगह एकत्रित हुए हैं।ग्रामीण क्षेत्र में प्रभु के उपदेश को लोगो तक पहुंचाना ईश्वर की सेवा का कार्य है।सभी आपस में मिल जुल कर रहें।मौके पर विभिन्न मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर बानो जिला परिषद बिरजो कंडुलना, प्रचारक इपिल हेमरोम ,प्रचारक ओएल होरो ,कामडारा धर्मप्रांत के सभापति निखिल भुइँया व ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा ने महारानी दुर्गावती को बलिदान दिवस पर किया याद



**सिमडेगा।** बुंदेलखंड की महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के मौके पर भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा के पदाधिकारी के द्वारा सोमवार को सिमडेगा अल्बर्टा एक्का स्टेडियम के समीप महारानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया । मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान भी शामिल हुई जहां पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती के आदर्शों को अपनाते हुए जीवन यापन करें, उन्होंने कहा की रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास में एक ऐसा नाम है जिसकी पहचान देश के प्रसिद्ध वीरांगनाओं में होती है। महारानी दुर्गावती की जीवनी के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती का जन्म 1524 ईस्वी में चंदेल राजपूताना के महोबा राजा के घर में हुआ था ,बचपन से ही रानी दुर्गावती हथियार चलाने घुड़सवारी करने आदि की शौक रखती थी,म उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती ने मुगल सी से डटकर सामना किया इसी घटना के बाद प्रत्येक वर्ष 24 जून को बलिदान दिवस का आयोजन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित की जाती है।

### महारानी दुर्गावती को बलिदान दिवस पर बजरंग दल ने दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** बुंदेलखंड की गोंडवाना साम्राज्य की महारानी दुर्गावती की 460 वीं बलिदान दिवस के मौके पर बजरंग दल सिमडेगा के द्वारा सोमवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के पास बने महारानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला विश्व हिंदू परिषद मंत्री कृष्णा शर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है की महारानी दुर्गावती 52 में से 51 युद्धों में रानी दुर्गावती अपराजेय रहीं। वह युद्ध के नौ पारंपरिक व्यूहों जैसे वज्र व्यूह, क्रौंच व्यूह, अर्धचंद्र व्यूह, मंडल व्यूह, चक्रशकट व्यूह, मगर व्यूह, औरमी व्यूह, गरुड़ व्यूह और श्रींगातका व्यूह से भली-भांति परिचित थीं. खासकर, क्रौंच व्यूह और अर्द्धचंद्र व्यूह में उनकी महारत थी।अकबर के जुल्म के आगे झुकने से इनकार करते हुए रानी दुर्गावती ने 24 जून, 1564 को मुगलों के खिलाफ लड़ते हुए खुद ही अपनी तलवार सीने में घुसा ली और शहीद हो गई।

### गर्म पानी से झुलस कर व्यक्ति गंभीर



**सिमडेगा।** ठेठईटांगर तराबोगा गांव में सोमवार को गर्म पानी से झुलस कर शनिचरवा बिझिया नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी उपचार चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिचरवा के घर में मेहमान आए थे और वह चिकन बनाने के लिए घर में गर्म पानी कर रहा था गर्म पानी को चूल्हा से उतरने के क्रम में उसका हाथ फिसल गया और शरीर में पूरा गर्म पानी गिर गया जिसकी वजह से पूरा शरीर का का हिस्सा झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# न आरक्षण घटेगा और ना ही संविधान बदलेगा : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** ना किसी का आरक्षण घटेगा, ना ही कोई धार्मिक स्थल टूटेगा, ना संविधान बदलेगा और ना ही आदिवासियों का अधिकार घटेगा। राष्ट्रीय पार्टी बीजेपी और कांग्रेस की मंशा को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने सोमवार को प्रखंड के दुंगा टोली में आयोजित पार्टी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस दोनों सिर्फ और सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करके वोट लेने का प्रयास करती है। दोनों ही पार्टी ने सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में लगातार प्रतिनिधित्व किया है। लेकिन अब भी क्षेत्र के लोग मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने मंत्रित्व काल में जितना हो सकता था उससे ज्यादा लोगों की सेवा करके दिखाया है। एनोस एक्का ने कहा कि अभी भी झारखंड पार्टी लगातार लोगों की सेवा कर रही है। पार्टी को हार और जीत से कोई मतलब नहीं है, उनके राजनीति का मकसद केवल मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि बाइबल, रामायण, कुरान सभी धार्मिक ग्रंथ मानव सेवा की शिक्षा देती है। और धर्म के रास्ते पर चलकर ही उन्होंने लोगों की सेवा करना सीखा है। एनोस एक्का ने जाति धर्म से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने की बात कही।

### डीलिस्टिंग लाने की गलती ना करे भाजपा : आईरीन

झापा नेत्री आईरीन एक्का ने जोश पूर्ण भाषण देते हुए कहा कि जो महिला एक परिवार को बेहतर तरीके से चला सकती है वह समाज को क्यों नहीं चला सकती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी आदिवासी मूलवासी के अस्मिता की रक्षा करने को तैयार है। भाजपा के द्वारा डी लिस्टिंग लाए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए आईरीन में चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा डीलिस्टिंग लागू करने की कोशिश ना करें नहीं तो आदिवासी महिला सड़क पर उतर के आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं ने हमेशा त्याग और संघर्ष का उदाहरण पेश किया है।

# जहरीले सांप के काटने से दो लोगों की बिगड़ी तबीयत



### बारिश के मौसम के आगमन के साथ ही सिमडेगा में लगातार जहरीले सांप के मामले सामने आ रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** बारिश के मौसम के आगमन के साथ ही सिमडेगा में लगातार जहरीले सांप का मामला सामने आ रहा है । ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा होता है। लोग जमीन में सोते हैं और जहरीले सांप दीवार और छप्पर से आकर घर में घूस जाता है और लोगों को नुकसान पहुंचा देता है। कुछ सी तरह का मामला बीती रात जहर ले सांप के काटने से दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई। पहला मामला सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सायपुर की है जहां पर 12 वर्ष के किशोर अशोक कुमार को सांप ने काटा इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई, तुरंत परिवार वाले उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया जहां पर उसकी उपचार चल रही है। वहीं दूसरा मामला कोलेबिरा के रैसिया गांव की है जहां की रायमा केरकेट्टा नामक महिला गंभीर हो गई। तुरंत परिवार वाले उसे झाड़फूक वाले के पास लेकर जब सुनवाई नहीं हुईम तब उसे कोलेबिरा लाया और वहां से उसकी बिगड़ी तबीयत को देख सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर उसकी उपचार चल रही है।

# सिमडेगा के लैंपस संचालकों को मिला सीएचसी संचालन का प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** केंद्रीय प्रायोजित योजना अंतर्गत कंप्यूटराइजेशन का पैक्स अंतर्गत चयनित लैंपस समितियो के पद धारकों को सीएससी संचालन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन पायोनियर कंप्यूटर सेंटर, मेन रोड सिमडेगा में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु के द्वारा किया गया। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो एवं जिले के सीएससी प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। यह कार्यशाला सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड एवं नेशनल काउंसिल फॉर कोऑपरेटिव ट्रेंनिंग फॉर पैक्स के संयुक्त संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण चयनित लैंप्स समितियां के पद धारकों द्वारा लैंप्स से सीएससी सेवाओं का बेहतर संचालन कर उन्हें स्वावलंबी बनाने हेतु आयोजित किया गया ताकि लैंप्स संचालकों का आर्थिक उन्नयन हो सके एवं क्षेत्र के आम जनों को अत्यधिक सरकारी एवं अन्य सेवा प्रदान किया जा सके। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को जिला प्रबंधक, सीएससी सिमडेगा के द्वारा सर्वप्रथम सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की विविध सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। अंत में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर प्रशिक्षण सह कार्यालय कार्यशाला का समापन किया गया।

## पुलिस ने जंगल से एक युवती का शव किया बरामद

# दबाव में आकर आरोपी ने थाने में किया सरेंडर

### वाद-विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में मारपीट होने लगी इसके बाद अर्पण सोरेंग ने अपनी पत्नी को मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा थाना क्षेत्र के किलेसेरा बगडेगा जंगल से एक लड़की का शव पुलिस ने किया शव बरामद । आरोपी ने बोलबा थाना में किया सरेंडर। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बोलबा पुलिस ने किलेसेरा बगडेगा गांव से आरोपी के निशानदेही पर एक लड़की का शव मरामद किया है। ग्रामीणों के अनुसार गत नवंबर माह में किलेसेरा बगडेगा गांव के अर्पण सोरेंग एवं नीलिमा डांग का प्रेम प्रसंग के बाद शादी हो हुई थी । गांव वालों ने ग्राम सभा के माध्यम से लड़की को लड़का के हाथ सौंप दिया। इसके बाद दोनों साथ साथ रहने लगे। बताया गया कि नीलिमा डांग पिता पिता मार्टिन डांग गांव बरवाडीह थाना कोलेबिरा बताया गया। वहीं लड़का अर्पण सोरेंग पिता पत्रिक सोरेंग बलियाजोर बगड़ेगा का रहने वाला था जो अपनी बड़ी बहन के पास किलेसेरा गांव में काफी दिनों से रह रहा था। लगभग दो सप्ताह पहले पति पत्नी में कुछ बातों को लेकर विवाद हो गया। इसके वाद विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में मार-पीट होने लगी इसके बाद अर्पण सोरेंग ने अपनी पत्नी को घर के पास ही गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया। जब लड़की मर गई तो उसके शव को घर से लगभग एक किमी की दूरी पर ले जाकर जंगल के एक खेत में शव को बालू से गाड़ दिया। इसके बाद ऊपर से पत्थर से ढक दिया। घटना के अर्पण सोरेंग जहां तहां घूम रहा था। तब उन्होंने घटना की सूचना अपने माता पिता को सच सच बता दिया। अर्पण सोरेंग ने बताया कि गांव में गांव वालों ने एक बैठक करके मेरे माता पिता को जान से मारने का योजना बना रहे थे। तब मैंने गांव वालों के डर से बोलबा थाना आकर घटना की सूचना दे दिया । साथ ही अपनी गुनाह कबूल करते हुए सरेंडर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध बोलबा थाना में मृतक की बड़ी बहन प्रतिमा डांग के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संस्कार दिवस

## शामिल हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी

# मन से प्रार्थना करने पर ईश्वर की अनुकंपा मिलती है



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड के जीईएल गिरजाघर लट्ठाखम्हण का संस्कार दिवस का आयोजन किया गया। इस संस्कार दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिशप मोरेल बिलुंग एवम बिशिष्ट अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी तथा पस्टोरेट चेयरमैन पादरी संजय डुंगडुंग उपस्थित हुए। विशप ने उपस्थित मसीहियों को संबोधित करते हुए ईस्वर की असीम अनुकंपा के बारे में बताया और कहा कि ईश्वर ने इस संसार में मानव जाति का सृजन किया। ईश्वर अपने सभी अनुयायी से बहुत प्यार करते हैं।आज इस गिरजाघर का संस्कार दिवस हम सभी मिलकर मना रहे हैं। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि हर एक घर को कोई ना कोई बनाने वाले होते हैं। लेकिन जिसने सब कुछ बनाया वह ईश्वर है। परमेश्वर का गिरजाघर सभी के लिए श्रद्धा और उपासना करने का जगह है ईश्वर की अनुकंपा से पवित्र गिरजा घर का निर्माण हुआ है। ईश्वर की छाया सभी पर बनी रहे। इसे पवित्र रखना हर विश्वासी का कर्तव्य है। यहां ईश्वर की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए जिससे जीवन को शांति मिले। मन से प्रार्थना करने पर ईश्वर की अनुकंपा होती है। यहां लोग एकत्रित हो कर ईश्वर से अराधना करते हैं चूंकि एकत्रित हो कर अराधना करने से अलग प्रकार की अनुभूति और संतुष्टि प्राप्त होती है।उन्होने आगे कहा कि राजनीतिक रूप से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ा कर खत्म करना चाहती है, जिसके तहत रोज-रोज नई नई साजिश रचने का कार्य कर रही ही। जिसमे डिलिस्टिंग का मुद्दा को जानबूझ कर उठाया जा रहा है ताकि हमारे बीच वैमनस्यता बढ़े और आदिवासी समाज मे एक-दूसरे के प्रति नफरत पैदा हो जाए।

### करोड़ों खर्च के बाद भी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है पानी

**कोडरमा।** जिला में कृषि योग्य भूमि तक शत- प्रतिशत पानी नहीं पहुंच रहा है। सरकार की योजना मे खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रु खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन आज भी अधिकतर किसानों को बारिश के पानी पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जिले में करीब 50 हजार हेक्टेयर भूमि कृषि भूमि के रूप में चिन्हित है। पर करीब 33 हजार हेक्टर भूमि को सिंचित भूमि के रूप में चिन्हित है। हालांकि इसमें भी शत- प्रतिशत खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। जिले में बड़ी सिंचाई योजना का हाल भी बेहाल है। तिलैया सिंचाई योजना आज तक धरातल पर नहीं उतरा जा सका है। जबकि मरकच्चो प्रखंड स्थित पंचखेरो और केशो जलाशय का भी खस्ता हाल है।

## संत जेवियर कॉलेज में नशे के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से दूर रहने के लिए दिलाई गई शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में सोमवार को मादक पदार्थों के रोक एवं उसके दुष्प्रभाव को समाप्त करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को शपथ दिलाया गया। साथ ही अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों ने स्लोगन के माध्यम से जैसे की ज्ञान हमें फैलाना है नशे को मार भगाना है, बबार्दी का नाम है नशा करता है यह दुर्दशा, नशे की आदत छोड़ो खुशी जीवन से नाता जोड़ो, बीड़ी गुटका पान शराब इनकी आदत बड़ी खराब इत्यादि स्लोगन के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया वही संत जेवियर प्रिंसिपल डॉ फादर एफ्रेम बा ने कहा कि अभी युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता होने की जरूरत है इसी को देखते हुए आज हमने नशा मुक्ति को लेकर इस कॉलेज में कार्यक्रम रखा जिससे कि नशा के प्रति विद्यार्थी जागरूक हों उन्होंने कहा कि उन्होंने अगर अपने लोग नशा नहीं भी करते हो लेकिन अपने परिवार के लिए अपने भविष्य में जो भी लोग संपर्क में आएंगे उनके लिए उनके पास जो जानकारी होगी उनसे वह लोग इस जानकारी को साझा करेंगे उनसे नशा मुक्ति पर रोक लगाया जा सकता है। साथ ही फादर ने कहा कि नशा का काम है नाश कराना चाहे ना शारीरिक विकास, मानसिक विकास या बौद्धिक विकास हो और विशेष कर उनके शरीर पर असर करता है।

# ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवती की मौत, चालक गंभीर

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो के समीप सोमवार को एक ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में बाइक पर सवार युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया । वहीं बाइक पर सवार एक किशोर को मामूली चोट आई है । बताया गया कि बरकट्ठा निवासी वीरेन्द्र साव (32) अपनी ससुराल जामतारा गया था ।

वहां से वह अपनी साली ममता कुमारी व साला सूरज कुमार (10 वर्ष) को लेकर बाइक से अपने रिश्तेदार के घर सोना पहाड़ी पूजा में शामिल होने जा रहा था । तभी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई । ममता कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वीरेन्द्र कुमार और उसका साला घायल हो गए । दोनों को 108 एंबुलेंस से डुमरी रेफरल अस्पताल ले जाया गया ।

## बेरमो में बाइक के चकमे से पलटा ऑटो, एक यात्री की मौत

**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के रामविलास हाई स्कूल के समीप सोमवार की सुबह एक ऑटो बाइक से चकमा खाकर अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में ऑटो पर सवार नावाडीह के आहरडीह निवासी शिवनंदन साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देख दहाड़ मारकर रो पड़े । स्थानीय लोगों ने उन्हें संभाला । हृदय विदारक दृश्य देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं ।



## तोपचांची में जलसंकट शोभा की वस्तु बनीं जलमीनारें

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है. जल जीवन मिशन के तहत प्रखंड की 28 पंचायतों में जलमीनार का निर्माण करवाया गया था, ताकि ग्रामीणों को गर्मी में पेयजल की किल्लत झेलनी नहीं पड़े । पीएचईडी की ओर से आनन-फानन में जलमीनार का निर्माण तो करवाया दिया गया, लेकिन ज्यादातार जल मीनारें शोभा की वस्तु बनी हुई हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए प्रखंड प्रमुख आंनद महतो ने पंचायत समिति सदस्यों को जांच का आदेश दिया। सोमवार को तोपचांची प्रखंड उप प्रमुख हेमलाल महतो ने जलमीनारों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकतर जलमीनार अपने मुख्य उद्देश्य से परे पाया ।

# स्वच्छता सामूहिक जिम्मेदारी, इसे दिनचर्या में शामिल करें : जीएम

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

सीसीएल कथारा क्षेत्र में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है. जीएम (महाप्रबंधक) संजय कुमार ने सोमवार को स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह रथ कथारा क्षेत्र की सभी परियोजनाओं, कॉलोनियों व आसपास के गांवों का भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जगरूक करेगा । जीएम ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक जिम्मेवारी है । इसे हर किसी को अपनी दिनजर्या में शामिल करना चाहिए । जागरूकता रथ के माध्यम से कंपनी स्वच्छता का महत्व हर व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है । स्वच्छता केवल घरों और कार्यालयों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे समाज का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए । कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर उपप्रबंधक चंदन कुमार के द्वारा किया गया । कोयला मंत्रालय के दिशा-निदेशों के अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा 30 जून तक मनाया जा रहा है । इस दौरान कर्मियों व आम लोगों के बीच स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । मौके पर एसओपी जयंत कुमार, एसओसी संजय कुमार, कथारा क्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी सुनील कुमार, सीएसआर उपप्रबंधक चंदन कुमार, कामोद प्रसाद, सचिन कुमार, अनूप सोय, मो । निजाम अंसारी, आदि मौजूद थे ।




## झारखण्ड सरकार

### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 29 जून 2024, रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 29.06.2024 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे** तक **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में रोजगार मेला 2024** का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | MANJULA ENTERPRISES PVT LTD RANCHI. | Sales Consultant | 05 | Graduation | 18-35 Yrs | 15 CTC + Incentive | 1-2 Yrs | Fresher can also apply |
| 02. | MIDLAND MICROFIN LTD. KADRU NEW A.G. CO-OPERATIVE COLONY, ARGORA, DORANDA. | Centre Officer | 40 | 12th Passout /Graduation | 19-29 Yrs | 12000/- + Fuel + Incentive + Accommodation | NA | Field work – bike and license is mandatory. |
| | | Branch Manager | 05 | Graduation/ Post Graduation | 21-32 Yrs | 16,000-23,000/- | Min 6 month experience in Microfinance as ABM | Microfinance experience is mandatory. |
| 03. | RANCHI PATIENT CARE SERVICES (1ST FLOOR, RAZA COMPLEX NEAR ALAM HOSPITAL, BARIATU. | Home Care Nurse | 40 | GDA, ANM /GNM | 18-30 Yrs | 8000-11000/- | Nursing | - |
| 04. | KASHYAP MEMORIAL EYE HOSPITAL PVT.LTD. PURULIA ROAD, RANCHI. | Typist | 05 | Graduate / BCA | 22-26 Yrs | 16325 CTC Rs.17,127CTC | 0-2 Yrs | - |
| | | Messenger | 02 | 12th | 20-24 Yrs | RS 16325 CTC | Not Required | - |
| | | Electrician | 01 | 10th/12th | 22-28 Yrs | RS 16325 CTC | 1-2 Yrs | - |
| 05. | EVERGREEN SERVICES, F-9, HOUSING BOARD SHOPPING COMPLEX ARGORA, RANCHI,JHARKHAND-834002 | Technical Assistant (Network) | 02 | B.E/ B.Tech (Computer Science/ IT/ECE/EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.sc (Electronics) / M.sc (CS) from Govt. Recognized University/ Institutes. | 21-40 Yrs | 26300/- | 1 Year | Knowledge of hardware, networking , OS, troubleshooting certification A+ / N+ / MCSA. |
| | | Jr. Software Developer / Assistant Programmer (Open Source) | 04 | B.E / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.sc ((Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes. | 21-40 Yrs | 26100/- | 1 Year | Experience in MVC architecture, python, JavaScript / JQuery, HTML, XML and knowledge of Postgres SQL / MYSQL/Oracle Database. |
| | | Jr. Software Developer/ Assistant Programmer (.Net) | 03 | BE / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.sc (Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes | 21-40 Yrs | 27000/- | Minimum (01) one year of post-Qualification experience in Software Development field in .net framework / J2EE as per post. Candidates should have exposure to Android Technology. | Experience in MVC Architecture, .net 3.5 and higher,, JavaScript / J Query, XML and knowledge of SQL Server / MYSQL / Oracle Database. |
| | | Jr. Software Developer Assistant Programmer (Java) | 04 | BE / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.sc (Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes | 21-40 Yrs | 28600/- | Minimum (01) one year of post-Qualification experience in Software Development field in J2EE framework. Candidates should have exposure to Android Technology. | Experience in MVC Architecture, JSP, Strut2 framework, Hibernate, Spring MVC and knowledge of / MYSQL / Postgres SQL /Oracle Database. |
| | | Content Writer | 02 | Graduate in any discipline with English or Hindi as a Subject in Graduation and Diploma in Creative Writing / Mass Communication from Govt. Recognized University / Institutes | 21-40 Yrs | 32500/- | Must have (02) two years of Qualification Experience in developing end user documentation, developing content for internet / web content, press releases, preparatio. | Knowledge of Content Writing. |
| | | Software Developer / Programmer (open source) | 02 | BE / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.sc (Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes | 25-40 Yrs | 45100/- | Minimum (03) three Years of post-Qualification Experience in Software Development field in Open Source | Experience in MVC Architecture, Python, JavaScript / J Query, HTML, XML and knowledge of Postgres SQL / MYSQL / Oracle Database. |
| | | Mobile App Developer | 02 | BE / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.SC (Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes | 25-40 Yrs | 46200/- | Minimum (03) three Years of post-Qualification Experience in Mobile App Development (Android / IOS / Windows as per the requirement) | Knowledge of Cross-platform Development, UX/UI Design, modern Programming Languages like PHP, Java, HTML5 and C#, as well as the likes of Adobe Flash Lite, Python. Expertise in Android/ios/windows mobile App Programming as per the requirement. |
| | | Sr. Software Developer / Sr. Programmer (.Net) | 03 | BE / B.Tech (Computer Science / IT/ ECE / EEE) / M.C.A / M.sc (IT) / M.SC (Electronics) / M.sc (CS) From Govt. Recognized University Institutes | 25-40 Yrs | 53900/- | Minimum (05) five years of post-Qualification Experience in Software Development field in .net framework. Candidates should have exposure to Android Technology. | Experience in MVC Architecture, .net, JavaScript / J Query, XML and knowledge of SQL Server / MYSQL / Oracle Database, Web service. |
| | | Accountant | 01 | B.com from Govt. Recognized University / Institutes. | 25-40 Yrs | 20000/- | Minimum (03) three years of relevant experience. | Knowledge of Accounts & Audit System, GST, Budgeting, Banking Institutions, Reputed financial Firms or large Govt. Organizations. |
| 06. | BHARAT FINANCIAL INCLUSION LTD. SHOP 3&4, NILE COMPLEX, KANTATOLI , OLD HB ROAD, RANCHI. | Loan Officer | 30 | 12th Pass / Graduation | 18-28 Yrs | 13600/-+ Fuel and Incentive | Fresher | All Over Jharkhand |
| 07. | VIRTUAL ELEVATORS PVT.LTD BOREYA, RANCHI. | Office Asst. cum Accountant | 01 | B.Com | 30 Yrs | 12,000/- | 2 Yrs | Knowledge of Tally Software |
| | | Technician | 01 | Diploma in Electrical | 25-30 Yrs | 12,000/- | 2 Yrs. | Work Place – Bhubaneswar |
| 08. | VIRSON SECURITY & FACILITY SERVICES PVT.LTD. JHARKHAND. | Security Guard | 120 | 10th | 18-45 Yrs | 10,000 to 15,000/- | No | Male / Female |
| | | Security Supervisor | 50 | B.A | 21-45 Yrs | 12,000 to 18,000/- | Yes | Male |
| | | Driver | 30 | 10th | 21-45 Yrs | 10,000 to 15,000/- | Yes | Male, Driving License |
| | | Field Officer | 10 | B.A | 21-45 Yrs | 12,000 to 20,000/- | Yes | Male |
| | | Accountant | 02 | B.Com | 21-35 Yrs | 10,000 to 18,000/- | Yes | Male |
| | | Computer Operator | 25 | B.A / Diploma | 21-35 Yrs | 10,000 to 18,000/- | Yes | Male / Female |
| 09. | RANI HOSPITAL INFRONT OF MACHALI GHAR , BOOTY ROAD, RANCHI-834001 | Front Line Executive | 02 | Graduate | Above 18 Yrs | 11500/- | 1 Year | Must Have Residential Certificate |
| | | Staff Nurse | 05 | GNM | Above 18 Yrs | 14000/- | 1 Year | Must Have Residential Certificate |
| 10. | SPANDANA SPHOORTY FINANCIAL LTD, RANCHI. | Credit Assistant (Loan Officer) | 20 | 12th/ ITI / Diploma | 18.6 to 27.6 Yrs | 12002/- | NA | Candidate must have a Bike. |
| 11. | RANCHI GRADUATE COLLEGE RANCHI. | Probationary Lecturer (Trainees) | 46 | M.A / M.Com / M.sc | Should not be more than 35 Yrs of age as on 10-06-24 | Rs. 18,070/- to Rs. 35,070/- | – | The emoluments for the post on confirmation after 2 years of training (as applicable) will include basic pay, dearness allowance, perquisites and other facilities as per norms of the college / government. |
| 12. | AREEBA , BARIATU RANCHI . | House Keeper | 05 | 10th | 35 Yrs | As per State Wage | 01 Year | – |
| 13. | DR. VANDANA PRASAD (JAGANNATH HOSPITAL)RANCHI | Ward Boy | 01 | 10th Pass / 12th Pass | Min – 20 Yrs Max – 30 Yrs | 8,000/- | 1-2 Yrs | – |
| 14. | MAHINDRA & MAHINDRA FINANCE SERVICE LIMITED RANCHI. | Business Executive | 03 | Graduation | 30 Yrs | 1.89 L P.AC (for freshers) | 03 Year | – |
| 15. | RAJ HOSPITALS , RANCHI, JHARKHAND-834001 | Executive for Operations | 03 | Graduate | 21-30 Yrs | As per Interview | 1-3 Yrs. | BHM / MHA |
| | | Inpatient Deptt. Floor Co-Ordinator | 01 | Graduate | 21-30 Yrs | As per Interview | 1-3 Yrs. | BHM / MHA |
| | | Executive for Out Patient Department | 01 | Graduate | 21-30 Yrs | As per Interview | 1-3 Yrs. | BHM / MHA |
| | | Staff Nurse | 05 | B.Sc in Nursing | 21-30 Years | As per Interview | 2-5 Yrs. | GNM |
| 16. | BANDHAN BANK LIMITED, RANCHI | Branch Sales Executive | 20 | Graduation | 21-32 Yrs | 16500/- | Fresher / Sales Experience | – |
| | | Relationship Officer | 20 | 12th / Graduation | 21-28 Yrs | 13500/- | – | Must have DL and two-wheeler |
| | | Relationship Executive | 20 | 12th / Graduation | 21-28 Yrs | 13500/- | – | Must have DL and two-wheeler |
| | | Retail Office In charge | 01 | Graduation / MBA | 28-35 Yrs | 35000/- | 4-8 Yrs Experience | – |
| 17. | AUTOMOBIKES KHORHA TOLI NEAR CHADHA FULL TRADERS, OLD H.B ROAD KOKAR, RANCHI. | Spares Manager | 01 | Graduate | 20-35 Yrs | 15000 – 16000/- | Min 1 yrs | |
| | | Office Assistant | 01 | Graduate | 20 – 35 Yrs | 10000- 12000/- | NA | |
| | | Helper Boy | 01 | 10th Pass | 20 – 35 Yrs | 9000 – 10000/- | NA | |
| | | Mechanic | 02 | 10th Pass | 20 – 35 Yrs | 10000 – 13000/- | Min 2-3 Yrs | |
| 18. | SNL BEARINGS LTD. RATU, RANCHI. | Executive – Hr | 01 | MBA in HR | 35 Yrs | Negotiable | 2.5 Yrs Exp. | |
| | | Technical (QA) | 02 | Diploma in Mechanical Engg. | 25 Yrs | Negotiable | One Year | |
| | | Technician Manufacturer | 02 | Diploma in Mechanical Engg. | 25 Yrs | Negotiable | One Year | |
| 19. | CAMBRIDGE INSTITUTE OF TECHNOLOGY TATISILWAY, RANCHI. | Assistant Professor | CSE – 05 CE-03 EEE -01 | B.E / B.Tech, M.E / M.Tech in Relevant Branch. | 60 | 15600 – 39100 with AGP-6000/- | NA | As per AICTE Norms 2019 |
| | | | CHEMISRY - 01 MATHEMATICS-01 PHYSICS-01 ENGLISH-01 | B.Sc , M.Sc, Net / Ph.d | 60 | 15600-39100 with AGP - 6000/- | NA | As per AICTE Norms 2019/UGC Norms |
| | | | BIOLOGY - 01 | B.Sc , M.Sc, Net/Ph.d Bio-Technology | | | | |
| | | Laboratory Technician (CSE) | 01 | Diploma in Computer Science & Engg. | | 15525/- | NA | |
| | | Laboratory Technician (ECE) | 01 | Diploma in Electronic& Communication Engg. | 60 | 15525/- | NA | |
| 20. | RELIANCE NIPOON LIFE INSURANCE | TLPO | 06 | Graduate | 30-42 Yrs | 10,500/- pm + Allowance intensive | 1 Year | Must be Married & Settled in Ranchi. |
| 21. | JPEL FILMS PVT LTD. MAHARASHTRA. | Female Trainee | 50 | ITI Fitter/ Mechanical/Electronics Mechanic/Automobile/ Instrument Mechanic/Machinist/wireman | 18-23 Years | Rs. 11000/- pm | Fresher | Free Stay: To be Provided by the Company (Hostel on sharing Basis). |
| 22. | SKH Y TECH INDIA PVT. LTD. GUJRAT. | Machine Operator | 100 | 10th, 12th, ITI | 18-35 Years | 16000-22000 CTC | NO | - |
| | | Mig Welder | 20 | Any | 18-35 Years | 19000-27000 CTC | 2 Years | - |
| | | Helper | 100 | 9th , 10th , 12th Pass | 18-35 Years | 15500-21500 CTC | NO | - |
| | | Press Operator | 20 | Any | 18-35 Years | 18000-25000 CTC | 2 Years | - |
| | | Loading Unloading Helper | 20 | Any | 18-40 Years | 15000-21000 CTC | NO | - |
| 23. | NETTUR TECHNICAL TRAINING FOUNDATION (N.T.T.F) BANGALORE | Trainee | 150 | 10th, 12th, ITI | 18-25 Years | 14,100 to 14,300 | NA | Free Diploma Under the NCVET given by NTTF (Diploma in Manufacturing Engineering). |
| 24. | SUZUKI MOTORS, GUJRAT | Trainee | 500 | 10th Pass with a minimum of 45% , 12th Pass, Graduate | 18-21 Years | Stipend- 12,375 in hand + 800 food + 1,000 for dormitory= 14167 | | After two years of completion , they will receive an ITI Certificate from Suzuki Motors, Gujrat. (NCVT Approved). |
| 25. | ARVIND LIMITED AHMEDABAD | Trainee | | ITI / 12th/ Graduation | 18-35 Years | CTC 15809 (Monthly) for ITI & Graduates NTH 11895 (Monthly) for ITI & Graduates CTC 13985 (Monthly) for 10th & 12th pass NTH 10767 (Monthly) for 10th & 12th pass | | Free Room, Free Transport, Subsidised Food |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा _ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

**रोजगार मेला में अधिकांश झारखण्ड राज्यान्तर्गत निजी क्षेत्र के नियोजक भाग लेंगें, एवं इनके द्वारा अधिसूचित रिक्तियों में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 लागू होगा। इन रिक्तियों के विरुद्ध स्थानीय उम्मीदवार के रूप में लाभ प्राप्त करने के लिए न्यूनतम अंचलाधिकारी के स्तर का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।**

रिक्ति की विस्तृत विवरणी **ranchi.nic.in** पर देखी जा सकती है।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची


**PR 327503 Labour Employment and Traning(24-25)#D**

# जी 7 का सदस्य बनेगा भारत ?

**देश** में विपक्ष पीएम मोदी को कटु आलोचक है पर सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी में वह बहुत खुश और अभिभूत हैं। हमारे सत्तर वर्षीय प्रधानमंत्री ने अलग-अलग तरह के वैश्विक नेताओं के साथ गर्मजोशी, मिलनसारिता और व्यक्तिगत रिश्ते बनाने में अनूठी महारत दल है। उन्हें केवल आउटरीच सेशन में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन सामूहिक तस्वीर लेते वक्त उन्हें प्रमुखता से केंद्र में रखा गया। संक्षेप में कहें, तो उनके प्रति काफी सम्मान और शिष्टाचार दशार्या गया। और हो भी क्यों नहीं? अमेरिका और फ्रांस के राष्ट्रपतियों तथा ब्रिटिश एवं कनाडा के प्रधानमंत्रियों (जनमत सर्वेक्षणों में जिनकी लोकप्रियता घट गई है और अनिश्चित राजनीतिक भविष्य का सामना कर रहे हैं) की तुलना में मोदी ने भारत में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इतिहास रच दिया है, हालांकि उनकी अपनी पार्टी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस अवसर का लाभ उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐसे मुद्दे उठाए, जो न सिर्फ भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। एआई और ऊर्जा, अफ्रीका एवं भूमध्यसागर पर जी-7 के आउटरीच सेशन में उन्होंने कई विषयों पर प्रकाश डाला, मुख्य रूप से मानव प्रगति में प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग पर। मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं में प्रौद्योगिकी के उदय ने साइबर सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत अपनी विकास यात्रा के लिए किस तरह से एआई का लाभ उठा रहा है। यह जरूरी है कि एआई पारदर्शी, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बना रहे। जहां तक ऊर्जा का सवाल है, भारत का दृष्टिकोण उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है। हम निर्धारित समय से पहले अपनी कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। भारत लाइफ (एलआईएफई) मिशन के सिद्धांतों के आधार पर हरित युग की शुरूआत करने के लिए काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने धरती को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि समय से पहले कॉप प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाला भारत पहला देश होगा और यह 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य पाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। सितंबर, 2023 में जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी यूनियन को उसका पूर्ण सदस्य बनवाने के भारत के प्रयासों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल साउथ की भलाई के लिए बोलने और विश्व मंच पर अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को व्यक्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। भारत-इटली के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए उन्होंने भारत-प्रशांत और भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की आशा व्यक्त की। पिछले दो दशक से ज्यादा समय से हम सुन रहे हैं कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जन्मी मौजूदा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) आज दुनिया की वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती और उसकी समस्याओं का समाधान करने में अक्षम है। यही बात जी-7 के साथ लागू होती है, जिसकी स्थापना 1975 में दुनिया के सबसे बड़े औद्योगिक लोकतंत्रों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान) के एक अनौपचारिक समूह के रूप में तेल संकट, वित्तीय संकट और मंदी से निपटने के लिए की गई थी। इस समूह में कनाडा 1975 में शामिल हुआ। इसका न तो मुख्यालय है, न सचिवालय और न ही चार्टर। इसकी अध्यक्षता बारी-बारी से हर साल सदस्य देशों द्वारा की जाती है। मौजूदा अध्यक्ष एजेंडा निर्धारित करता है और गैर-सदस्य देशों को उचित समझकर आमंत्रित करता है। पिछले कुछ वर्षों में मुद्रास्फीति और अन्य आर्थिक चिंताओं के अलावा जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रवासन जैसे कई मुद्दे जी-7 की चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल रहे हैं। जी-7 देशों की कुल जीडीपी, जो विश्व की जनसंख्या का मात्र 10 फीसदी है, 463 खरब डॉलर है। आईएमएफ के अनुसार, 2023 में यह वैश्विक जीडीपी का 26.4 फीसदी रह गया है, जबकि 2000 में यह 40 फीसदी था। हालांकि वर्तमान में ब्रिक्स की जीडीपी लगभग 260 खरब डॉलर होने का अनुमान है। गोल्डमैन सैक को लगता है कि 2050 तक ब्रिक्स जी-7 की जीडीपी से आगे निकल सकता है!

इन दिनों

# ऊंचाई पर शेयर मार्केट पर खरीद को समर्थन नहीं



शशांक भारद्वाज

**पिछले** सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट ने चार दैनिक सत्रों में तीन में नई ऐतिहासिक ऊंचाई बनाई परंतु इस ऊंचाई के समर्थन में खरीद नहीं देखी गई, इस ऊंचाई को बेचा ही गया। इसलिए बड़ा ब्रेक आउट नहीं आया। शुक्रवार को निफ्टी ने 23667 अंक की नई ऊंचाई अवश्य बनाई परंतु बंदी इस ऊंचाई से 166 अंक नीचे 23501 पर दी। यह गुरुवार की बंदी 23567 से भी 66 अंक नीचे थी। यह ऊंचे स्तरों पर बिकवाली का संकेत है तथा एक सतत संकेत दिखा है। जब तक इस विक्रय को आत्मसात नही किया जाता, मार्केट में इन स्तरों से बड़ी तेजी आने की संभावना कम ही है। एक बार निफ्टी की नई ऊंचाई छूने के पश्चात 100 अंक और ऊपर बंद होने से फिर एक बड़ी तेजी देखी जा सकती है। भारतीय शेयर मार्केट के लिए तात्कालिक आधार पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव तथा केंद्रीय बजट है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भाजपा तथा उनके सहयोगी दलों में मध्य संबध को और अधिक स्पष्ट करेगा, बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा। दोनों का शेयर मार्केट पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। यदि दोनो मार्केट के लिए अनुकूल रहे तब फिर एक बहुत अच्छी चाल दिख सकती हैं। आर्थिक कारक, शेयर मार्केट में धन का प्रवाह, भारतीय अर्थव्यवस्था को अच्छी श्रेणी, कंपनियों के लाभ में 20 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान आदि शेयर मार्केट के लिए सकारात्मक तथा उत्साहजनक बने हुए हैं। मोदी सरकार के लिए राजनीतिक रूप से अभी तक तो कोई नकारात्मक बात आयी नही है। आर्थिक क्षेत्र में भी सरकार गतिशील दिख रही है। जीएसटी परिषद की बैठक के निर्णय ऐसा ही संकेत कर रहे हैं। पिछली तिथि से कर, अर्थदंड में छूट दी गई है। कुछ वस्तुओं पर भी जीएसटी दर में संशोधन किया गया है। सरकार खुले हृदय से व्यापार को प्रोत्साहन के लिए कार्य करने की प्रवृत्ति जारी रखती दिख रही है। शेयर मार्केट के लिए यह एक



**भारतीय शेयर मार्केट के लिए तात्कालिक आधार पर दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव तथा केंद्रीय बजट है। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भाजपा तथा उनके सहयोगी दलों में मध्य संबध को और अधिक स्पष्ट करेगा, बजट भारतीय अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों को स्पष्ट करेगा। दोनों का शेयर मार्केट पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। यदि दोनो मार्केट के लिए अनुकूल रहे तब फिर एक बहुत अच्छी चाल दिख सकती हैं।**

अच्छा संकेत ही है। जीएसटी चोरी रोकने के लिए भी कुछ उपायों की घोषणा की गई है। इससे जीएसटी संग्रह में अच्छी बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि अभी भी अर्थव्यवस्था में काले धन का प्रचलन माना जा रहा है। जीएसटी संग्रह बढ़ने से सरकार का धन सामर्थ्य तो बढ़ेगा ही, आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए भी धन की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे अर्थव्यवस्था को भी अधिक गति मिलेगी। विगत सप्ताह संस्थागत निवेशकों के निवेश के आंकड़े बहुत रुचिकर थे। बुधवार तथा गुरुवार, दोनो दिन विदेशी तथा घरेलू संस्थागत निवेशकों ने मिलकर नकद संभाग में क्रमशः 4125 करोड़ रूपए एवं 15016 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए। जून माह में 21 जून तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भी 12170 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे जबकि उन्होंने मई में 25586 करोड़ रूपए के शेयर बेचे थे। इन सारी खरीदारी के पीछे बिकवाली उच्च आय वर्ग वाले भारतीय निवेशकों की रही होगी। उनके हाथों से इतनी बड़ी राशि के शेयरों का अपेक्षाकृत शक्तिशाली हाथों में जाना मार्केट की शक्ति के लिए अच्छा ही है। ऐसा भी लग रहा है कि चुनाव परिणामों के पश्चात मोदी सरकार की वापसी से विदेशी निवेशक भारतीय शेयर मार्केट में पुनः खरीदार बन रहें हैं। घरेलू संस्थागत निवेशक तो लगभग सतत क्रय कर ही रहें हैं। तो शेयरों की मांग के आपूर्ति से अधिक बने रहने की अच्छी संभावना है। शेयर मार्केट का विस्तार भी अच्छा हो रहा है। इस वर्ष एक लाख करोड़ रुपए के आईपीओ आने की संभावना है। महाराष्ट्र के बाद कोई दूसरा राज्य 1 करोड़ निवेशकों का बना है तो वो उत्तर प्रदेश है जिसे वित्तीय उत्पाद जागरूकता में किसी समय अग्रणी नहीं समझा जाता था। 2010 में तो मात्र 7 लाख निवेशक उत्तर प्रदेश में थे। भारत की युवा पीढ़ी शेयर निवेश के प्रति अधिक आशान्वित हो रही है, शेयरों में अपना निवेश बढ़ा रही है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू उड्डयन मार्केट बन गया है। विमान कंपनिया 1000 नए विमान क्रय कर रही है। सरकारी कंपनिया बिक्री से ले कर लाभ के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर रहीं हैं। इससे संपत्ति का अच्छा प्रतिफल प्राप्त हो रहा है, देश की अर्थव्यवस्था में लग रहा है। बजट को ले कर भी विचार विमर्श प्रारंभ हो गया है। मोदी सरकार उद्योग व्यापार को प्रोत्साहन का महत्व समझती है, अतः बजट के इस दिशा के होने की पूरी आशा है। दीर्घ अवधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की आशंकाएं जताई जा रहीं हैं। ऐसा होने पर शेयर मार्केट में निवेश कम आकर्षक होगा परंतु लगता नही कि सरकार कोई ऐसा पग उठाएगी। शेयर मार्केट को अच्छा बने रहने देना सरकार के लिए आवश्यक भी है ताकि पूंजी निर्माण की प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आए। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 85 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर हो गया है। यह भारत के लिए अच्छा नहीं है यद्यपि सिटी बैंक तो इसके 2025 के 60 डॉलर तक नीचे जाने की भविष्यवाणी कर रहा है। ऐसा होता है तो यह भारत के लिए बहुत सकारात्मक होगा। दीर्घ अवधि में भारत के चीन यहां तक कि अमेरिका से भी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात कहने जाने लगी है। अर्थव्यवस्था जितनी विशाल होगी, शेयर मार्केट का पूंजीकरण भी उतना ही विशाल होगा। निफ्टी में पिछले सप्ताह मात्र 36 अंको की बढ़त रही। इस सप्ताह जून माह के फ्यूचर तथा ऑप्शन सौदों का मासिक कटान है। इस कारण इस सप्ताह बड़ा उतार चढ़ाव दिख सकता है। विदेशी मार्केट से अच्छे संकेत मिले तो निफ्टी 23800 से 24000 की ओर भी बढ़ सकता है परंतु यह मंदी के सौदों के कटान के कारण होगा। नीचे में 23300 से 23000 में अच्छा समर्थन है। कुछ क्षेत्र विशेष, शेयर विशेष में गिरावट दिख रही है, विशेषकर उनमें जहां बहुत बड़ी तेजी देखी गई थी। वितरण सा दिख रहा है। यदि अगले दो दिनों में उनमें पुनः तेजी आरंभ नहीं होती है तो दूसरे क्षेत्र के शेयरों में निवेश करना अधिक उचित लग रहा है। कुछ क्षेत्र विशेष में परिवर्तन की प्रवृत्ति बन रही है। अब टेक्सटाइल, केमिकल, फार्मा अच्छे क्षेत्र हो सकते हैं। यदि कोई राजनितिक उथलपुथल नहीं होती है तो बजट तक भारतीय शेयर मार्केट में मोटे आधार पर रैली बनी रह सकती है। मिड तथा स्मॉल कैप सूचकांकों ने नई ऊंचाइयां बनाई है। यूएस में एसएंडपी सूचकांक का नई ऊंचाई बनाना वहां की अर्थव्यवस्था में विस्तारित तेजी का संकेत है। इंडिया विक्स 13.18 पर बना हुआ है। सोलर ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश अच्छा लाभ दे सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात

# सूचना तंत्र में रिक्तता का भाव



राकेश दुबे

**कुछ** अजीब सा लगा जब ये आँकड़े सामने आए, जैसे - भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार 2024 के आम चुनाव में 64.2 करोड़ लोगों ने मतदान किया। इनमें 36.6 प्रतिशत या लगभग 23.5 करोड़ लोगों ने देश पर पिछले 10 वर्षों से शासन कर रही भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट डाले। यदि आप देश में लगभग 400 समाचार चैनलों में से कई चालू करें तो ऐसा लगेगा कि ये 23.5 करोड़ लोग केवल समाचार ही देखते हैं। अगर यह मान लिया जाए कि ये लोग केवल टेलीविजन देखते हैं तो उस सूरत में इनकी संख्या देश में टेलीविजन देखने वाले कुल 90 करोड़ लोगों के एक तिहाई से कम ही होगी। अब समाचार पत्र पर निगाहें - जब आप बड़े राष्ट्रीय समाचार पत्रों, विशेषकर अंग्रेजी और हिंदी, के पन्ने पलटेंगे तो पाएंगे कि इन 23.5 करोड़ लोगों की पसंद-नापसंद एवं उनके विचार प्रमुखता से दिखते हैं। इंडियन रीडरशिप सर्वेक्षण के ताजा आंकड़ों के अनुसार यह संख्या समाचार पढ़ने वाले 42.1 करोड़ लोगों की आधी है। कई लोग संभवतः समाचार पत्र पढ़ने के साथ टेलीविजन भी देखते होंगे। इस लिहाज इसे इन आंकड़ों में दोहराव की बात से इनकार नहीं किया जा सकता। अगर वर्ष 2014 और 2019 के आंकड़ों पर विचार करें तो इनमें भिन्नता दिखती है। मगर मोटे तौर पर लगता है कि समाचार माध्यम केवल एक प्रकार के दर्शकों का ध्यान रखते हैं। यह रुझान स्थिर बना हुआ है। दूसरे दलों के पक्ष में मतदान करने वाले 40.7 करोड़ लोगों की अनदेखी लगभग एक दशक तक क्यों की गई, एक सवाल है। अगर आप पूरे देश की आबादी पर विचार करें तो समाचार चैनलों का संकीर्ण दृष्टिकोण कहीं अधिक हतप्रभ करने वाला है और इससे एक सूचना तंत्र में कहीं न कहीं रिक्तता का भाव पैदा हुआ है। यह सब इस बात का प्रभाव है कि हमारे पास कैसी खबरें पहुंच रही हैं। मुख्यधारा का मीडिया, जिसकी तगड़ी पहुंच है, ऐसी खबरों का अकेला सबसे बड़ा स्रोत है। विविधताओं से भरे भारत जैसे देश में विभिन्न प्रकार की खबरों के लिए असीमित गुंजाइश रहती है मगर पिछले एक दशक से केवल एक तरह की खबर ही परोसी जा रही है। मुख्यधारा की मीडिया द्वारा दिखाई एवं सुनाई जा रहीं खबरों पर सवाल उठाने वाली काफी कम खबरें सामने आ पाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में संकट या रोजगार की कमी जैसी समस्याओं को लेकर मुख्यधारा के मीडिया में काफी कम खबरें आती हैं। किसी तरह लोगों के बीच ऐसी वाजिब खबरें पहुंचती भी हैं तो लोग अक्सर चकित हो जाते हैं या इन पर विश्वास नहीं कर पाते हैं। पिछले कई वर्षों से पूरे देश में केवल एक निश्चित समूह की पसंद के अनुरूप खबरें चलाई जा रही हैं। इससे सूचना के स्तर पर कहीं न कहीं एक रिक्तता की स्थिति बन रही है जो लगातार बढ़ रही हैं।

(भोपाल)

अर्थव्यवस्था

# भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने पर हो रहा है विचार



प्रहलाद सबनानी

**वैश्विक** स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का एवं भारत के राजकोषीय घाटे से सम्बंधित आंकड़ों का लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। यदि उक्त दोनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही,

**किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है।**

अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। भारत में हाल ही में केंद्र में नई सरकार के गठन सम्बंधी प्रक्रिया सम्पन्न हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी सहित केंद्रीय मंत्रीमंडल के समस्त सदस्यों को विभागों का आबंटन भी किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों का भरपूर लाभ देश को मिला है। इससे देश के आर्थिक विकास को गति मिली है एवं आज भारत, विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में अपार कमी दृष्टिगोचर है। देश में बहुत बड़े स्तर पर वित्तीय समावेशन हुआ है, जनधन योजना के अंतर्गत 50 करोड़ से अधिक बैंक बचत खाते खोले जा चुके हैं एवं इन बचत खातों में आज लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपए की राशि जमा है, इस राशि का उपयोग देश के आर्थिक विकास के लिए किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भारी संख्या में निर्मित हुए हैं। देश में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर लगभग 2200 अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष तक पहुंच गई है। **(ये लेखक के निजी विचार है)**

## फेसबुक वॉल से

Anita Devi
16 Jun ·

कुछ पल गौ माता के साथ।
अनुसंधान बताते हैं कि गौ माता के साथ कुछ समय... See more




389 38 comments 1 share
Like Comment Send Share

Dilip Singh
गौ सेवा से बढकर कोई काम नहीं पुण्य का काम है
Like Reply 3

## X - से

chankya_inspiration
Made with AI
Follow




4,263 likes
chankya_inspiration राजनीति.. एक ऐसा खेल है जिसे चतुर लोग खेलते हैं और.. मूर्ख लोग दिन भर चर्चा करके अपने ही... more
View all 9 comments

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# सिर्फ फौरी अंशदान से समृद्ध नहीं होगा किसान

कृषि कर्म अब लाभकारी नहीं रहा। किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्हें उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। लागत अधिक है और मुनाफा कम है। बीज महंगे हैं। कृषि यंत्र महंगे हैं। कारें सस्ती हैं। कृषि कार्य में उपयोग में लाये जाने वाले ट्रैक्टर महंगे हैं। कारों को बैंक तत्काल ऋण देते हैं। किसानों को ऋण देने में त्रस्त होने की सीमा तक चक्कर लगवाते हैं। सरकारी तंत्र द्वारा छूट के लिए दफ्तर पहुंचे किसानों को आदर नहीं दिया जाता। उन्हें कई बार परेशान किया जाता है। कागजी औपचारिकता के लिए सरकारी तंत्र की आदतें भी बैंकों जैसी हैं। बड़ी समस्या यह भी है कि फसलों के उत्पादन के बाद उपज बेचने के लिए बाजार उपलब्ध नहीं है। बिचौलियों का सहारा लेकर ही किसान अनाज बेच पाते हैं। कई बार बिचौलिए ही किसानों की भूमिका में देखे जाते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि किसानों के पास अपनी उपज के भंडारण के लिए व्यवस्था नहीं है। सुनिश्चित स्थान नहीं है। जैसे ही फसल तैयार होती है किसान फसल लेकर नगरीय या निकट के बाजारों में बेचने के लिए जाते हैं। किसानों के उत्पादन में सबसे पहले बिचौलिए हावी होते हैं। मूल खरीदार बाद में आता है। किसान बिचौलियों की बातों में फंसकर अपनी उपज को कम मूल्य में ही बेचने को मजबूर होते हैं। बिजली के बिल कुछ राज्यों में मुफ्त हैं। उत्तर प्रदेश में इसकी प्रक्रिया चल रही है। सरकार के इस कदम से किसानों को आर्थिक लाभ होगा। बिजली विभाग किस तरह से किस उपभोक्ताओं को दौड़ाता है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। सरकार द्वारा लगातार कार्रवाई करने अच्छे निष्कर्ष की आशा है। राजनीति किसानों की बात सबसे पहले करती है, मगर किसानों की स्थिति आजादी से अब तक बहुत अधिक नहीं सुधरी है। यह कहा जा सकता है कि किसानों के पक्के घर बन गए हैं। वे आधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। कारों से चलते हैं। उनका जीवन स्तर ऊंचा हुआ है। मगर वही किसान ठीक स्थिति में हैं जिनके पास खेती के अतिरिक्त भी आय के अन्य साधन भी हैं। वैदिक साहित्य में वर्णन है कि पृथ्वी अपने आरंभिक काल में बिना जुताई के अति उर्वर थी। इसी कारण पृथ्वी का एक नाम उर्वी भी है। आगे कहा गया है कि मनुष्य सुख से कृषि करें। हल द्वारा सुख पूर्वक कर्षण अर्थात जुताई करें तथा रस्सियां सुखपूर्वक बद्ध हों। खेतों को बार-बार जोते जाने के साथ छहों ऋतुओं को संयुक्त किए जाने को कहा गया है। ऋषि पाराशर का कथन है कि देवता, असुर, मनुष्य सभी अन्न से जीवित हैं। अन्न धान्य से उत्पन्न होता है। अतः सभी कर्म छोड़कर कृषि करना चाहिए। ऋग्वेद में जुआ खेलना छोड़कर खेती करने को प्रेरित किया गया है। उस काल खण्ड में खेती करना श्रेष्ठ था। तभी तो घाघ कवि ने लिखा था कि उत्तम खेती, मध्यम बान। संस्कृति, सभ्यताएं नदियों के किनारे पर अधिक विकसित हुई। मनुष्यों ने अपने निवास स्थान नदियों के तट पर बनाये। बृहस्पति संहिता के अनुसार मृदु मिट्टी वाली भूमि हर प्रकार की खेती के लिए उपयोगी है।

■ **अरुण कुमार दीक्षित**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# दुनियाभर में फेमस है नालंदा का शीतला माता मंदिर

**माता** के आदेश के बाद राजा ने उक्त जमीन की खुदाई कराई तो वहां से मां की प्रतिमा मिली, जिसे बाद में पास में मंदिर बनाकर उन्हें स्थापित कर दिया गया, जो आज मघड़ा गांव के शीतला मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। जिस दिन मां शीतला की मूर्ति मिली थी उस दिन चैत्र कृष्ण पक्ष की सप्तमी थी तथा अष्टमी के दिन मां की प्रतिमा की स्थापना हुई थी। उसी समय से मघड़ा में मेला की शुरूआत हुई, जो अबतक जारी है। जहां पर खुदाई की गई थी उस स्थान ने कुएं का रूप ले लिया, जो आज मिठ्ठी कुआं के रूप में जाना जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस कुएं का पानी आज तक नहीं सुखा है। श्रद्धालु इस कुएं की पूजा जरूर करते हैं। बताया जाता है कि मघड़ा गांव स्थित माता शीतला मंदिर में दिन में दीपक नहीं जलते हैं। धूप, हुमाद और अगरबत्ती जलाना भी



मना है। भगवान सूर्य के अस्त होने के बाद ही मंदिर में माता की आरती उतारी जाती है और हवन होता है। कहा जाता है कि माता शीतला के शरीर में बहुत जलन (लहर) रहती है इसलिए मंदिर में दीपक, धूप या हवन करना वर्जित माना गया है।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# जल्द आएगा व्हाट्सएप का नया फीचर



**उदाहरण** के लिए, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि क्या ट्रांसफर के दौरान दोनों डिवाइसों को व्हाट्सएप में लॉग इन करने की आवश्यकता है, या क्या क्यूआर कोड नए डिवाइस पर साइन-इन की सुविधा भी देता है। इसके अतिरिक्त, स्थानांतरण की अवधि स्थानांतरित किए जा रहे डेटा की मात्रा के आधार पर भिन्न हो सकती है। वर्तमान में, इस सुविधा का बीटा संस्करण Google Play Store के माध्यम से बीटा प्रोग्राम में पहले से नामांकित उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। हालाँकि, बीटा प्रोग्राम वर्तमान में पूरी क्षमता पर है, जिसका अर्थ है कि नए उपयोगकर्ताओं को सुविधा के व्यापक रूप से जारी होने तक इंतजार करना पड़ सकता है। हालाँकि इसके सार्वजनिक रोलआउट के लिए कोई आधिकारिक समयरेखा नहीं है, लेकिन बीटा चरण में इसकी उपस्थिति निकट भविष्य में संभावित कार्यान्वयन का सुझाव देती है।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### ट्रक ने टाटा मैजिक में मारी टक्कर,एक की मौत चार घायल

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में ओवर ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने टेंट का सामान लाद कर ले जा रहे टाटा मैजिक को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने के बाद मैजिक बेकाबू होकर बीच सड़क पर पलट गयी।इस दौरान मैजिक के नीचे दबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।जब कि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे घंटो यातायात बाधित रहा। सूचना पर मौके पर पहुंची मेहसी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। साथ ही मैजिक को वहां से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मैजिक वाहन हरपुर नाग से टेंट का सामान लेकर मोतीपुर जा रहा था।

### एसटीएफ ने कुख्यात नक्सली को किया गिरफ्तार

**गया।** पुलिस और एसटीएफ ने एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार नक्सली गोरेलाल रब्बानी कोच थाना अंतर्गत हत्याकांड में शामिल था। इसने कई जघन्य घटनाओं को अंजाम दिया था. नक्सली को एसएसपी गया के मार्गदर्शन में पुलिस की स्पेशल टीम और एसटीएफ के द्वारा संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया ।बता दें कि 14 जून को थाना अध्यक्ष कोच को सूचना मिली थी कि ग्राम कमल बीघा में एक व्यक्ति जो कि पूर्व में नक्सली रहा है, उसकी नक्सलियों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । इसी मामले में टिकारी थाना क्षेत्र के झिलमिल गांव के रहने वाले स्वर्गीय चीनी राम के बेटे नक्सली गोरेलाल रब्बानी उर्फ गुरु जी को गिरफ्तार किया गया है ।गया एसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गोरेलाल पर सलैया थाना, रफीगंज थाना, मदनपुर थाना, बाराचट्टी समेत कई थानो मे मामले दर्ज हैं ।

## पटना में ईओयू ऑफिस पहुंची सीबीआई

# गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाने तैयारी

» जेई सिकंदर यादवेंदु की गिरफ्तारी से हुआ खुलासा

» सिकंदर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला

एजेंसी। पटना

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम सोमवार को नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर पटना स्थित आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। कहा जा रहा है कि सीबीआई पेपर लीक से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत ले रही है। सीबीआई से पहले ईओयू ही पूरे मामले की जांच कर रही थी। इस




### पूछताछ के लिए आरोपियों को दिल्ली जाने की संभावना

ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की टीम सभी दस्तावेज और सबूत ले रही है, जिससे जांच को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि इसमें जले प्रश्न पत्र के टुकड़े, मोबाइल फोन, लोगों के बयान, लैपटॉप सहित कई चीजें हैं। सीबीआई के अधिकारी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर पूछताछ के लिए दिल्ली भी ले जा सकती है।

### गोधरा सर्किट हाउस पहुंची सीबीआई की टीम

**गोधरा।** पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग करने के मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने के बाद सोमवार को एजेंसी की जांच टीम गोधरा सर्किट हाउस पहुंची है। पंचमहाल जिले के गोधरा स्थित जय जलाराम स्कूल में नीट परीक्षा में परीक्षार्थी को पास कराने के लिए सेटिंग मामले की गूंज देश भर में सुनाई दी थी। इस मामले को लेकर 8 मई, 2024 को गोधरा तहसील थाने में शिकायत दर्ज की गई थी। मामले में 5 आरोपितों को पकड़ा गया था। अब इस मामले की जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंप दी है। सोमवार को गोधरा सर्किट हाउस में पहुंची सीबीआई टीम के साथ पंचमहाल जिले के पुलिस अधीक्षक हिमांशु सोलंकी भी हैं। समग्र देश में हड़कंप मचाने वाले नेशनल एलिजबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट-2024 (नीट यूजी) की 5 मई को परीक्षा ली गई थी। परीक्षा में गड़बड़ी के संबंध में केन्द्र सरकार के डायरेक्टर, डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी जांच सीबीआई की ओर से की जा रही है। गोधरा तहसील थाने में दर्ज प्राथमिकी की भी जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंप दी है। जांच मामले में सभी आरोपितों से पूछताछ से मिली जानकारी समेत अन्य आरोपितों को पकड़ने की कवायद शुरू की गई है।

## मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना : योगी

एजेंसी। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई ! आपके यशस्वी नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत' की संकल्पना साकार हो रही है। निःसंदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही अनवरत तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।



## एजेंट की भूमिका निभाने वाले शिक्षक सीबीआई के निशाने पर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के बदले नकदी मामले में सीबीआई अब सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों की जांच कर रही है, जिन पर बिचौलिए की भूमिका निभाने का संदेह है। सूत्रों ने बताया कि कुछ अभ्यर्थियों से पूछताछ के दौरान बिचौलियों के रूप में शिक्षकों की भूमिका सामने आई है। जिन पर भारी रकम देकर नियुक्ति पाने का संदेह था। सूत्रों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में कार्यरत 11 शिक्षक और दो गैर-शिक्षण कर्मचारी भर्ती में उनकी भूमिका को लेकर केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। वे उन 35 नए बिचौलियों में शामिल हैं, जिनके नाम पिछले कुछ महीनों में जांच के दौरान सामने आए हैं। जांच अधिकारियों ने खुलासा किया कि अलग-अलग पदों के हिसाब से रकम ली गई। वहीं अभ्यर्थियों के घर के पास पोस्टिंग के लिए सबसे अधिक शुल्क लिया गया। सीबीआई अधिकारियों ने लगभग 2,500 उम्मीदवारों की पहचान की है, जिन्हें अकेले 2016 में नौकरियां मिली थीं।

## ब्रीफ न्यूज

### फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाले गिरोह का पदार्फाश

**गोपालगंज।** पुलिस ने फर्जी नियुक्ति पत्र बांटने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है. यह गिरोह संस्कृत विद्यालय और अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक के पद की नौकरी देने का झांसा देकर लोगों से पैसे ठगते थे । पुलिस इस मामले में गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।



एसपी स्वर्ण सिंह ने बताया कि साल 2023 में थावे थाना के रामचन्द्रपुर गांव के शैलेश कुमार सिंह ने फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाले गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी । इसमें संस्कृत शिक्षक के पद पर नौकरी देने की बात दर्ज बताई गई थी । शैलेश ने नौकरी के नाम पर 52 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाया था । पुलिस ने इस मामले में नामजद तीनों अभियुक्तों को पकड़ा । पकडे गए सदस्य मोतिहारी के शाहिद राजा, भोजपुर के विश्वजीत और मनीष सिंह हैं । चौथा अभियुक्त ओमप्रकाश सिंह की खोज जारी है । शैलश ने आरोप लगाया था कि संस्कृत विद्यालय और अल्पसंख्यक विद्यालय में शिक्षक के पद की नौकरी लगाने के लिए अप्रैल 2022 में 52 लाख रुपये दिए गए थे । इसके बाद 21 जून 2022 को संस्कृत शिक्षा बोर्ड से इन लोगों ने फर्जी नियुक्ति पत्र लाकर दे दिया । लेकिन जब संस्कृत बोर्ड में अनुमोदन लेकर गए तो पता चला कि किसी भी तरह की कोई नियुक्ति नहीं हुई है । उसके बाद आरोपियों से रुपये मांगे तो पैसे देने से इंकार कर दिया । वहीं पुलिस गिरोह के लोगों से पूछताछ कर इन लोगों का इतिहास खंगालने में लगी है, ताकि मामले की तह तक जाया जा सके ।

### मोतिहारी में पुल गिरने के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के घोड़ासहन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रहे आरसीसी पुल के गिरने के मामले में पुल बनाने वाले ठेकेदार के मैनेजर गौतम ने थाने में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कराया है। बता दे,कि बीते 23 जून को धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाये जा रहे पुल



निर्माण के साथ ही भरभरा कर गिर गया था।जिसके बाद राज्यस्तर इसकी चर्चा हुई और विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। वही स्थानीय लोगों की मानें तो पुल गिरने के बाद कंपनी की ओर से मौके पर कोई नहीं पहुंचा था। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर ने घोड़ासहन थाने में दिये आवेदन में कहा है कि रात में किसी व्यक्ति ने ढलाई किए गए पुल के बांस-बल्ला को नष्ट कर दिया। जिस कारण नवनिर्मित आरसीसी पुल गिर गया। आवेदन में उन अज्ञात व्यक्तियो को चिह्नित कर उस पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मामले में घोड़ासहन थानाध्यक्ष शंभू मांझी ने बताया कि पुल निर्माण कंपनी धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन के मैनेजर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। गई है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है,कि यह पुल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक करोड़ 60 लाख की लागत से घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क पर बन रहा है।

### पटना में सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे गेस्ट शिक्षकों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे अतिथि शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



अतिथि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने पहले तो उन्हें समझा बुझाकर वापस जाने को कहा, लेकिन शिक्षकों के पीछे नहीं हटने पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि हमने लगभग 6 सालों तक विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। अब हमारी सेवा को समाप्त कर दिया गया है। हमारी संख्या 4257 है, जब राज्य में शिक्षकों की कमी थी तब हमारी नियुक्ति की गई और अब एक झटके में बाहर कर दिया गया। हम सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने आए हैं, लेकिन पुलिस हमें ऐसा करने से रोक रही है। बिहार में अतिथि शिक्षक पिछले 6 साल से उच्च माध्यमिक स्कूल में पढ़ा रहे थे। अब नीतीश सरकार ने गेस्ट शिक्षकों की सेवा पर रोक लगा दी है। शिक्षा विभाग ने उन्हें सेवा मुक्त कर दिया है। 31 मार्च को उनके कार्यकाल का अंतिम दिन था।

## मणिपुर संकट के राजनीतिक समाधान की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों आदिवासी

एजेंसी। इंफाल

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में साल भर से चल रही जातीय हिंसा को समाप्त करने के लिए राजनीतिक समाधान की मांग को लेकर मणिपुर में हजारों आदिवासियों ने सोमवार को रैलियां निकालीं। साथ ही अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक ज्ञापन भेजा। मणिपुर में आदिवासियों की शीर्ष संस्था स्वदेशी जनजातीय नेता फोरम द्वारा आयोजित इस रैली में हजारों की संख्या में आदिवासियों ने हिस्सा लिया। जनजातीय पुरुषों और महिलाओं ने चुराचांदपुर जिले में एक रैली निकाली और जिले के उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसी तरह की रैलियां आदिवासी बहुल कांगपोकपी, टेंग्नौपाल और फेरजावल जिलों में भी आयोजित की गईं। कुकी, जोमी, हमार समुदायों से संबंधित आदिवासियों ने अपने हाथों में मांग वाली लिखी तख्तियां लेकर जातीय संकट के राजनीतिक समाधान की मांग की।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत



*"मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद प्रयागराज में हुए सड़क में मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए*

एजेंसी। प्रयागराज

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जनपद के सरायममरेज थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह टैंकर की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने टैंकर चालक को पकड़ लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस के मुताबिक, सरायममरेज थाना क्षेत्र के सोरो पेट्रोल पंप के पास सुबह एक बेकाबू टैंकर ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में विकास (25), देवकी की पत्नी सुम्मरी (60) और नमकीन की पत्नी जनता (34) बेटा दीवाना और आठ माह की बच्ची लक्ष्मी की मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे टैंकर चालक को भीड़ ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर और चालक को हिरासत में लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम भेजकर घटना की जानकारी परिवार के लोगों दी है।

पुलिस का कहना है कि यह सभी जौनपुर जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के चौकी खुर्द इलाके के रहने वाले थे। किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे तभी यह हादसा हो गया है।

### नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले को लेकर पटना में प्रदर्शन

**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर में नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग को लेकर पटना में महिला, छात्र-युवा और कई अन्य संगठनों ने सोमवार को बुद्धा स्मृति पार्क पर जोरदार प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा), बिहार महिला समाज, बिहार घरेलू कामगार यूनियन, बिहार लीगल नेटवर्क, इंसाफ मंच, मौलिक अधिकार मंच, गौरव ग्रामीण महिला विकास मंच, आइसा, मौलिक अधिकार महिला मंच सहित कई संगठनों ने मुजफ्फरपुर में नौकरी के नाम पर लड़कियों के यौन शोषण मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह 'डबल इंजन' सरकार की नाकामी का चरम उदाहरण है। महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा का दावा करने वाले भाजपा और जदयू शासन में उसी मुजफ्फरपुर में महिलाओं के खिलाफ अपराध की यह दूसरी बड़ी घटना सामने आई है।

## आज का राशिफल

**मेष** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**वृषभ** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा।

**मिथुन** — शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**कन्या** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** — नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएे। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृश्चिक** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**धनु** — कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे।

**मकर** — बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे।

**कुम्भ** — सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन** — धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

### गोवा के मुख्यमंत्री डा.सावंत ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री सावंत ने अपनी एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और बातचीत की।

### संदिग्ध परिस्थिति में हुई महिला की मौत

**कहलगांव।** जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के सिलहन खजुरिया पंचायत के कुशवाहापुर गांव निवासी सोनू अंसारी की 20 वर्षीय पत्नी खूशबू खातून की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हो गई। घटना बीते रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। मृतका के ससुराल वालों का कहना है कि रात में अचानक पेट में दर्द हुआ और तुरंत उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर मृतका के मां ने कहा कि पेट में दर्द होने से मौत नहीं हुई है। इसकी हत्या की गई है। मेरी बेटी के साथ हमेशा मेरा दामाद और उसकी सास मारपीट करती थी। बीते रात्रि में मेरी बेटी का गला दबा कर मार डाला गया। आज से छः साल पहले मेरे बेटी कीज़शादी हुई थी। उधर घटना की जानकारी मिलते ही सनोखर थानाध्यक्ष रणतेज भारती और एएसआई पीके गुप्ता मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और घटना की छानबीन शुरू कर दी।

## वाराणसी के बाबा विश्वनाथ धाम की आय में चार गुना की वृद्धि

▶ कोरोना महामारी की वजह से साल 2020-21 के बीच श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई थी

▶ आकंड़ों के अनुसार मई 2024 तक श्रद्धालुओं की संख्या 16.22 करोड़ दर्ज की गई

एजेंसी। वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ धाम के कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद इसकी आय में चार गुना की वृद्धि हुई है।

मंदिर के कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में आय 22 से 23 करोड़ के आसपास थी, जो 2023-24 में बढ़कर 86 करोड़ हो चुकी है। विश्वनाथ धाम के विस्तार और सुविधाओं के बाद पिछले सात साल में बढ़े दान के साथ ही दर्शनार्थियों की संख्या में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। आकंड़ों



के अनुसार मई 2024 तक श्रद्धालुओं की संख्या 16.22 करोड़ दर्ज की गई।

काशी विश्वनाथ धाम के कायाकल्प के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर निरीक्षण और मार्गदर्शन में कई सुविधाएं जोड़ी गई हैं। कोरोना महामारी की वजह से साल 2020-21 के बीच श्रद्धालुओं की संख्या में गिरावट आई थी, लेकिन अब इसमें तेजी से वृद्धि हो रही है। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु हर दिन बड़ी संख्या में बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 दिसंबर 2021 को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। यह धाम करीब 5 लाख स्क्वायर फीट में फैला हुआ है, जिसकी कुल लागत 900 करोड़ रुपये है। इसमें कुल 23 इमारतें और 27 मंदिर हैं। अब, श्रद्धालु गंगा घाट से सीधे कॉरिडोर के रास्ते बाबा के दर्शन आसानी से कर पा रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है। देश ही नहीं बल्कि विश्वभर से लोग यहां कि प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और भव्यता को देखने आते हैं।

### मुख्यमंत्री तमांग प्रधानमंत्री से मिले



**गंगटोक।** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया। मुख्यमंत्री तमांग ने आज अपने आधिकारिक फेसबुक पेज के जरिये बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्होंने लगातार समर्थन, खासकर पिछले साल अक्टूबर में सिक्किम में आई बाढ़ के दौरान तत्काल राहत के लिए धन्यवाद दिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पुनर्निर्माण और पुनरुद्धार के लिए 3673.25 करोड़ रुपए की आपदा के बाद आवश्यकता आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### संविधान पर हमला स्वीकार नहीं, राहुल गांधी ने सत्ता पक्ष पर साधा निशाना



**नई दिल्ली।** नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है। इस दौरान एक खास बात ने सभी का ध्यान खींचा। विपक्ष के सभी सांसदों ने संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर शपथ ली, जबकि सत्ता पक्ष के किसी भी सांसद ने ऐसा नहीं किया। जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होंने पीएम मोदी और अमित शाह को आड़े हाथों लेते हुए इसका जवाब दिया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जिस तरह से संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, इसलिए हमने शपथ लेते हुए संविधान पकड़ा हुआ है। जब राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या ऐसा कर आप कोई संदेश देना चाह रहे हैं तो इस पर उन्होंने कहा कि बिल्कुल संदेश है। मैं एक बात आपसे कह दूं कि कोई भी शक्ति भारत के संविधान को छू नहीं सकती। हमारे लिए भारत का संविधान ही सब कुछ है और जो कोई भी इस पर आक्रमण करेगा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

### केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक हटाने से मना कर दिया है।



सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई बुधवार 26 जून के लिए टाल दी है। उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा और दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर कहा कि हमें दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। तब तक हम कुछ नहीं कह पाएंगे। ज्ञात हो कि शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए उन्हें जमानत दे दी थी जिसके बाद केजरीवाल ने 2 जून को सरेंडर किया था। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने 21 जून को एक अंतरिम आदेश में प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो की रिहाई पर रोक लगा दी थी, इसमें निचली अदालत के जमानत आदेश को चुनौती दी गई थी।



**टी-20 वर्ल्ड कप 2024**

**अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश**
प्रातः 06.00 बजे से
**स्टेडियम :** आर्नोस वेल स्टेडियम

**यूरो कप-2024**

**1 अल्बानिया बनाम स्पेन**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियम:** फ्रैंकफर्ट एरिना, स्टेडियम

**2 क्रोएशिया बनाम इटली**
प्रात : 12.30 बजे से
**स्टेडियम:** रेड बुल एरिना, लीपज़िग

## एक नजर

### कोहली ने अनावश्यक आलोचना झेली है : डेविड वार्नर

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ टी 20 विश्व कप के महत्वपूर्ण सुपर आठ मुकाबले से पहले ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी ओपनर डेविड वार्नर ने विराट कोहली के समर्थन में आगे आते हुए कहा है कि बल्लेबाज ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर अनावश्यक आलोचना का सामना किया है। कोहली ने न्यूयॉर्क में ग्रुप चरण में फ्लॉप शो के बाद वेस्ट इंडीज में सुपर आठ मैचों में अफगानिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ क्रमशः 24 और 37 रन बनाये हैं। वार्नर ने कहा कि मैदान पर कोहली की ऊर्जा भारत के खिलाफ मुकाबलों में आग में ईंधन डालने का काम करती है। वार्नर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, यह खेल के प्रति उसका जुनून है, जैसे, उसे रन बनाने की आदत है और रन बनाने की भूख है।

### मेजबान टीम टी20 विश्व कप से बाहर

**नार्थ साउंड (एंटीगा)।** टी20 विश्व कप कप 2024 में सुपर-8 के ग्रुप 2 से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दो टीमों का नाम तय हो चुका है। ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका ने छह अंकों के साथ पहले स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया, जबकि इंग्लैंड की टीम चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। बारिश से बाधित मैच में सोमवार को एंटीगा में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टक्कर हुई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टूनार्मेंट की सह मेजबान वेस्टइंडीज ने अफ्रीकी टीम के सामने 136 रन का लक्ष्य रखा। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन रोस्टन चेज (52 रन) ने बनाए।

### टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में

# ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए चाहिए 206 रन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 विश्व कप सुपर 8 मैच सेंट लूसिया के ग्रोस आइलेट स्थित डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो गया है। बहरहाल, ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। ऑस्ट्रेलिया के लिए सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। टीम इंडिया को रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92 रन बनाकर तेजतर्रार शुरूआत दी। इसके बाद सूर्यकुमार ने 31, शिवम दुबे ने 28 तो हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचा दिया।

**विराट कोहली दूसरी बार 0 पर आऊट :** टीम इंडिया के लिए ओपनिंग पर आए विराट कोहली फिर असफल हो गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में विराट 0 रन पर हेलजवुड की गेंद पर टिम डेविड के हाथों लपके गए। उन्होंने पांच गेंदें भी खेलीं। कोहली का विश्व कप में ओपनिंग खल नहीं रह है। वह आयरलैंड के खिलाफ 1, पाकिस्तान के खिलाफ 4, यूएसए के खिलाफ 0, अफगानिस्तान के खिलाफ 24 तो बांग्लादेश के खिलाफ ओपनिंग करते हुए 37 रन ही बना पाए हैं। यह इस विश्व कप में कोहली का दूसरा डक भी है।



**सूर्यकुमार-शिवम ने दी मजबूती :** रोहित के आऊट होने पर सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे ने पारी को संभाल लिया। दोनों ने ताबड़तोड़ शॉट लगाए। सूर्यकुमार अपने मनपसंद शॉट लगाते दिखे। उनका विकेट 15वें ओवर में गिरा। तब तक सूर्यकुमार 16 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बना चुके थे। जबकि दूसरे छोर से शिवम दुबे ने शॉट लगाने जारी रखे। 19वें ओवर में शिवम दुबे का विकेट गिरा। उन्होंने 22 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए।

**रोहित ने स्टार्क की ओवर से खींचे 29 रन :** कोहली जब पवेलियन लौट चुके थे तो कप्तान रोहित शर्मा ने तीसरे ओवर में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को आड़े हाथों ले लिया। उन्होंने स्टार्क की पहली 2 गेंदों पर लगातार छक्के लगाए। तीसरी गेंद पर चौका तो चौथी गेंद पर छक्का जड़.दिया। यह देखकर कमेंट्री कर रही रिकी पोंटिंग भी उत्साहित दिखे। रोहित ने इसके बाद आखिरी गेंदों पर भी छक्का लगाकर स्टार्क की ओवर से 29 रन खींच लिए।

**19 गेंदों पर लगाया अर्धशतक, 92 रन बनाए :** भारतीय टीम जब 5वां ओवर खेल रही थी तो पहली ही गेंद पर रोहित ने पैट कमिंस को छक्का जड़ दिया। इसके बाद बारिश आ गई और मैच रोक देना पड़ा। उन्होंने पैट कमिंस के ओवर में 9 रन और खींचे और 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | +2.425 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.223 |
| अफगानिस्तान | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.650 |
| बांग्लादेश | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | -2.489 |

**आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 ग्रुप-2 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका (द) | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | +0.599 |
| इंग्लैंड (द) | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | +1.992 |
| वेस्टइंडीज (ए) | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | +0.963 |
| यूएसए (ए) | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.906 |

### अफगानिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा आज

**सेंट विंसेंट।** टी20 विश्व कप 2024 के सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में सेमीफाइनल की संभावनाओं के लिए अफगानिस्तान का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मुकाबला मगंलवार को भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से किंग्सटाउन के सेंट विंसेंट मैदान पर होगा। जहां ग्रुप 2 के दो सेमीफाइनलिस्ट पक्के हो चुके हैं, वहीं अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद ग्रुप 1 का समीकरण भी रोमांचक हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को हराने के बाद अफगानी टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे बांग्लादेश को भी हराकर पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश करेंगे। वहीं बांग्लादेश की टीम इस मैच को बड़े अंतर से जीतकर अपनी बची संभावनाओं को ज़िंदा रखना चाहेगी। दोनों टीमों के बीच अब तक 11 टी20 मुकाबले हुए हैं, जिसमें अफगानिस्तान को छह जबकि बांग्लादेश को पांच मैचों में जीत मिली है। वहीं टी20 विश्व कप में दोनों टीमें सिर्फ. एक बार भिड़ी हैं, जिसमें बांग्लादेश को जीत मिली थी।

## वेस्टइंडीज तीन विकेट से हारा दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में



**एजेंसी। एंटीगुआ**

दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर 8 के एक रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। बारिश से बाधित इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में जब दक्षिण अफ्रीका की टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो पहले ओवर में क्विंटन डी कॉक ने 12 रन जोड़े। हालांकि आंद्रे रसेल ने दूसरे ओवर में रीजा हैंड्रिक्स (00) और डी कॉक (12) को आउट कर अफ्रीकी टीम की शुरूआत बिगाड़ दी। बारिश ने डाला खेल में खलल, दक्षिण अफ्रीका को 17 ओवर में मिला 123 रनों का लक्ष्य हालांकि इसके बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश रूकने के बाद दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 17 ओवर में 123 रनों का संशोधित लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मार्करम और ट्रिस्टन स्टब्स ने सधी शुरूआत दिलाई। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 27 रन जोड़े, इस साझेदारी को अल्जारी जोसेफ ने मार्करम को आउट कर तोड़ा। मार्करम ने 15 गेंदों पर 2 चौकों की बदौलत 18 रन बनाए। मार्करम के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए हेनरिक क्लासेन ने तेजी से बल्लेबाजी करनी शुरू की और केवल 10 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्के की बदौलत 22 रन बनाए। 77 के कुल स्कोर पर अल्जारी जोसेफ ने क्लासेन को विकेटकीपर पूरन के हाथों कैच आउट कराया। डेविड मिलर कुछ खास नहीं कर सके और 93 के कुल स्कोर पर रोस्टन चेज ने उन्हें बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका पांचवां झटका दिया। इसके बाद संभलकर खेल रहे ट्रिस्टन स्टब्स ने चेज को छक्का मारने के चक्कर में मिडऑन पर काइल मेयर्स को कैच थमा दिया। स्टब्स ने 27 गेंदों पर 4 चौकों की बदौलत 29 रन बनाए।

## ओलंपिक में क्रिकेट के लिए होगा अविश्वसनीय अनुभव : पीटरसन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि ओलंपिक में खेलना एक क्रिकेटर के लिए 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव' होगा। पीटरसन के करियर में टी20 विश्व कप ट्रॉफी, भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट दिग्गजों के खिलाफ यादगार जीत शामिल है। उन्होंने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की पहल की सराहना की। क्रिकेट को 2028 खेलों के लिए ओलंपिक में जोड़ा गया है। आईसीसी के अनुसार, इस गेम के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 3 बिलियन से अधिक दर्शकों के होने का अनुमान है। वर्ष 1900 के बाद यह पहली बार होगा जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को जोड़ा गया है। पीटरसन ने पॉडकास्ट श्रृंखला '180 नॉट आउट' में कहा, मैंने कभी ओलंपिक खेल नहीं खेला।

### क्रिस जॉर्डन ने हैट्रिक लेकर घर वापसी का लुत्फ उठाया

**ब्रिजटाउन।** इंग्लैंड के क्रिस जॉर्डन ने केंसिंग्टन ओवल में अपने करियर के यादगार क्षण का जश्न मनाया, और हैट्रिक लेकर अपनी टीम को यूएसए पर 10 विकेट की धमाकेदार जीत के साथ-साथ टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह भी दिलाई। बारबाडोस में जन्मे 35 वर्षीय गेंदबाज ने इस रिकॉर्ड को अपने लिए बेहद खास बताया, क्योंकि उनका इस मैदान से गहरा नाता है, जहां से उनकी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। सुपर-8 में यूएसए के खिलाफ, जॉर्डन ने 2.5 ओवर में 4/10 का आंकड़ा हासिल किया।

## हॉकी ने जो कुछ भी दिया, उसके लिए आभारी हूं : माधुरी किंडो

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर माधुरी किंडो को हाल ही में जूनियर टीम से प्रमोट किया गया है। अपने इस शानदार सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हॉकी ने जो कुछ भी उन्हें दिया, वो उसके लिए सदैव आभारी रहेंगी। माधुरी ओडिशा के बीरमित्रपुर के एक साधारण किसान परिवार से हैं, जो राउरकेला के राजसी बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम से एक घंटे की दूरी पर है। माधुरी ने अपने जीवन में हॉकी के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि बीरमित्रपुर में हमारे पास बिना कंक्रीट की छत वाले दो घर थे और परिवार में केवल मेरे भाई मनोज ही कमाते थे। उन्होंने नए घर के निर्माण का सारा खर्च उठाया और पश्चिमी रेलवे से नौकरी का प्रस्ताव मिलने के बाद, मैं आखिरकार उनकी आर्थिक मदद करने में सक्षम हुई। अपने भाई की मदद करना काफी अच्छा एहसास था। मैं हॉकी की आभारी हूं, जिसने मुझे हर चीज में मदद की। माधुरी अपने भाई मनोज किंडो के हॉकी कौशल से काफी प्रभावित थी।



### झारखंड हॉकी के चार पदाधिकारी पेरिस ओलंपिक में होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड हॉकी के पदाधिकारी हॉकी पेरिस ओलंपिक में शामिल होंगे। इन पदाधिकारियों में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा और सीईओ रजनीश कुमार शामिल हैं। इस दौरान असरिता लकड़ा 28 से 31 जुलाई तक तो वहीं विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार पांच अगस्त से 10 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठाएंगे। इनका सारा खर्च हॉकी इंडिया की टीम उठायेगी।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### एसएंडपी ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.8% रखा

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को 6.8 फीसदी पर कायम रखा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ऊंची ब्याज दरों और कम राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में कमी आएगी। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को एशिया प्रशांत के लिए जारी आर्थिक परिदृश्य में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी आर्थिक वृद्धि के साथ हैरान कर रही है। एजेंसी का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर 6.8 फीसदी पर आ जाएगी।

### जमाखोरी रोकने के लिए सरकार ने गेहूं की स्टॉक लिमिट तय की

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 मार्च, 2025 तक गेहूं की स्टॉक लिमिट तय कर दी है। सरकार ने गेहूं की कीमतों में स्थिरता लाने और जमाखोरी रोकने के लिए यह कदम उठाया है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने तथा जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए गेहूं पर स्टॉक सीमा लागू की है। मंत्रालय के मुताबिक यह आदेश 24 जून से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## दुनिया भारत का उत्थान देख रही, यह हमारा क्षण : अदाणी

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक रिश्तों को खराब करने वाली अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भारत के उत्थान को देख रही है और यह भारत का क्षण है। अदाणी एंटरप्राइजेज की वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि एक जटिल विश्व में भारत अब स्थायित्व, सहयोग और प्रगति की शक्ति बन चुका है। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा, भारत की वृहद अर्थव्यवस्था की स्थिरता और महत्वाकांक्षी विकास योजनाएं हमारा विश्वास बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के बहुगुणक प्रभाव के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस पर फोकस करते हुए इसके लिए फंडिंग में 16 प्रतिशत का इजाफा किया।



### हमारा पोर्टफोलियो मजबूत, सबसे अच्छा समय आना अभी बाकी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि अपने इतिहास में सबसे दमदार नतीजे, मजबूत कैश पोजीशन और सबसे कम डेट रेश्यो के साथ ग्रुप का पोर्टफोलियो का रास्ता बड़ी उपलब्धियों के वादों के साथ रोशन है। बता दें, अदाणी ग्रुप का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2023-24 में काफी शानदार रहा है। अदाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में गौतम अदाणी ने अपने शेयरधारकों से कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में हमने 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सबसे अधिक 82,917 करोड़ रुपये (करीब 10 अरब डॉलर) का ईबीआईटीडीए हासिल किया है। इसके कारण हमारा टैक्स के बाद मुनाफा सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़कर 40,129 करोड़ रुपये हो गया है।

### विपरीत परिस्थितियों ने हमें और मजबूत बनाया : गौतम अदाणी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि विपरीत परिस्थितियों ने हमारी परीक्षा ली और हमें पहले के मुकाबले अधिक मजबूत बनाया। साथ ही कहा कि कोई भी चुनौती ग्रुप की नीव नहीं हिला सकती। अदाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि विदेशी शॉर्ट सेलर की ओर से उन पर तथ्यहीन आरोप लगाए गए और उनकी दशकों की मेहनत पर सवाल उठाए गए।

### लाखों को सशक्त बनाने के लिए स्किलिंग हेल्थकेयर हमारी प्राथमिकताएं : अदाणी

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि कौशल, स्वास्थ्य, पोषण तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर कंपनी दुनिया पर एक छोटी सकारात्मक छाप छोड़ने में अपनी भूमिका अदा करना चाहती है। अदाणी फाउंडेशन में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए गौतम अदाणी ने कहा कि हर संख्या अपने-आप में बदलाव की, एक जीवन के सशक्तीकरण की और एक समुदाय को विकास का अवसर प्रदान करने की कहानी कहती है।

## ली-आयन बैटरियों की हमारी रिसाइकलिंग दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ : नितिन गुप्ता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की सबसे बड़ी एंड-टू-एंड ई-वेस्ट मैनेजमेंट और दुनिया की श्रेष्ठ ली-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग कंपनी एटेरो के सह-संस्थापक और सीईओ नितिन गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कंपनी की बैटरी से महत्वपूर्ण सामग्रियों को निकालने की दर 98 प्रतिशत से अधिक है।

आईएएनएस के साथ बातचीत के दौरान गुप्ता ने बताया, हम कोबाल्ट, लिथियम कार्बोनेट, ग्रेफाइट और निकेल जैसी शुद्ध बैटरी-ग्रेड सामग्री निकालने के लिए एक व्यापक यांत्रिक और हाइड्रोमेटेलर्जिकल दृष्टिकोण के साथ काम करते हैं। इसकी रिकवरी दर 98 प्रतिशत से अधिक है। कंपनी का यह असाधारण प्रदर्शन दुनिया की अन्य कंपनियों से बेहतर है।




आमतौर पर उनकी रिकवरी दर 75 प्रतिशत से कम होती है। गुप्ता ने कहा, एटेरो में, लिथियम-आयन रीसाइक्लिंग प्रक्रिया इस परिवर्तन का एक प्रमुख उदाहरण है। यह वर्जिन धातुओं के निष्कर्षण की तुलना में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 97 प्रतिशत या उससे अधिक की उल्लेखनीय कमी प्रदर्शित करती है। एटेरो भारत में एकमात्र इकाई के रूप में उभर कर सामने आई है। यह ब्लैक मास के पूर्ण प्रसंस्करण और शोधन के संचालन में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक है। एटेरो अन्य कंपनियों को ब्लैक मास का निर्यात या आपूर्ति नहीं करती है।

इसके बजाय, कंपनी अपने ग्राहकों के लिए ब्लैक मास को बैटरी-ग्रेड सामग्री में परिष्कृत कर रीसाइक्लिंग प्रक्रिया से मूल्य को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करती है। एटेरो लिथियम कार्बोनेट निकालने के लिए दुनिया में सबसे कम खर्च का दावा करता है। यह प्रति टन मात्र 3,200 डॉलर है। यह बैटरी रीसाइक्लिंग क्षेत्र में उद्योग मानकों की तुलना में 40 प्रतिशत सस्ता है। इसकी तुलना में, पारंपरिक हाइड्रो प्रक्रिया के लिए न्यूनतम खर्च 5,500 डॉलर प्रति टन है। पाइरो प्रक्रिया के लिए, यह अन्य कंपनियों के लिए 10,000 डॉलर प्रति टन तक बढ़ जाता है।

## चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंक में बढ़ेगी कैपिटल गुड्स कंपनियों की आय

**एजेंसी। मुंबई**

सरकार की ओर से रेलवे (मेट्रो सहित), डिफेंस और रिन्यूएबल सेक्टर में लगातार पूंजीगत व्यय किए जाने के कारण कैपिटल गुड्स बनाने वाली कंपनियों के राजस्व में वित्त वर्ष 2024-25 में दोहरे अंक में उछाल देखने को मिल सकता है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि बाजार में उच्च प्रतिस्पर्धा के कारण वित्त वर्ष 2024-25 ऑपरेटिंग मार्जिन 80 से 100 बेसिस अंक कम होकर 12 से 13 प्रतिशत रह सकता है। एक्सपोर्ट, जहां पर मार्जिन अधिक होता है, उसमें सुस्ती रह सकती है। हालांकि, इस दौरान कच्चे माल जैसे स्टील, कॉपर और एलुमिनियम की कीमतें स्थिर रह सकती हैं। क्रिसिल रेटिंग्स के डायरेक्टर आदित्य झावेर ने कहा कि निजी कंपनियों की ओर से पारंपरिक सेक्टर में पूंजी लगाई जा रही है।



## सीतामरण ने ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के साथ की बजट पूर्व बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में ट्रेड यूनियनों और श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए और विचार रखे। बजट पूर्व परामर्श बैठक में वित्त सचिव, वित्तीय सेवा के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी भाग लिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था। चुनाव के बाद उन्हें फिर से वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अब पूर्ण बजट पेश करने के पहले उसकी तैयारी शुरू कर दी है।



## निचले स्तरों से लौटी खरीदारी सेंसेक्स 131 अंक बढ़कर बंद

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी दिन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। बाजारों की शुरूआत नकारात्मक हुई थी, लेकिन कारोबारी सत्र में तेजी हुई और दिन के ऊपरी स्तरों पर बाजार बंद हुआ। सेंसेक्स 131 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 77,341 और निफ्टी 36 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 23,537 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 147 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 55,577 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 18 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 18,217 पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, फिन सर्विस, एफएमसीजी और कंजम्पशन इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। पीएसयू बैंक, मेटल, मीडिया और हेल्थकेयर इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, पावर ग्रिड, सन फार्मा, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी टॉप गेनर्स थे।



## एक नजर

### छत्तरपुर : कुएं से मिली एक युवक की लाश जांच में जुटी पुलिस

**पलामू।** जिले के छत्तरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर रविदास टोला में एक युवक का कुएं में शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतक की शिनाख्त अरविंद कुमार के रूप में की गई है। ग्रामीणों और पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, युवक सुबह शौच के लिए जाने का बोलकर घर से निकला था। बताया जा रहा है कि युवक का दिमागी संतुलन कई दिनों से ठीक नहीं था। युवक कुएं में कैसे गिर गया यह जानकारी अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आम चुनने गई छात्रा की सर्पदंश से मौत

**महुआडांड़।** महुआडांड़ झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में अध्ययनरत 12 वीं कक्षा की छात्रा शोभा एक्का (उम्र लगभग 18 वर्ष) पिता संतोष एक्का ग्राम साले निवासी की मौत सर्पदंश से रविवार को हो गई। जानकारी के अनुसार शोभा एक्का गर्मी की छुट्टी में अपने घर गई हुई थी। जहां 18 जून को अपने घर के पास ही आम चुनने चली गई। इस क्रम में एक सांप ने छात्रा को डंस दिया। जब परिजनों की इसकी जानकारी हुई तो अस्पताल न लाकर घर में ही परिजनों के द्वारा झाड़ फूंक कर इलाज किया गया। जहां हालात गंभीर होने पर महुआडांड़ स्थित कार्मेल हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया। जहां से डॉक्टर द्वारा उस रेफर करते हुए मिशन हॉस्पिटल तुम्बागढ़ा भेजा। परंतु यहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह तीन बजे छात्रा की मौत हो गई। मौत की खबर से गांव और परिवार में शोक की लहर है।

### दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन

**हरिहरगंज।** शहर के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ एनएच 139 स्थित दिल्ली मोबाइल एसेसरीज का उद्घाटन सोमवार को पूर्व मुखिया रिणु देवी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तथा राजद नेता बुधन सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को होलसेल व रिटेल खरीदारी के लिए बाहर नहीं जाना होगा।

### हरिहरगंज में 353 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**हरिहरगंज ।** सोमवार को सीता प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में प्रखंड के 353 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम की देखरेख में किया गया। बीइओ ने बताया कि कल्याण विभाग से प्रदत्त साइकिल प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय तेंदुआ, कटैया, खड़गपुर, कोठिला, एमएस हरिहरगंज, सियरभूका, कोल्हुआडा आदि विद्यालय के छात्राओं को दी गयी। ये सभी वर्ग आठ के विद्यार्थी हैं।

### अपर समाहर्ता व एसडीएम ने रैयतों के साथ किया विमर्श

**सतबरवा।** सतबरवा सीओ कार्यालय में अपर समाहर्ता पलामू कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को 20 गांव के रैयतों की बनी कमेटी के साथ बैठक किया गया। बैठक में रैयतों का मांग पूरा नहीं हुआ। बैठक असफल रहा अधिकारी व एनएचएआई ने कहा कि दूसरा नोटिस हो चुका है तीसरा नोटिस होने के बाद काम लगेगा। रैयतों का कहना है कि जब तक मुआवजे की राशि बढ़ाकर नहीं दी जाएगी तब तक काम नहीं करने देंगे। हम लोग हार नहीं मानेंगे जरूरत पड़ी तो राजपाल के यहां जाएंगे। बैठक में भू-अर्जन पदाधिकारी कामदेनु टुडू, सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, रैयतों की कमेटी के साथ बाहर में सैकड़ो रैयत मौजूद थे।

## हैदरनगर के आठ पंचायतों की कहानी

# दो दिनों में मात्र 240 लोगों का ही बन पाया आयुष्मान कार्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू उपायुक्त के आदेश के बाद हैदरनगर प्रखंड में 21 जून से सभी पंचायतों में तीन दिवसीय आयुष्मान कार्ड बनाने का काम प्रारंभ हुआ लेकिन विभिन्न तकनीकी कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। दो दिनों में प्रखंड के आठ पंचायतों में मात्र 240 लोगों का ही आयुष्मान कार्ड बन सका है। इस योजना से अधिकांश जरूरतमंदों को आच्छादित नहीं किया जा सका। हुसैनाबाद के सीएचसी प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार को हैदरनगर पूर्वी, संड़ेंया व बरडंडा पंचायत में कैंप लगाया गया था। लेकिन सर्वर के ठीक से काम नहीं करने से वास्तवीक कार्य प्रगति शून्य रहा। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आच्छादन से वंचित ग्रामीणों व पंचायत के लिए फिर 25 जून से काम शुरू किया जायेगा। उधर सीएचसी के बीपीएम विभूति कुमार ने बताया कि तय तिथि के अनुसार 21 जून को हैदरनगर प्रखंड के तीन पंचायत सचिवालय में कैंप तो लगाया गया। लेकिन सर्वर खराब रहने से इस कार्य में सफलता नहीं मिली। इससे शत प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने में परेशानी हुई। उन्होंने प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों से इस कार्य में सहयोग कर अधिक से अधिक ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनवाने का आग्रह किया। पांच वर्षों के लिये मान्य इस कार्ड से पांच लाख रुपये तक का गरीबों का मुफ्त इलाज हो सकेगा।

**22 जून** को बरडंडा में 2, हैदरनगर पूर्वी 69, संड़ेया 16 जबकि 23 जून को बभंडी में 44, परता 17, खरगाड़ा 38 चौकड़ी 19 और हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में 35 लोगों का ही कार्ड बन सका। हालांकि इस कार्य की सफलता में संबधित पंचायत के स्वास्थ्य सहिया, सीएससी केन्द्र के संचालकों को लगाया गया है। बावजूद उत्साहवर्धक परिणाम का प्रदर्शन सामने नहीं आया है।

**अमरेश कुमार- प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (हैदरनगर)**

## पुलिस ने एक क्विंटल जावा महुआ किया नष्ट



**केतार।** केतार पुलिस ने सोमवार को थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के नेतृत्व में दासीपुर गांव में अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक घर से लगभग एक क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं शराब कारोबार में संलिप्त लोग पुलिस की आने की भनक लगते ही भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी अरूण कुमार ने कहा की किसी भी हाल में थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार संचालित नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने शराब बनाने वाले लोगों को इस कार्य को छोड़ने को कहा। अन्यथा चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## आंगनबाड़ी सेविका चयन का ग्रामीणों ने किया विरोध, ग्रामसभा स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के गनियारी कला गांव में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका का चयन के लिए ग्राम सभा आयोजित की गई थी। ग्राम सभा में कुल 8 कैंडिडेट ने कागजात जमा किया गया। वहीं कुछ कैंडिडेट का शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के होने से ग्रामीणों में आक्रोश हो गया। जो ग्रामीणों ने स्थानीय कैंडिडेट को प्राथमिकता देने की बात कही। जबकि सबिता कुमारी का 35% एवं अन्य का 29%, 18,17,11 था। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सबिता कुमारी का मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट का आवेदिकाओं का प्रमाण पत्र फर्जी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा की अन्य राज्यों में शिक्षा ग्रहण करने वाले से ज्यादा प्राथमिकता झारखंड वालों को होनी चाहिए। वही जिस जमीन में



आंगनवाड़ी बना हुआ है उस जमीन का मालिक का कहना है कि मेरा जमीन है मेरा होना चाहिए। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा दूसरे राज्य के प्रमाण पत्रों पर आरोप लगाया गया है जो जांच का विषय है जांच कर अग्रतार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, उप मुखिया प्रतिनिधि तौसीफ राजा पंचायत समिति सदस्य पति अशोक सिंह, कुर्बान अंसारी विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, राम प्रवेश गुप्ता,आदीत्य सिंह, एवं काफी संख्या में महिलाएं पुरुष शमिल थे।

## आपसी विवाद के बाद मां-बेटे ने खाया जहर

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के काली गांव में सोमवार को मां व नाबालिग बेटे के बीच हुए मामूली विवाद में दोनो ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद दोनो की तबियत बिगड़ गयी। जिसके बाद मां किमली देवी व बेटे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां डॉक्टर मनोज कुमार की देखरेख में दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया कि दोनो की स्थिति नियंत्रण में है व खतरे से बाहर हैं। दोनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मां किमली देवी और 13 वर्षीय पुत्र के बीच किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के बाद मां बेटे दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसके बाद दोनो की तबियत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा दोनो को इलाज चंदवा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# पलामू पुलिस जवान की दिल्ली एम्स में मौत

### इलाज के लिए किया गया था एयरलिफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू पुलिस जवान के घायल जवान नित्यानंद महतो की दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। कुछ दिन पहले नित्यानंद महतो को रांची के एक निजी अस्पताल से एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। नित्यानंद महतो बोकारो के चंदनकियारी के रहने वाले थे। दरअसल, लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन सुबह-सुबह पलामू पुलिस लाइन से जवानों को मतगणना केंद्र भेजा जा रहा था। इसी क्रम में पुलिस लाइन में एक पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गए। नित्यानंद महतो के सिर में गंभीर चोट लग गई। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली एयरलिफ्ट किया गया। जहां दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि जवान नित्यानंद महतो का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव में किया जा रहा है। नित्यानंद महतो लोकसभा चुनाव के दौरान हादसे का शिकार हो गए थे।



नित्यानंद महतो की दिल्ली एम्स में मौत हो गई। उनका अंतिम संस्कार बोकारो स्थित उनके पैतृक गांव में किया जाएगा। जवान को बोकारो में सलामी दी गई। इस बीच पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के सदस्य बोकारो पहुंच गए हैं।

**-रिष्मा रमेशन, एसपी, पलामू।**

## सिविल सर्जन ने हरिहरगंज सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने को लेकर सिविल सर्जन ने सीएचसी केंद्र में चिकित्सकों एवं कर्मीयों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया है। सिविल सर्जन ने बताया कि अस्पताल को बेहतर बनाने एवं लोगों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा देने को लेकर चर्चा हुयी है। बैठक के दौरान चिकित्सा पदाधिकारी ने सीएस को महिला चिकित्सक व सर्जन की आवश्यकता रहने की बात बताई है। इसपर सिविल सर्जन ने उपायुक्त पलामू से चर्चा कर समाधान निकालने की बात कही। साथ ही उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई नियमित रूप से करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जो भी कमी होगी उसको जल्द दूर करने का प्रयास किया जायेगा। निरीक्षण टीम में संतोष कुमार, आलोक सिंह, नाजमीन शामिल थें। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ। राजेश कुशवाहा, डॉ गोपाल प्रसाद, बीपीएम संजय कुमार सिंह एवं अन्य कर्मी उपस्थित थें।

### लाधुप में जंगली हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

# 3 घर क्षतिग्रस्त, चट कर गए अनाज

- *लाधुप पंचायत अंतर्गत दूधिमाटी के पथलाही टोला में बीती रात की घटना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के लाधूप पंचायत के दूधिमाटी गांव के पथलाही टोला में रविवार की देर रात जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथी ने पथलाही टोला निवासी पैरवा देवी,दिनेश गंझू और सुधु गंझू के घर को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। घर मे रखे मकई,धान, चावल और गैंहू को खा गया। इसके अलावा घर मे रखे सामानों को भी क्षति पहुंचाई है। भुक्तभोगी परिवारों ने बताया कि रविवार रात हमलोग अपने घर मे सोये हुए थे तभी अचानक आधी रात को एक अकेला हाथी आ धमका और घरों में तोड़ फोड़ शुरू कर दिया। हम लोगो ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी परिवार से मिलकर पंचायत समिति सदस्य पति सह समाजसेवी बुधन गंझू ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। रात में ही ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से हाथी को गांव से दूर भगाया।



### हाथी के आतंक से भयभीत हैं ग्रामीण

चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में पिछले कुछ वर्षों से जंगली हाथियों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। हाथियों ने अब तक कई ग्रामीणों की जान तक ले ली है और उनके हमले से कई लोग घायल हो चुके हैं, आखिर ग्रामीण जाएं तो कहां जाए। हमेशा इनपर जान का खतरा बना रहता है। रात-रात भर जागकर पहरा देते हैं। वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके विभाग कोई ठोस कदम नही उठा रही है।

# किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर मिलेंगे उन्नत किस्मों के बीज

- *इस वर्ष जिले में बिरसा फसल विस्तार योजना की भी शुरूआत हो रही है*
- *लैंप्स और पैक्स के माध्यम से 3600 क्विंटल धान के बीज वितरित होंगे*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अच्छी पैदावार के लिए सरकार की ओर से किसानों को हर वर्ष उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराये जाते हैं। इसका लाभ सभी किसान उठा सकें इसके लिए इन बीजों पर सरकार की ओर से अनुदान भी दिया जाता है। पिछले दो वर्षों से मौसम की मार के कारण आर्थिक समस्या से जूझ रहे किसानों को इस वर्ष कृषि विभाग की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराई जाएगी। इसके



अलावा इस वर्ष जिले में बिरसा फसल विस्तार योजना की भी शुरूआत की जा रही है, जिसके तहत चयनित किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराई जाएगी। लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। गत दो वर्ष से कम बारिश से परेशान किसानों के लिए अच्छी खबर है। मौसम विभाग ने इस वर्ष अच्छी बारिश की संभावना जताई है। पिछले दो वर्षों के आर्थिक नुकसान के कारण किसान महंगा बीज लेने में खुद को असमर्थ पा रहे हैं। लातेहार जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि किसानों की मदद के लिए ही विभाग उन्हें धान, मक्का, अरहर, राई, ज्वार समेत अन्य फसलों के बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध करा रही है।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि सामान्य तौर पर लातेहार कृषि विभाग के द्वारा जिले में स्थित विभिन्न लैंप्स और पैक्स के माध्यम से लगभग 3600 क्विंटल धान के बीज, 200 क्विंटल मक्का,100 क्विंटल मूंगफली, 100 क्विंटल अरहर, 100 क्विंटल रागी, 50 क्विंटल ज्वार आदि बीज का वितरण 50 प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। इसके अलावा जिले में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत नए क्षेत्र में खेती को बढ़ावा देने के लिए धान, मक्का समेत अन्य फसल के बीज शत-प्रतिशत अनुदान पर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### बीज की गुणवत्ता अत्यंत उच्च क्वालिटी की

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा जो बीज किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता अत्यंत उच्च क्वालिटी की होती है। विभाग द्वारा किसानों को जो भी बीज उपलब्ध कराए जाते हैं, वह कई वैज्ञानिक प्रयोग से गुजर कर आते हैं, जिस कारण फसलों का उत्पादन बंपर होता है। उन्होंने बताया कि लातेहार कृषि विभाग के द्वारा किसानों को हर प्रकार से मदद देने के लिए तैयारी की गई है।

## गोविंद भवन में विशेष सत्संग गोष्ठी का हआ आयोजन

**मेदिनीनगर।** विहंगम योग संत समाज ने नित्य अनादि सदगुरु का प्राकट्य दिवस मनाया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित गोविंद भवन में विशेष सत्संग गोष्ठी का आयोजन हुआ। भक्तजनों ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ फूलमाला अर्पित कर सदगुरुदेव की पूजा अर्चना किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने नित्य अनादि सदगुरु की महान महिमा का बखान किया। मुख्य अतिथि प्रचारक रविंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि सदगुरु चार प्रकार के होते हैं। नित्य अनादि सदगुरु चारों युगों में प्रकट होते हैं और जगजीवों के कल्याण के लिए ब्रह्मविद्या का उपदेश कर सत्मार्ग दिखाते हैं। सदगुरु की कृपा से ही ईश्वर प्राप्ति का दुर्लभ ज्ञान प्राप्त होता है। भूले हुए जग जीवों को परमात्मा का साक्षात्कार कराकर अमरलोक पहुंचाना ही सदगुरु का कार्य है। जीवन के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए श्रद्धा और समर्पण भाव के साथ ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए।

## पेज एक के शेष

### घरेलू सामान हुआ सस्ता : पीएम

घरेलू सामान के सस्ता होने से लोगों पर आर्थिक बोझ कम हुआ और लोगों की बचत करने की क्षमता में भी सुधार हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक्स पर लिखा कि अधिकांश घरेलू सामान जीएसटी के दायरे में आने के बाद सस्ते हुए हैं। इससे पहले शनिवार को जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री निर्मला ने कहा था, ह्यह्लमैं करदाताओं को आश्वस्त करना चाहती हूं कि हमारा इरादा जीएसटी करदाताओं के जीवन को आसान बनाना है ह्यह्ल हम सिस्टम की जटिलताओं को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### आटा, दही, छाछ, शहद, कॉस्मेटिक, टेलीविजन, पंखा, कूलर और रेफ्रिजरेटर हुए सस्ते

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, जीएसटी लागू होने के बाद घरों में उपयोग होने वाली कई वस्तुओं जैसे आटा, कॉस्मेटिक, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर आदि की कीमतों में कमी आई है। सीबीआईसी के आंकड़ों के मुताबिक, जीएसटी आने से पहले आटे, दही एवं छाछ और शहद पर क्रमशः 3.5 प्रतिशत, 4 प्रतिशत और 6 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो अब शून्य हो गया है। वहीं, कॉस्मेटिक और डिटर्जेंट पर 28 प्रतिशत, हेयर ऑयल, साबुन और टूथपेस्ट पर 27 प्रतिशत टैक्स लगता था। जीएसटी आने के बाद इन उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगता है। जीएसटी आने से पहले एलपीजी चूल्हे पर 21 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो कि अब घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। सीबीआईसी द्वारा आंकड़ों में बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, पंखा, वाटर कूलर और फर्नीचर पर जीएसटी लागू होने से पहले 31.3 प्रतिशत टैक्स लगता था, जो अब घटकर 18 प्रतिशत हो गया है।

**प्रधानमंत्री मोदी सहित मंत्रिपरिषद ने ली शपथ :** इसके बाद नेता सदन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ग्रहण की। नई संसद में पहले शपथ ग्रहण समारोह से पहले सुबह राष्ट्रपति भवन में महताब को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई। राष्ट्रपति ने महताब को सहयोग करने के लिए पैनल भी तय किया था। इसमें कोडिकुन्नील सुरेश, टीआर बालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंदोपाध्याय का नाम शामिल था। इन्हें प्रधानमंत्री के बाद शपथ दिलाई जानी थी, लेकिन विपक्षी सदस्यों कोडिकुन्नील सुरेश, टीआरबालू और सुदीप बंदोपाध्याय शपथ के समय सदन में उपस्थित नहीं थे। बाकी तीनों पैनल सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इसके बाद कैबिनेट मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी सहित एक-एक कर सबने शपथ ली। कैबिनेट के बाद स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों और राज्यमंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद अल्फाबेटिकल क्रम में राज्यों के सासंदों को शपथ दिलायी गई। मंगलवार को भी सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा, जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है इसके पूरा होने के कुछ दिनों के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।

### वनपट्टा आवेदन रद्द करने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ वीर, अबुआ दिशोम अभियान के प्रत्येक बिंदुओं पर आज के इस कार्यशाला में विस्तृत चर्चा हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह कार्यशाला झारखंड के लिए ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होगा। आज इस कार्यशाला में हम सभी जिम्मेदार लोग एकत्रित हुए हैं और हम सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन तत्परता और पूरी ईमानदारी के साथ करना पड़ेगा, तभी वन अधिकार अधिनियम कानून का लाभ यहां के आदिवासी और मूलवासी परिवारों को मिल सकेगा।

**18 साल बाद भी आदिवासी-मूलवासी अधिकार से वंचित : मंत्री दीपक**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि आज के इस कार्यशाला में एक गंभीर विषय पर हमसभी लोग चिंतन कर रहे हैं। वन अधिकार अधिनियम कानून वन क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को संरक्षित करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। वर्तमान समय में वन अधिकार अधिनियम कानून के उद्देश्य और भावनाओं को गहराई से समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम कानून वर्ष 2006 में बना, बावजूद उसके 18 साल बीत जाने के बाद भी आज हमसभी लोग इस कानून का पूरा लाभ यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को नहीं प्रदान कर सके हैं यह एक सोचनीय विषय है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कार्यशैली में बदलाव लाकर तथा सकारात्मक मानसिकता के साथ वन अधिकार अधिनियम कानून के प्रावधानों को लागू करने की अपील की। आयोजित कार्यशाला में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग वंदना दादेल, विभागीय सचिव कृपानंद झा, सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, सभी ज़िलों के उपायुक्त एवं ज़िला वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### लातेहार में टीएसपीसी नक्सली संगठन के सात नक्सली गिरफ्तार

लातेहार थाना क्षेत्र के आसपास पिछले कुछ दिनों से टीएसपीसी संगठन के नाम पर व्यवसायियों,भट्ठा संचालकों से रंगदारी की मांग की जा रही थी। कुछ व्यवसायियों के द्वारा जब इसकी शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस की टीम उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी आरंभ कर दी।

### भूमिगत कोयला गैसीकरण के लिए झारखंड में पायलट परियोजना शुरू

कास्ता कोयला ब्लॉक में भूमिगत कोयला गैसीकरण (यूसीजी) के लिए एक अभिनव पायलट परियोजना की शुरूआत की है। दिसंबर 2015 में कोयला मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट युक्त क्षेत्रों में यूसीजी के लिए एक व्यापक नीतिगत प्रारूप को स्वीकृति दी थी। इस नीति के अनुरूप कोल इंडिया ने भारतीय भू-खनन स्थितियों के अनुरूप यूसीजी प्रौद्योगिकी को लागू करने के लिए कस्ता कोयला ब्लॉक का चयन किया। ईसीएल द्वारा सीएमपीडीआई रांची और कनाडा की एर्गो एक्सर्जी टेक्नोलॉजीज इंक (ईईटीआई) के सहयोग से प्रबंधित यह परियोजना दो वर्ष तक संचालित की जाएगी और इसमें दो चरण शामिल हैं। 22 जून 2024 को प्रारंभ हुए प्रथम चरण में बोरहोल ड्रिलिंग और कोर टेस्टिंग के माध्यम से तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना शामिल है। दूसरे चरण में कोयला गैसीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### प्रथम तल पर जुलाई अंत में हो जाएगी राम दरबार की स्थापना

पहली मंजिल भगवान राम को समर्पित है। यहीं राम दरबार स्थापित किया जाएगा। दूसरी मंजिल भगवान हनुमान को समर्पित है, और तीसरी मंजिल अयोध्या के इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित करने वाला एक संग्रहालय है। तीन मंजिला राम मंदिर में हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट होगी। इसके ग्राउंड फ्लोर पर 160 खंभे होंगे वहीं राम मंदिर में कुल 392 खंभे होंगे। इसके अलावा राम मंदिर में कुल 44 भव्य और बड़े दरवाजे भी होंगे। मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर गर्भगृह होगा। इसमें भगवान श्री राम के बाल स्वरूप के दर्शन होंगे। राम मंदिर का निर्माण 9 महीने में पूरा कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 1000 से भी अधिक मजदूर राम मंदिर के निर्माण कार्य में दिन रात जुटे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# विपक्षी सांसदों ने संविधान की प्रति ले लोस में ली शपथ

## लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने भी हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के कुछ सांसदों ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर लोकसभा में संसद सदस्यता की शपथ ली। अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली। रकीबुल हुसैन जो कि असम की धुबरी से चुने गए हैं, उन्होंने भी लोकसभा सदस्य की शपथ लेते समय हाथ में संविधान की कॉपी पकड़ी हुई थी। इसी तरह झारखंड की लोहरदगा सीट से कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने भी हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। कांग्रेस के कई अन्य सांसदों ने सोमवार को संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। इनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा शामिल रहे। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री संविधान पर आक्रमण कर रहे हैं। यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है, हम ऐसा होने नहीं देंगे। इसीलिए हमने शपथ लेते हुए संविधान को पकड़ा है। संदेश जा रहा है। हिंदुस्?तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का मजबूत विपक्ष अपना दबाव जारी रखेगा, लोगों की आवाज उठाएगा और प्रधानमंत्री को बिना जवाबदेही बचकर निकलने नहीं देगा। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन के कई सांसदों ने सोमवार को संसद परिसर में संविधान की प्रति के साथ प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके समेत इंडिया गठबंधन के विभिन्न दल शामिल रहे।

इस दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व अन्य विपक्षी नेताओं ने 'संविधान की रक्षा हम करेंगे' व 'लोकतंत्र जिंदाबाद' के नारे लगाए। सदन का नेता होने के नाते सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शपथ दिलाई गई। प्रधानमंत्री के उपरांत कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश का नाम पुकारा गया। लेकिन, वह सदन में मौजूद नहीं थे। सुरेश आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। इसी के चलते उन्हें प्रोटेम स्पीकर की सहायता के लिए भी नियुक्त किया गया है। प्रोटेम स्पीकर की अनुपस्थिति में सुरेश को नए सांसदों को शपथ दिलानी थी। हालांकि, कांग्रेस का कहना है कि प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति में सुरेश की वरिष्ठता को नजरअंदाज किया गया।

## अपनी मां की तरह बांसुरी स्वराज ने संस्कृत में ली सांसद पद की शपथ



दिवंगत विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज ने संस्कृत भाषा में शपथ ली। इससे पहले सुषमा स्वराज जब साल 2014 में विदिशा लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित हुई थी तब उन्होंने भी बतौर संसद सदस्य संस्कृत में शपथ ली थी। बांसुरी स्वराज ने अपने पहले लोकसभा चुनाव में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। उन्होंने हिंदी में शपथ ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

### संविधान पर हमला स्वीकार नहीं : राहुल गांधी

नई सरकार के गठन के बाद लोकसभा का 18वीं सत्र आज से शुरू हो गया। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कैबिनेट मंत्रियों और विपक्षी सदस्यों को शपथ दिलाई। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर हमला स्वीकार नहीं है।

## ब्रिफ न्यूज़

### सोनाक्षी और जहीर ने किया रोमांटिक डांस, काटा वेडिंग केक



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने रविवार को परिवार वालों की मौजूदगी में कोर्ट मैरिज की। इसके बाद कपल ने ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी भी होस्ट की। इस पार्टी की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में कपल डांस करते नजर आ रहे हैं। सोनाक्षी ने 'तेरे मस्त मस्त दो नैन', 'चिकनी कमर', 'छैया छैया' और 'आफरीन' जैसे पॉपुलर सॉन्ग पर डांस किया। मुंबई के लिंकिंग रोड पर स्थित बास्टियन रेस्टोरेंट में रिसेप्शन पार्टी रखी गई। लुक की बात करें तो सोनाक्षी ने सुर्ख लाल रंग की बनारसी सिल्क ब्रोकेड साड़ी पहनी हुई थी। उसमें गोल्डन कढ़ाई का वर्क था। यह एथिनिक फैशन लेबल 'रॉ मैंगो' के कलेक्शन से ली गई थी।

### केरल का नाम बदल 'केरलम' करने का प्रस्ताव फिर से पास

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया गया। सोमवार को यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने पेश किया। प्रस्ताव के मुताबिक केरल का नाम केरलम कर दिया जाएगा। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र के पास भेजा जाएगा। बता दें कि पिछले वर्ष 9 अगस्त को इसी प्रकार का एक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर केंद्र को भेजा गया था, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्यों के नाम में संशोधन के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई थी।

### सरकार बनने के बाद हिमाचल पहुंची 16वें वित्त आयोग की टीम

**शिमला।** लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक और केंद्र में नई सरकार बनने के बाद 16वें वित्त आयोग की टीम हिमाचल प्रदेश के शिमला पहुंची। वित्त आयोग की टीम के शिमला पहुंचने के बाद वित्तीय संकट से जूझ रही सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को एक आस बंधी है। सोमवार को आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में 16वें वित्त आयोग की बैठक हुई। हिमाचल के लगातार बढ़ रहे राजस्व घाटे को देखते हुए सरकार ने वित्त आयोग के समक्ष राज्य के हितों की पैरवी की ताकि नया वित्त आयोग केंद्र के समक्ष ग्रांट को बढ़ाने की सिफारिश कर सके।

### अफगानिस्तान में भूस्खलन से सात लोगों की हुई मौत



**काबूल।** पूर्वी अफगानिस्तान के पक्तिया प्रांत के एक गांव में भूस्खलन से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। सरकारी समाचार एजेंसी बख्तार ने सोमवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, प्रांत के जनिखैल जिले के जकोरगोर गांव में रविवार रात आई प्राकृतिक आपदा में एक घर बह गया। अफगानिस्तान के सुदूर इलाकों में आज भी ज्यादातर लोग मिट्टी के घरों में रहते हैं। इस कारण भारी बारिश, हिमपात और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय उन्हें नुकसान की आशंका बनी रहती है।

## सरोगेसी से मां बनने वाली महिलाओं को भी मिलेगी 6 महीने की छुट्टी

-आरपी सिंह



▸ प्राइवेट कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं के लिए सरकार यह लागू करे

**नई दिल्ली।** नौकरीपेशा महिलाओं द्वारा बहुत समय से सरोगेसी के लिए अवकाश की मांग किये जाने के बाद अब सरकार के कान पर जूं रेंगा है। लेकिन इसमें प्राइवेट कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं को भी शामिल करना चाहिए। केन्द्र सरकार ने नियम में संशोधन करके नया नियम बनाया है कि अब सरकारी महिला कर्मचारी सरोगेसी से मां बनने पर भी छह महीने का मातृत्व अवकाश ले सकेंगी। केंद्र सरकार ने इस मामले में 50 साल पुराने नियम में संशोधन कर दिया है। केन्द्र सरकार ने सरोगेसी के मामले में महिला कर्मियों को 6 महीने के मातृत्व अवकाश की अनुमति देने के लिए नियमों में संशोधन किया। सरोगेसी का मतलब किराए पर ली गई कोख के जरिये बच्चे को जन्म देना होता है। केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) नियमावली, 1972 में किए गए बदलावों के मुताबिक मां (सरोगेसी के जरिये पालने वाली मां) बच्चे की देखभाल के लिए अवकाश ले सकती है। बच्चे के पिता भी 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकता है।

## नेतन्याहू ने कहा, गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होगी

एजेंसी



**यरूशलेम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खिलाफ गाजा में भीषण लड़ाई जल्द खत्म होने वाली है। इजरायली चैनल 14 टीवी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि "रफा में युद्ध समाप्त होने वाला है"। साथ ही उन्होंने कहा, पूरी गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त होने के "बहुत करीब" है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि नेतन्याहू ने साथ ही ये भी कहा है कि इसका मतलब ये नहीं है कि गाजा पट्टी में चल रहे हमास के साथ संघर्ष का अंत हो जाएगा। हमास के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। नेतन्याहू ने लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के खिलाफ युद्ध शुरू करने की इजरायल की चेतावनियों का जिक्र करते हुए कहा, गाजा में युद्ध समाप्त होने के बाद, "हम उत्तर की ओर बढ़ना जारी रखेंगे।" उन्होंने कहा कि इजरायल-लेबनान सीमा पर युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए कोई भी समझौता "हमारी शर्तों पर होगा।" इजरायल के उत्तर में हिजबुल्लाह-इजरायल के बीच 7 अक्टूबर, 2023 से गोलीबारी चल रही है। उन्होंने कहा कि वह केवल इस समझौते पर सहमत होंगे कि गाजा पट्टी में हमास को पूरी तरह से सत्ता से हटा दिया जाएगा और लगभग 100 बंधकों को रिहा किया जाएगा।

## गया में मंगलवार से आयोजित होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली

एजेंसी

**गया।** बिहार के गया जिले में बीएमपी 3 मैदान में मंगलवार से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। 5 दिवसीय इस रैली की शुरूआत 25 जून को होगी, जबकि समापन 29 जून को होगा। सेना भर्ती के निदेशक कर्नल राहुल द्विवेदी ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती में बिहार के 11 जिलों से शॉर्टलिस्ट किए गए पुरुष उम्मीदवार भाग लेंगे। इसमें औरंगाबाद,अरवल, जमुई, रोहतास, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा और शेखपुरा जिले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सेना भर्ती रैली के दौरान प्राथमिक चिकित्सा, विधि व्यवस्था, आपातकालीन चिकित्सा जिला प्रशासन की ओर से किया जाएगा। अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 22 अप्रैल 2024 से 4 मई 2024 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें चुने गए उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। अग्निवीर योजना के तहत चार साल के लिए जवानों की भर्ती की जाती है। इस प्रक्रिया में सेना की सभी शाखा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी शामिल होती हैं। इसके तहत भर्ती होने वाले जवानों को अग्निवीर कहा जाता है।

## गडकरी के मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी मांगी

▸ यह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाईवे बनाने के लिए है

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सबसे ज्यादा और पक्ष-विपक्ष सबका काम काम करने के लिए प्रसिद्ध केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कैबिनेट से 22 लाख करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी मांगी है। यह 2031-32 तक देश में 30,600 किलोमीटर हाईवे बनाने के लिए है। यह प्लान वित्त मंत्रालय को सौंपा गया है। इस प्लान के मुताबिक, पूरे देश में 18 हजार किलोमीटर एक्सप्रेस वे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। इसके अलावा शहरों के आसपास 4 हजार किलोमीटर हाईवे को जाम मुक्त करने का भी प्लान है। वहीं सीमांत इलाकों में भी सड़क बनाने की योजनाएं हैं, जो रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम हैं। गडकरी के मंत्रालय की योजना के मुताबिक, इसमें 25 प्रतिशत रकम प्राइवेट सेक्टर से आएगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार, दो चरणों में योजना तैयार की गई है। पहले राउंड के तहत 2028-29 तक सभी टेंडर जारी हो जाएंगे और उन पर 2031 तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इन प्रोजेक्ट्स में 22 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगेगी। मंत्रालय ने सालाना 10 प्रतिशत बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की है। ताकि परियोजनाओं को समय पर सुचारू रूप से पूरा किया जा सके। मालूम हो कि सरकार ने अंतरिम बजट में हाईवे मिनिस्ट्री को 2.78 लाख करोड़ का बजट आवंटित किया था। यह बीते वित्त वर्ष की तुलना में 2.7 प्रतिशत ज्यादा था। सड़क परिवहन मंत्रालय ने दूसरे चरण की जो योजना तैयार की है, उसके तहत 28,400 किलोमीटर हाइवे बनेगा। इस प्लान के तहत पूरी कार्ययोजना और टेंडर का काम 2033-34 तक निपटा लिया जाएगा और इन पर काम 2036-37 तक निपटा लिया जाएगा।

## आतिशी का स्वास्थ्य बिगड़ा, भर्ती होने की सलाह

▸ आतिशी का कहना है, मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है।

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संकट को लेकर अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है। अनशन के चौथे दिन सोमवार को एलएनजेपी के चिकित्सकों ने आतिशी के स्वास्थ्य की जांच की। उनके स्वास्थ्य में भारी गिरावट को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। आतिशी का कहना है, मेरी जान से ज्यादा दिल्ली की जनता को पानी दिलाना जरूरी है। जब तक दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, उनका अनशन जारी रहेगा। 21 जून से दिल्ली की जलमंत्री आतिशी 28 लाख दिल्लीवालों को हरियाणा से उनके हक का पानी दिलाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। सोमवार को अनशन के चौथे दिन लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम ने उनके स्वास्थ्य की जांच की।

## रूस में आतंकी हमले में 15 पुलिस अधिकारी मारे गए

▸ दागेस्तान रूस के सबसे अधिक विविधता वाला क्षेत्र है, जहां अलग-अलग भाषा और नस्ल के लोग रहते हैं।

एजेंसी




**मास्को।** रूस के दक्षिणी दागेस्तान गणराज्य में हुए सिलसिलेवार आतंकी हमलों में कम से कम 15 पुलिस अधिकारी मारे गए। स्थानीय अधिकारियों के हवाले से आरआईए नोवोस्ती ने ये जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकियों ने चर्च, पुलिस चौकी और यहूदियों के पूजा स्थल सिनेगॉग पर गोलीबारी की। इस हमले में कई नागरिकों के हताहत होने की खबर है। दागेस्तान गणराज्य के प्रमुख सर्गेई मेलिकोव ने कहा कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार डर्बेंट में सिनेगॉग में हमलों के दौरान लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है। मेलिकोव ने सोशल मीडिया पर बताया, ''इसमें छह सशस्त्र हमलावर मारे गए हैं। कानून प्रवर्तन अधिकारी तब तक तलाश जारी रखेंगे जब तक कि आतंकवादी हमलों में शामिल सभी लोगों को पकड़ नहीं लिया जाता।

राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी समिति के अनुसार रूसी जांच समिति ने आतंकवादी हमलों और गोलीबारी से संबंधित कानून के तहत केस दर्ज किए हैं और साथ ही दागेस्तान में आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। दागेस्तान रूस के सबसे अधिक विविधता वाला क्षेत्र है, जहां अलग-अलग भाषा और नस्ल के लोग रहते हैं। समाचार एजेंसी ने बताया, ''हमलों के बाद रूस के यहूदी समुदाय संघ ने लोगों से आग्रह किया कि वे दागेस्तान में हुए हमल पर कोई प्रतिक्रिया न दें। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, माखचकाला और डर्बेंट में सभी मनोरंजन कार्यक्रम अगली सूचना तक रद्द कर दिए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 22 मार्च को मास्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकवादी हमले के बाद ये दूसरी ऐसी घटना है। क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकी हमले में कम से कम 144 लोगों की मौत हो गई थी, और 551 लोग घायल हो गए थे।

